हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024 | वर्ष : 12 अंक : 144 | www.koylanchalsamvad.com | रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## हर झारखण्डी का अपना आवास

# अबुआ आवास



बहुत तकलीफ में थे। मिट्टी का पूरा घर बारिश में टपकता था। मुझे फिर अबुआ आवास मिला। इसकी तीसरी किश्त मुझे मिल गयी है। जल्द मेरा घर भी बन जायेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी का बहुत-बहुत आभार, जोहार।

**उर्मिला देवी, हजारीबाग**

## अबुआ आवास योजना
### अंतर्गत

# 25 लाख+
## परिवारों को आवास

**8 लाख** आवास पर शुरू हुआ काम

**तीन कमरों** का पक्का मकान एवं रसोई घर का हो रहा निर्माण

**₹2 लाख** की सहायता राशि मिल रही प्रति आवास



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 338157 (IPRD) 2024-25

## अस्पताल में घुसकर कंपाउंडर को मारी गोली

समस्तीपुर. समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के आईबी रोड में शुक्रवार रात बदमाशों ने एक निजी अस्पताल के कंपाउंडर को गोली मारकर जख्मी कर दिया। कंपाउंडर के दाहिने जांघ में गोली लगी है, जो आरपार हो गई है। जख्मी कंपाउंडर दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के ही आईबी रोड निवासी हरिओम कुमार हैं। घटना की सूचना पर जख्मी को सहकर्मियों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाशों की संख्या चार बताई गई है। जो पैदल ही आए थे और घटना को अंजाम देने के बाद पैदल ही फरार हो गए। जख्मी कंपाउंडर हरिओम कुमार ने बताया कि वे शहर के इमरजेंसी विष्णु हॉस्पिटल में काम करते हैं। रात करीब डेढ़ बजे अपने हॉस्पिटल में सहकर्मियों के साथ बैठे थे।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, घरवालों ने कराई शादी

औरंगाबाद. औरंगाबाद जिले के फेसर थाना क्षेत्र के परसी गांव में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को लड़की के घरवाले और ग्रामीणों ने शनिवार को शादी करा दी। ग्रामीणों ने शादी के समय का वीडियो बना लिया। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस अनोखी शादी की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। प्रेमी जोड़े की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के डेगंरा गांव निवासी संदीप कुमार कुमार और फेसर थाना क्षेत्र के परसी बिगहा निवासी अमृता कुमारी के रूप में हुई है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि दोनों के बीच पिछले 4 सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी अक्सर प्रेमिका से मिलने उसके घर आया करता था। दोनों गांव के बाहर खेत में भी मिला करते थे।

## पटना में बीपीएससी की तैयारी कर रही थी, सुसाइड नोट में लिखा- जीवन से तंग आ गई हूं

सहरसा. पटना में खान सर की कोचिंग में पढ़ने वाली एक स्टूडेंट ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्रा ढाई साल से बीपीएससी की तैयारी कर रही थी। वो कदमकुआं थाना क्षेत्र के मुसल्लहपुर स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज गली में किराए के घर में रहती थी। इसी घर में फंदे से लटका उसका शव मिला है। 23 साल की नूतन सहरसा के सौर बाजार की रहने वाली है। घटना शुक्रवार रात की है। नूतन के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि वो जीवन से तंग आ गई है। पुलिस के अनुसार, नूतन अपनी एक सहेली के साथ इस कमरे में रहती थी। छात्रा के परिवार वाले पटना पहुंचे हुए हैं। शव को सहरसा ले जाने की तैयारी है। उसने पंखे में फंदा लगाकर अपनी जान दी है। साथ में एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसमें लिखा है कि वो जीवन से तंग आ गई है। घटना कदमकुआं थाना क्षेत्र के मुसल्लहपुर स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज गली की है। पटना में किराये के कमरे में रह रही थी। बीपीएससी की तैयारी कर रही थी और खान सर के क्लास में पढ़ती थी।

## चलती बस में चालक को आया हार्ट अटैक, मौत

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर में शनिवार को चलती बस में चालक की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। चालक ने अपनी सूझबूझ से मौत से पहले किसी तरह बस को रोक लिया। इस वजह से बस में सवार 30 यात्रियों की जान बच गई। घटना के सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। दरअसल,कामाख्या ट्रेवल्स की ये बस किशनगंज से पटना जा रही थी। ड्राइवर को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। चालक की मौत ड्राइविंग सीट पर ही हो गई। दम तोड़ने से पहले चालक ने दर्द में ही यात्रियों की जान बचाई। मृतक चालक की पहचान पटना जिले के मीठापुर थाना के मुन्ना नेपाली (60) के रूप में हुई है।

## बौद्ध कालीन स्थल लाली पहाड़ी पर कायाकल्प का काम शुरू:लखीसराय में डीएम ने दिए कई निर्देश

लखीसराय. लखीसराय के बौद्ध कालीन स्थल लाली पहाड़ी पर 2.47 करोड़ की लागत से कायाकल्प होने का काम शुरू कर दिया गया है। खुदाई, घेराबंदी, सफाई, रोपवे, सड़क बिजली और हेली पैड का निर्माण किया जाना है। डीएम मिथलेश मिश्र, शांति निकेतन के प्रो अनिल कुमार सिंह और अन्य अधिकारी निरीक्षण करने के लिए शनिवार को लाली पहाड़ी पहुंचे। बौद्ध स्थल लाली पहाड़ी में संवेदक की ओर से खुदाई स्थल की घेराबंदी और सफाई का काम किया जा रहा है। बता दे कि साल 2017 में पहली बार सीएम नीतीश कुमार ने उद्घाटन कर खुदाई का शुभारंभ किया था। इसके बाद दो बार 2019 तक लाली पहाड़ी की खुदाई की गई थी। खुदाई के दौरान लाली पहाड़ी पर बेशकीमती मूर्ति, बौद्ध स्तूप, गुफा, सुरक्षा दीवार और महिला बौद्ध भिक्षुओं के साधना के केंद्र का अवशेष मिला था।

## सांप काटने के बाद इलाज के दौरान युवक की मौत

जमुई. जमुई में बहियार में घास काटने के दौरान एक विषैला सांप काटने के बाद इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान अरविंद यादव 36 साल पिता मदन यादव खैरा थाना क्षेत्र के तिलकपुर इलाके के रूप में हुई है। युवक की मौत की खबर के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सांप काटने के बाद युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। जिसकी जानकारी पैक्स अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह द्वारा दी गई है। युवक की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना खैरा थाना पुलिस की दी।

## बाढ़ पीड़ितों को 1 बार खाना मिलने पर सांसद गुस्साए

सहरसा. खगड़िया के लोजपा (रामविलास) सांसद राजेश शर्मा शनिवार को सहरसा पहुंचे। यहां उन्होंने जिले के महिषी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया और प्रशासनिक इंतजाम से नाराज होकर अधिकारियों को सहायता करने का निर्देश दिया। महिषी प्रखंड के घोंघेपुर बांध पर पहुंचकर खगड़िया सांसद राजेश वर्मा ने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया। वहां जिला प्रशासन की उदासीन रवैया को देखकर भड़क गए और महिषी अंचलाधिकारी की जमकर क्लास लगा दी। सामुदायिक किचन के प्रभार में नियुक्त किए कर्मियों को अविलंब हटाने के लिए निर्देश दे दिया। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि घोंघेपूर बांध के पास सामुदायिक किचन से एक टाइम ही बाढ़ पीड़ितों को खाना खिलाया जा रहा था। मनमानी तरीके से कार्य भार किया जा रहा था। वैसे पदाधिकारी को हटा दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि जो पदाधिकारी आपदा में अवसर ढूंढ रहे है। भ्रष्टाचार करने की कोशिश में है। वैसे पदाधिकारियों पर उनकी पैनी नजर है।

## हरूवाडांगा हाफिज टोला डायवर्सन गड्ढे में तब्दील

किशनगंज (बिहार). किशनगंज के दिघलबैंक में ग्रामीण सालों से खराब सड़क के कारण परेशानी से गुजर रहे है। यहां के लोगों की समस्या एक बार फिर से बड़ी होती जा रही है। हरूवाडांगा हाफिज टोला का डायवर्सन, जो कि 2017 के भीषण बाढ़ में पुल बह जाने के बाद से ही लोगों की आवाजाही का एकमात्र सहारा बना हुआ था। वहां अब बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके है। लगातार बारिश और पानी के जमाव के कारण डायवर्सन की स्थिति बहुत ही खराब हो गई है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के लोगों ने पुल निर्माण की मांग को लेकर कई बार विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद भी आज तक पुल का निर्माण नहीं हो सका है।

## शराब और बीयर के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

जमुई. जमुई उत्पाद पुलिस ने झारखंड के देवघर से झाझा आ रही एक पिकअप वाहन से 50 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद की है। इसके साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिले के सोनो प्रखंड के डुमरी चेक पोस्ट पर की है। वहीं, विभाग ने दूसरी कार्रवाई करते हुए सोनो थाना क्षेत्र के मोहगाय इलाके के पास से 88 कार्टून यानी कि 1056 लीटर बीयर बरामद किया है। दोनों कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। मामले की जानकारी देते हुए उत्पाद पुलिस अधीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर दशहरा पर्व को लेकर सर्च अभियान जांच चलाया जा रहा है। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब से लदे एक पिकअप वाहन को पकड़ा गया। वाहन में तहखाने बनाकर शराब लाया जा रहा था। जिसमें 50 कार्टून यानी 450 लीटर के करीब शराब बरामद की गई है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान पप्पू यादव 28 साल पिता विनोद यादव चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के बस इलाके के रूप में हुई है। गिरफ्तार वाहन चालक से पूछताछ के दौरान बताया गया कि झारखंड के देवघर से शराब लोड किया गया था।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में 225 सीटें जीतने का टारगेट:पार्टी मीटिंग में विधानसभा चुनाव पर बनी रणनीति; अशोक चौधरी को महासचिव बनाने पर उठे सवाल

पटना. जदयू ऑफिस में शनिवार को नई प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक हुई। बैठक में सीएम नीतीश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत सभी मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद शामिल हुए। इनके साथ पार्टी के 400 मेंबर भी इस बैठक में हिस्सा लिया। मीटिंग में ललन सिंह नहीं आए। आज की बैठक में आनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि नई कार्यसमिति की पहली बैठक थी। सीएम 45 मिनट तक बोले। 2025 में एनडीए के लिए 220 सीट से ज्यादा सीट जीतने का लक्ष्य दिया गया है। नीतीश कुमार ने कहा कि 2010 में 206 सीटें एनडीए ने जीती थीं।उस सनय तीर-धनुष को लेकर कुछ कंट्रोवर्सी भी हो गई थी। दरअसल, तब झामुमो और जदयू के चुनाव सिंबल को लेकर के कुछ विवाद हुआ था। अपने भाषण में सीएम नीतीश कुमार



ने कहा कि उनकी हमेशा से कोशिश रही है बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष आर्थिक सहायता मिले। केंद्र सरकार की तरफ से जो विशेष आर्थिक सहायता दी गई है। इसके लिए नीतीश कुमार ने अपनी कार्य समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धन्यवाद किया है।

### भूमिहार को गली देने वालों को पार्टी में महासचिव बनाना दुर्भाग्यपूर्ण

अब जदयू के भीतर ही अशोक चौधरी का विरोध शुरू हो गया है। खगड़िया के परबत्ता से विधायक डॉ. संजीव ने कहा कि पार्टी के भीतर एक-दो लोग जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हैं। भूमिहारों के लिए बयान देते हैं। इसका सख्त विरोध मैं पहले भी करता था और आज भी कर रहा हूं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि भूमिहारों को गाली देने वालों को पार्टी का महासचिव बना दिया जाता है। पार्टी में रह कर भूमिहारों के प्रति गलत बयानबाजी करते हैं। भूमिहार हमेशा से एनडीए के साथ रहे हैं। जब-जब नीतीश कुमार की सरकार बनी है। भूमिहार दम-खम के साथ उनके साथ खड़े रहे हैं।

पार्टी मीटिंग को लेकर खगड़िया के परबत्ता से जेडीयू विधायक डॉ. संजीव ने कहा कि एनडीए गठबंधन 2025 में 225 सीट जीतना और नीतीश कुमार 2025 में फिर से मुख्यमंत्री बनना है।

### नीतीश के साथ श्री बाबू को भी मिले भारत रत्न

डॉ. संजीव ने कहा कि श्री बाबू के बाद अगर बिहार में किसी ने काम किया है तो वो हैं नीतीश कुमार। इसलिए श्री बाबू और नीतीश कुमार दोनों को भारत रत्न मिले।

जदयू प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के 6 राजनीतिक प्रस्ताव

1. एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ समन्वय बनाने के लिए संगत-पंगत कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसमें प्रखंड स्तर तक के एनडीए के नेता नियमित तौर पर मिलेंगे। आपस में चाय और नाश्ते पर चर्चा करेंगे। इसमें वे विपक्षी दलों की तरफ से फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करेंगे।
2. सम्मान संवाद कार्यक्रम का शुरुआत करेंगे। इसमें समता पार्टी के दौरान जुड़े रहे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से पार्टी के नेता संवाद करेंगे।
3. लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के लिए सीएम नीतीश कुमार को बधाई दी गई। जिनके नाम और काम पर चुनाव लड़ा और जीता गया।
4. नीतीश कुमार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया।
5. जातीय गणना कराने और इसके आधार पर आरक्षण लागू करने को लेकर फिर उच्चतम न्यायलय में याचिका दायर करने के लिए सीएम नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया गया।
6. नौकरी और रोजगार मतलब नीतीश कुमार का प्रस्ताव पास हुआ।

### एक महीने के भीतर पार्टी के 3 पावरफुल बॉडी में फेरबदल


विधानसभा चुनाव से पहले जदयू ने बड़ा फेरबदल किया है। एक महीने के भीतर संगठन के तीन पावरफुल समितियों में बदलाव किए हैं। पहले राष्ट्रीय पदाधिकारियों को बदला गया। इसके बाद प्रदेश कमेटी में बदलाव हुए हैं। इसके बाद 15 दिन पहले राज्य कार्यकारिणी का भी नए सिरे से गठन किया गया था।

### कार्यकारिणी में 68 नेताओं को किया गया है शामिल

कार्यकारिणी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह समेत पार्टी के 68 बड़े नेताओं को जगह दी गई है। इसमें वशिष्ठ नारायण सिंह, विजेन्द्र प्रसाद यादव, विजय चौधरी, उमेश सिंह कुशवाहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री दशई चौधरी, पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और पूर्व सांसद विजय कुमार जैसे नाम शामिल हैं। पार्टी के सीनियर लीडर के अलावा सांसदों को भी शामिल किया गया है।

# पूर्णिया में सबसे महंगा पंडाल 35 लाख का:बंगाल के कालीघाट शक्तिपीठ और महाराष्ट्र के मंदिर की दिखेगी झलक, एक महीने से हो रहा निर्माण

पूर्णिया. इस दुर्गापूजा मां दुर्गा के भव्य रूप और खूबसूरत पंडालों के दीदार के लिए लोगों को कहीं और जाने की जरूरत नहीं होगी। लोग पूर्णिया में ही बंगाल वाली रंगत देख पाएंगे। कोलकाता के प्रसिद्ध कालीघाट शक्तिपीठ और महाराष्ट्र के मंदिर की झलक दिखाई देगी। बांस से बन रहे 35 लाख के भव्य पंडाल का दीदार भी होगा। जो सबसे महंगा होगा। गुलाबबाग में बन रहा प्रसिद्ध गंगा रामपुर पूजा पंडाल बंगाल वाला फील देगा। त्योहार को खास और खूबसूरत बनाने शहर की प्रमुख पूजा समितियां दिन-रात तैयारियों में जुटी है। पूजा समितियां प्रतिमा, लाइटिंग और पूजा पंडालों को भव्य और आकर्षक रूप देने में लगे हैं। शहर के 5 पूजा पंडालों का बजट 15 लाख से ऊपर का है।



इसे बनाने बंगाल के कोने- कोने के कारीगर और मूर्तिकार पूर्णिया पहुंचे हैं। सभी पिछले एक महीने से इसमें लगे हैं। ऐसे में लोगों को बड़ी ही बेसब्री से षष्टी और सप्तमी पूजा का इंतजार है। इनमें कुछ पंडाल षष्टी पूजा की रात, वहीं कुछ सप्तमी को खोले जाएंगे। देखिए प्रमुख पूजा पंडालें...।

1. कप्तानपुल ग्रीनवैली में फ्रेंडशिप क्लब दुर्गा पूजा समिति की ओर से 35 लाख रुपए पूजा पंडाल पर खर्च किए जा रहे हैं। ये जिले का सबसे महंगा पूजा पंडाल है। बांस की विचित्र और बारीक कारीगरी से भव्य और अनूठा पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल का बजट करीब 30 लाख का है। जबकि मां की प्रतिमा और लाइटिंग पर 5 लाख रुपए खर्च होंगे। बंगाल के 50 कारीगर पिछले एक महीने से इसे आकार देने में लगे हैं। भारत इवेंट गुलाबबाग के जय भारत पोद्दार की देखरेख में इसे तैयार किया जा रहा है। समिति के सचिव अमित चरवर्ती और मेंबर विवेक सिंह का कहना है कि ग्रीनवैली का पूजा पंडाल खूबसूरत कारीगरी का मिसाल बनेगा। मां की प्रतिमा भी बंगाली संस्कृति के अनुरूप बनाई जा रही है। बंगाल के प्रसिद्ध कलाकार प्रतिमा को मां का स्वरूप देने में लगे हैं। पंडाल की फिनिशिंग और साज-सज्जा ऐसी होगी कि एक नजर पड़ते ही दोबारा लोगों को दीदार के लिए मजबूर कर देगा।

2. प्रसिद्ध भट्टा दुर्गाबाड़ी में पिछले 108 साल से मां की प्रतिमा बैठाई जा रही है। यहां के पूजा पंडाल में कोलकाता के कालीघाट मंदिर की झलक होगी। करीब 25 लाख के बजट से कोलकाता के कालीघाट मंदिर की थीम पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। इसमें मां दुर्गा की प्रतिमा पर 3 लाख रुपए जबकि लाइटिंग पर ढाई लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ये जिले का दूसरा सबसे बड़ा पंडाल है। बंगाली पाड़ा का ये पंडाल देश के इस प्रसिद्ध शक्तिपीठ कालीघाट मंदिर में होने का अहसास कराएगी। बंगाल के बहरामपुर से आएं कारीगर मनी विश्वास ने बताया कि बंगाल से आए 27 कारीगर इसे फाइनल टच देने में लगे हैं। कोलकाता टेंट हाउस के ऑनर मनोहर दास की देखरेख में इसे तैयार किया जा रहा है। समिति के सचिव प्रदिप्तो भट्टाचार्य (बुलाई दा), सदस्य शिवशंकर चटर्जी ने बताया कि बंगाली कलाकर प्रतिमा को भव्य आकार दे रहे हैं। यहां मां की प्रतिमा, पंडाल की थीम, बंगाली पूजा के अलावा लाइटिंग में भी बंगाल के दुर्गा पूजा पद्धति की छाप दिखेगी। षष्टी पूजा पर रात 10 बजे ढाक, ढोल और मृदंग के बीच मां दुर्गा के अलौकिक दर्शन होंगे।

3. दुर्गापूजा में शहर के गुलाबबाग स्थित पुराना सिनेमा रोड में बंगाल के प्रसिद्ध गंगा रामपुर पूजा पंडाल की झलक दिखने वाला है। 22 लाख की लागत से भव्य पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। इसमें प्रतिमा और लाइटिंग का कॉस्ट भी शामिल है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने हर साल की तरह इस साल भी पंडाल को अलग लुक दिया है। बंगाल के 20 से अधिक कारीगर पिछले एक महीने से इसे आकार देने में लगे हैं। पंडाल ही नहीं बल्कि बंगाल के कलाकार मां दुर्गा की प्रतिमा को भी अलग थीम पर तैयार कर रहे है। इसकी खूबसूरती और भव्यता देखते ही बनेगी।

4. शहर के प्रमुख पूजा पंडालों में से एक रजनी चौक पर महाराष्ट्र के मंदिर के तर्ज पर पंडाल को डेवलप किया जा रहा है। 20 लाख के बजट से पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें प्रतिमा और लाइटिंग और झांकियों का भी कॉस्ट शामिल हैं। हर साल की तरह इस बार भी पूजा पंडाल का भव्य लुक लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। थीम क्रिएटर रितेश जयसवाल ने बताया कि बंगाल के 15 कारीगर इसके निर्माण में लगे हैं। पंडाल आकर्षक और भव्य होगा। जिसे देखने लाखों लोग उमड़ेंगे। लोग सप्तमी से इस पूजा पंडाल का दीदार कर पाएंगे।

# बेगूसराय में 2 किमी तक शव को घसीटता रहा ट्रक ड्राइवर : बचने के लिए भागने लगा ड्राइवर



समस्तीपुर. बेगूसराय में शनिवार को एक ट्रक ड्राइवर ने शव को 2 किलोमीटर तक घसीटा। इसी ट्रक की चपेट में आने से शख्स की मौत हुई थी। हादसे के बाद उसका शव और साइकिल ट्रक में ही फंस गए। बताया जा रहा है कि हादसा रसीदपुर के पास हुआ था। ट्रक ड्राइवर शव को लेकर दलसिंहसराय के आरबी कॉलेज तक पहुंच गया। गांव वालों ने ट्रक ने नीचे घसीटता हुआ शव देखा। इसके बाद गाड़ी को रुकवाया गया। भीड़ को देखकर ड्राइवर भागने लगा। गांव वालों ने उसे पकड़ा। ड्राइवर की पहले जमकर पिटाई की, फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। दलसिंहसराय पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि' रसीदपुर के पास साइकिल सवार गाड़ी से टकराया था। मैं डर गया, इसलिए भागने लगा। उसकी बॉडी गाड़ी में फंस गई। लोगों ने देखा और मुझे दलसिंहसराय में रोक लिया।' आरोपी ड्राइवर रंजीत ने बताया कि 'मेरी गाड़ी की स्पीड उस वक्त 20 की होगी। साइकिल सवार अचानक से गली से निकलकर सामने आ गया। वो बाएं साइड से था। मैंने ब्रेक लगाया, लेकिन वो काम नहीं किया। वो गाड़ी के नीचे आ गया। खुद को बचाने के लिए भागने लगा। मुझे नहीं पता था कि वो गाड़ी के नीचे फंसा हुआ है। मैं पूर्णिया से पटना जा रहा था।' गांव वालों ने बताया कि बेगूसराय की ओर से पार्सल लिखा एक ट्रक समस्तीपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान बछवारा थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव के पास एक शख्स ट्रक की चपेट में आ गया। साइकिल ट्रक के पीछे बंपर में फंस गई। इस दौरान पैर साइकिल से फंस गया।

दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि 'शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। अभी शव की पहचान नहीं हो पाई है। ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। घटना बेगूसराय के बछवारा थाना क्षेत्र में घटी थी।

# पेड़ से बांध कर युवक की पिटाई, वीडियो वायरलः समस्तीपुर में मोबाइल चोरी के आरोप में दोस्तों ने पीटा, 2 अरेस्ट

समस्तीपुर. समस्तीपुर में एक युवक को आम के पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई की गई। मोबाइल चोरी के आरोप में दोस्तों ने पिटाई की है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना गुरुवार की है। पिटाई कर रहे युवकों में से सोनू कुमार और मोहम्मद गुलाब शनिवार को अरेस्ट हुए है। पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामला सिंघिया थाना क्षेत्र के अगरौल व सीमावर्ती हसनपुर थाना क्षेत्र के दूधपूरा गाछी का है। बता दें कि गिरफ्तार दोनों युवक दुधपुरा के रहने वाले हैं। पीड़ित युवक सिंघिया थाना क्षेत्र के अगरौल गांव का सिद्धार्थ कुमार उर्फ गिल्टा है। घटना के संबंध में बताया गया है कि गुरुवार को सोनू कुमार का मोबाइल गायब हो गया था। सीमावर्ती अगरौल गांव के सिद्धार्थ कुमार का पहले से सोनू के घर पर आना-जाना था।उस पर इन लोगों ने शक जाहिर किया। अगरौल पहुंचकर सिद्धार्थ को लोगों ने पकड़ लिया। पेड़ से बांध कर इसकी पिटाई की। पिटाई के दौरान कुछ ग्रामीणों ने मारपीट का वीडियो भी बना लिया। जानकारी के अनुसार अगरोल और दुधपुरा की दूरी आधा किलोमीटर है। सोनू और सिद्धार्थ आपस में दोस्त थे। गुरुवार को सोनू का मोबाइल गायब होने के बाद सिद्धार्थ के साथ मारपीट की गई है। सोनू को शक था कि सिद्धार्थ ने ही उसकी मोबाइल की चोरी की है। पीड़ित का कहना है कि उसने मोबाइल की चोरी नहीं की है। पिटाई के बाद ग्रामीणों ने सिद्धार्थ को वहां से छुड़ा कर उसके परिजनों को सौंप दिया। रोसरा डीएसपी सोनम कुमारी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में सिंघिया थाने की पुलिस ने घटनास्थल की पहचान कर पीड़ित को खोज निकाला। पीड़ित के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सोनू और मोहम्मद गुलाब नाम के दो युवक को गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



# स्मार्ट मीटर नहीं लगाई, 2 गांव की काटी लाइट:मुंगेर में रात भर मोमबत्ती जलाकर लोगों ने किया गुजारा, कहा-बहुत परेशानी हो रही

मुंगेर. मुंगेर में स्मार्ट मीटर नहीं लगाने पर बिजली विभाग द्वारा दो गांव की बिजली काट दी गई। इसके बाद कैंडल और लालटेन का सहारा लेकर ग्रामीणों का रात गुजारनी पड़ी। यहां तक कि स्कूली बच्चों को भी कैंडल का सहारा लेकर पढ़ाई करना पड़ा जिसका वीडियो सामने आया है।

मामला असरगंज प्रखंड के रहमतपुर पंचायत के सादपुर वार्ड 6 और मसूदनपुर का है। यहां स्मार्ट मीटर नहीं लगाने पर बिजली विभाग द्वारा गांव की लाइट काट दी गई, जिसके कारण ग्रामीणों को अंधेरे में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की दोपहर ढाई बजे विभाग ने गांव की लाइट काट दी। अंधेरा होने के बाद ग्रामीण अपने घर, दुकान में मोमबत्ती जलाकर लाइट का इंतजार कर रहे थे। जिस गांव में बिजली विभाग ने काटी है उस गांव की आबादी लगभग 1200 है, जिसमें महादलित परिवार ज्यादा है।



ग्रामीणों का कहना है बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर हम ग्रामीणों पर दबाव बना रही है। दो दिन पूर्व में गांव का लाइन का कनेक्शन काट दी लेकिन फिर से जोड़ दिया, लेकिन आज फिर दोपहर से गांव की लाइट काट दी, जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। गांव में नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई बंद हो गया, मोबाइल रिचार्ज नहीं हो रहा, छोटे छोटे बच्चे गर्मी से परेशान है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर स्थानीय जेडीयू विधायक राजीव कुमार सिंह फोन कर जानकारी दी तो उन्होंने कहा की लाइन का कनेक्शन जोड़वा देते हैं लेकिन सरकार का जो नियम है कि आप लोग स्मार्ट मीटर अपने अपने घरों में लगवा लें। ग्रामीणों का कहना है कि स्मार्ट मीटर में रिचार्ज करना पड़ता है। उसमें अधिक बिल आता है जिसके कारण जितनी बिजली की खपत नहीं उससे ज्यादा रिचार्ज करना पड़ता है।

# समस्तीपुर में कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य के कथा का आयोजन

समस्तीपुर. समस्तीपुर में जिले के सरायरंजन के उदयपुर में शनिवार को कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य की कथा शुरू हुई। यह कथा 11 अक्टूबर तक चलेगी। कथा के पहले दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी। जहां कथावाचक ने मोक्ष को लेकर कई बातें बताई। उन्होंने कहा कि मोक्ष धरती पर ही मिल सकता है, अगर व्यक्ति किसी का बुरा ना सोचे, सबकी अच्छाई के लिए सोचे, सदा प्रसन्न रहे, सब की सेवा करें सबका सम्मान करें तो धरती पर ही मोक्ष है। वह मृत्यु उपरांत अवश्य मोक्ष को प्राप्त करेगा।



### जीवन के दलदल में फंसने से बचने का बताया उपाय

मौके पर अनिरुद्ध आचार्य ने कहा कि जो व्यक्ति भगवान के चरण में चला जाता है, वह बार-बार जन्म मृत्यु से छुटकारा पा लेता है। प्रभु के चरण में जाने के लिए आपको गंदगी से दूर होना होगा। इस जन्म मृत्यु को यहां गंदगी के रूप में उन्होंने समझाते हुए एक राजा और रानी की कहानी बताई।जिसमें कहा कि एक राज की रानी के पास दूसरे मर्द उसके कक्ष में थे। इसी दौरान राजा के आने की सूचना मिली। घबराई रानी ने उस व्यक्ति को कहा कि जल्दी से तुम यहां से चले जाओ वरना राजा मुझे मृत्युदंड दे देंगे। रानी ने उसे पीछे के रास्ते से जाने को कहा। जहां गंदगी मल मूत्र का दलदल था। वह व्यक्ति पीछे से जाने के दौरान उस दलदल में फंस गया। हालांकि इधर रात भर राजा रानी के पास रहे सुबह-सुबह वापस हुए ,तब रानी को याद आया कि पीछे रास्ते से गया व्यक्ति गया या फंसा हुआ है। लेकिन तब तक वह व्यक्ति फंसा हुआ था। उसे किसी तरह रानी ने बाहर निकाला और वह नदी में जाकर स्नान किया। उन्होंने कहा कि आप में से कोई कभी वैसे दलदल में गया है। कोई जाना चाहेगा। लेकिन ऑडियंस से आवाज नहीं आई इसके बाद उसने बताया कि मां की कोख वैसी ही गंदगियों का दलदल है। जहां 9 महीने तक बच्चे उस दलदल में फंसे रहते हैं। फिर से उस दलदल में न जाए इसके लिए प्रभु के चरण में जाना होगा ताकि जन्म-मृत्यु और फिर जन्म के चक्कर से आप मुक्त हो सके। बता दें कि इससे पूर्व दोपहर पटना से समस्तीपुर पहुंचने पर उनका लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पूरा सरायरंजन ही सड़क पर उतर गया था। लोगों ने गाजे-बाजे के साथ उनका स्वागत किया। आचार्य भी गाड़ी से बाहर निकालकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। सरायरंजन के उदयपुर में 5 दिनों तक लोग महाराज के कथा का आनंद ले सकेंगे यह कथा आगामी 11 अक्टूबर तक चलेगा। उधर कथा के दौरान जुट रही भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के करें प्रबंध किए गए हैं।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 144

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news


www.koylanchalsamvad.com

केजरीवाल ने 9 साल बाद सीएम आवास छोड़ा:आप सांसद के बंगले में... | विदेशी बिकवाली, घरेलू खरीदारी से बैंक, म्युचुअल फंड... | अविवाहितों को ज्यादा होता है हार्ट अटैक का खतरा

मूल्य : 2 रुपए

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर राजेश्वर राव को एक साल का सेवा विस्तार दिया



सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। सूत्रों ने चार अक्टूबर के सरकारी आदेश का हवाला देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने नौ अक्टूबर, 2024 से एक साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक राव की फिर से नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। एसीसी की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं। राव को अक्टूबर, 2020 में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया था। राव को नवंबर, 2016 में आरबीआई के कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया था। कोचीन विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र स्नातक और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री प्राप्त राव 1984 में केंद्रीय बैंक में शामिल हुए थे।

### भारतीय विशेषज्ञों को लाकर कार्यबल को सुदृढ़ करेगा रूस

मॉस्को (ईएमएस)। यूक्रेन के साथ वार में उलझा रूस अब भारतीय विशेषज्ञों को अपने देश में लाकर अपने कार्यबल को सुदृढ़ करने जा रहा है। इस पहल की घोषणा नेशनल एसोसिएशन ऑफ बिल्डर्स (नोस्ट्रॉय) ने की। इसके तहत भारत से विशेषज्ञों को रूसी निर्माण स्थलों पर काम करने के लिए आकर्षित किया जाएगा। नोस्ट्रॉय के अध्यक्ष एंटोन ग्लुश्कोव ने येकातेरिनबर्ग में एक अंतरराष्ट्रीय निर्माण फोरम के दौरान बताया कि भारत कुशल श्रम बाजार में विशाल संभावनाएं प्रदान करता है, और रूस भारत के साथ साझेदारी विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य निर्माण उद्योग में श्रम शक्ति की गुणवत्ता और विशेषज्ञता को बढ़ाना है। यह योजना रूसी अधिकारियों द्वारा विदेशी श्रमिकों, विशेष रूप से भारत और उज्बेकिस्तान से आने वाले श्रमिकों की योग्यता को प्रमाणित करने पर आधारित है। नोस्ट्रॉय इन श्रमिकों के आवास, परिवहन और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने में सहायता करेगा। इस पहल का उद्देश्य रूस में कार्यरत अयोग्य श्रमिकों की संख्या को घटाकर कुल कार्यबल का 20 प्रतिशत करना है, जो वर्तमान में 80 प्रतिशत तक है। रूसी उप प्रधान मंत्री मारत खुसनुल्लिन के अनुसार, यह पहल देश में चल रही श्रम की कमी को दूर करने के लिए की जा रही है। रूसी निर्माण स्थलों पर 200,000 श्रमिकों की कमी है, जिसे यह परियोजना पूरा करने में मदद करेगी।

### इंडिगो एयरलाइन का सर्वर डाउन:बुकिंग और चेक-इन करने में परेशानी, देशभर के एयरपोर्ट्स पर पैसेंजर्स की लंबी कतारें

**नई दिल्ली:** इंडिगो एयरलाइन का ऑनलाइन पैसेंजर सर्विस सिस्टम अचानक डाउन हो गया है। लोग एयरलाइन के टिकट की ऑनलाइन बुकिंग और चेक-इन नहीं कर पाए। एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स की उड़ान और ग्राउंड सर्विसेस भी प्रभावित हुई। इसके चलते देशभर के एयरपोर्ट्स पर पैसेंजर्स की लंबी कतारें देखने को मिली। एयरलाइन की तरफ से परेशानी के बारे में तो जानकारी दी गई है, लेकिन पैसेंजर्स के लिए कोई वैकल्पिक इंतजाम न हो पाने की वजह से वे घंटों तक एयरपोर्ट्स पर इंतजार करना पड़ा। एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर पोस्ट के जरिए इस बारे में जानकारी दी। इंडिगो ने बताया, 'हमारी टीमें इस मामले पर काम कर रही हैं। जल्द ही स्थिति सामान्य कर ली जाएगी।'

3 महीने पहले माइक्रोसॉफ्ट पर चलने वाले करोड़ों कंप्यूटर डाउन हुए थे 3 महीने पहले अमेरिकी एंटी-वायरस कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलने वाले करोड़ों कंप्यूटर ठप पड़ गए थे। इसके कारण दुनियाभर में एयरपोर्ट, फ्लाइट, ट्रेनें, हॉस्पिटल, बैंक, रेस्तरां, डिजिटल पेमेंट, स्टॉक एक्सचेंज, टीवी चैनल से लेकर सुपर मार्केट जैसी जरूरी सेवाएं रुक गईं थी। सबसे ज्यादा असर एयरपोर्ट पर देखा गया था। दुनियाभर में 3% यानी करीब 4,295 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी थीं। केवल अमेरिका में ही 1100 फ्लाइट रद्द और 1700 डिले हुई थीं। भारत में मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु समेत देश के बड़े एयरपोर्ट पर भारी भीड़ देखी गई थी।

## एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर के नए भवन और ओपीडी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन

### सीएम ने कहा:कोरोना संक्रमण काल में झारखंड ने पूरे देश को उपलब्ध कराया मेडिकल ऑक्सीजन




जमशेदपुर । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मानगो के डीमना एमजीएम मेडिकल कॉलेज में नव निर्मित अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि आज कोल्हान, पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस क्षेत्र के आम जनमानस को बेहतर स्वस्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 500 बेड का एक भव्य अस्पताल हमारी सरकार समर्पित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों से टाटा शहर में अवस्थित अस्पताल जनता की सेवा में था, वर्षों पुराना होने की वजह से उसकी स्थिति जर्जर होती जा रही थी। ऐसे में राज्य सरकार के निर्णय के अनुरूप एक नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आज से कोल्हान की जनता की सेवा में रहेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज बाबा तिलका मांझी मैदान, मानगो, जमशेदपुर में आयोजित एमजीएम अस्पताल डिमना, मानगो के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं ओपीडी का शुभारंभ कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

#### कोरोना संक्रमण काल में झारखंड ने पूरे देश को उपलब्ध कराया मेडिकल ऑक्सीजन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आप सभी को याद होगा कि जब राज्य में मेरे नेतृत्व में यहां के आदिवासी-मूलवासियों की अपनी सरकार का गठन 2019 में हुआ था उस समय सरकार के गठन के चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। अचानक केंद्र सरकार का आदेश के अनुसार लॉकडाउन का आदेश हुआ और वह ऐसा आदेश था, जिससे पूरा भारत देश जहां का तहां खड़ा रह गया। पूरा देश रुक सा गया। सभी लोग अपने-अपने घरों में बंद रहने के लिए मजबूर हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमसभी को यह गर्व होना चाहिए कि देश के लोगों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित करने का काम झारखण्ड ने किया। पूरे देश में मेडिकल ऑक्सीजन सप्लाई करने में झारखण्ड नंबर 1 रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकट परिस्थिति के समय हमारी सरकार ने ऑक्सीजन सप्लाई कर पूरे देश के लोगों की जान बचाने का काम करती रही।

#### रोटी, कपड़ा, मकान और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में हुए सकारात्मक कार्य

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार शुरुआती दिनों से ही यहां के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में झारखंड के लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए जाते हैं, इसलिए हमारी सरकार ने कानून बनाया कि यहां जो उद्योग लगेंगे उसमें 75% स्थानीय युवाओं को नियोजित करना होगा। इस कानून का लाभ यहां के नौजवानों को मिला भी। आजकल निजी क्षेत्र में हमारे युवक-युवतियों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सम्मान देने का काम कर दिखाया है। "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" के तहत महिलाओं के खाते में आर्थिक सहयोग जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के तहत दो किस्त का हस्तांतरण कर दिया है। अब जल्द ही तीसरी किस्त दुर्गा पूजा में जाएगा, ताकि आपका त्योहार खुशी पूर्वक मनायी जा सके।

#### केंद्र सरकार 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए उपलब्ध कराए तो महिलाओं के खातों में भेजेंगे 3 लाख रुपए

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार की कोयला कंपनियों पास झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया बकाया है। अगर यह पैसा केंद्र सरकार झारखंड को उपलब्ध करा दे तो राज्य सरकार इस स्थिति में होगी कि हर महिला के खाते में तीन-तीन लाख रुपया भेज सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जमशेदपुर में भी नया मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया है, जल्द इसकी आधारशिला रखी जाएगी। आपकी सरकार लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यवस्थाओं को मजबूत करने के प्रयास में जुटी है। जमशेदपुर के मानगो और पारीडीह में भी फ्लाईओवर का काम चल रहा है। बहुत जल्द इसमें वाहनों का परिचालन जमशेदपुरवासी शुरू कर सके, इसका प्रयास किया जा रहा है।

#### राज्यवासियों को कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से लाभ प्रदान किया जा रहा है। किसानों का 2 लाख रुपए तक का ऋण माफ किया गया। गरीब बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक का बकाया बिजली बिल माफ किया गया साथ ही 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू करने का कार्य किया। यह योजना इतनी प्रभावकारी रही कि वर्तमान समय में सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को पेंशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

#### मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की समस्याओं का होगा यथोचित समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए हैं। मैं आप सभी छात्रों से कहना चाहूंगा कि यह बात हमारे कानों तक आज पहुंची है। आप आश्वस्त रहें, एक माह के अंदर आपकी समस्या का समाधान होना प्रारंभ हो जाएगा। **शेष पेज 2 पर...**

## 5 लाख नौकरियां और महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपये झारखंड के जनता के लिए भाजपा ने जारी किए 'पंचप्रण'




रांची: 5 अक्टूबर को झारखंड भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 'पंचप्रण ' नाम से अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है. इसको झारखंड की जनता के लिए भाजपा का पांच बड़ा वचन बताया गया है.

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर माह 11 तारीख को महिलाओं के खाते में 2100 रु. दिए जाएंगे. संथाली भाषा में मां को गोगो कहा जाता है. भाजपा ने इसको पहला प्रण बताया है. उन्होंने कहा कि भाजपा का मकसद है इस योजना से झारखंड की मां और बहनों को सशक्त करना. दूसरे प्रण के तहत राज्य के सभी परिवारों को 500 रु में एलपीजी गैस सिलेंडर दिया जाएगा. साथ ही साल में हर परिवार को दो गैस सिलिंडर मुफ्त में दिया जाएगा. इसका सीधा लाभ महिलाओं को मिलेगा.

तीसरा प्रण रोजगार पर आधारित है. इसके तहत पांच वर्षों के भीतर झारखंड के युवाओं को पांच लाख रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा. साथ ही नवंबर 2025 तक राज्य सरकार में रिक्त 2.87 लाख पदों में से डेढ़ लाख सरकारी पदों पर नियुक्तियां पूरी कर ली जाएंगी. इसके लिए कैलेंडर बनाया जाएगा. समय पर परीक्षा और परिणाम जारी होंगे. समय पर नियुक्ति पत्र दिया जाएगा. इसके अलावा एक लाख रोजगार के अतिरिक्त अवसर सृजित किए जाएंगे.


चौथा प्रण युवाओं से जुड़ा है. इसके तहत राज्य के स्नातक और स्नातकोत्तर पास युवाओं को युवा साथी भत्ता के रुप में 2 हजार रु. प्रति माह दिए जाएंगे. यह राशि दो साल तक दी जाएगी. ताकि उन्हें कंपटीशन की तैयारी करने में कोई दिक्कत ना आए. पांचवें प्रण के तहत सभी के लिए आवास सुनिश्चित किया जाएगा. सभी को पक्का मकान दिया जाएगा. ऐसे घर बनाने के लिए मुफ्त में बालू उपलब्ध कराया जाएगा. इसके तहत 21 लाख पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाएगा.

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह पूरा घोषणा पत्र नहीं है. अभी तो सिर्फ पांच प्रण हैं. आने वाले समय में और चीजें सामने आएंगी. इसको स्पष्ट करते हुए असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा अपना 25 संकल्प जारी करेगी. इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती के मौके पर विकास से जुड़ा 150 प्वाइंट जारी होगा.

यह पूछे जाने पर कि इसके लिए पैसे कहां से आएंगे. जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दूसरे राज्यों में भी भाजपा ऐसी योजनाएं चला रही है. पैसे कहां से आएंगे, इसकी चिंता नहीं करने की जरुरत नहीं है. उन्होंने कहा कि 2013 तक झारखंड में सरकारी आवास के लिए बालू मुफ्त में मिलता था. जब 2013 में हेमंत सोरेन की सरकार बनी तब बालू को सोना बनाकर बेचना शुरु कर दिया और अपनी तिजोरी भरी.

पंच प्रण की घोषणा के दौरान झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा मौजूद थे.

## सीएम हेमंत सोरेन से अजयनाथ ने की हटिया में मेगा आइटी पार्क, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की मांग



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की. इसके बाद श्री शाहदेव ने मीडिया को जानकारी देते बताया कि हटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मांगों को लेकर वे मुख्यमंत्री से मिलने गये थे. इनमें हटिया विधानसभा क्षेत्र में मेगा आइटी पार्क की स्थापना, रातू व नगड़ी प्रखंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण और रांची सदर अस्पताल की तर्ज पर नगड़ी में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण का मांग पत्र भी सौंपा.

श्री शाहदेव ने बताया कि मेगा आइटी पार्क के निर्माण से राज्य के 2 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा. रोजगार सृजन के साथ ही राज्य की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी. नगड़ी व रातू प्रखंड में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी. इससे न सिर्फ वे शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे बल्कि आगे बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायता मिलेगी.

## केंद्रीय सड़क परिवहन सचिव ने जर्जर एनएच की सड़कों को दो सप्ताह में हर हाल में दुरूस्त करने का दिया निर्देश

**रांची:** सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने नेशनल हाइवे की सड़कों को दो सप्ताह में हर हाल में दुरूस्त करवाने का निर्देश एनएचएआई चेयरमेन संतोष यादव को दिया है. इस संबंध में उन्होंने चेयरमेन को पत्र लिखा है. सचिव ने झारखंड सहित अन्य राज्यों के क्षेत्रिय पदाधिकारियों, परियोजना निदेशक एनएचएआई को भी दिशा-निर्देश दिया है. सचिव ने स्पष्ट कहा कि कई शिकायतें मिल रही है कि सड़कों का मेंटेनेंस व रखरखाव सही तरीके से नहीं हो रहा है विशेषकर चालू परियोजनाओं की. ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सड़क रखरखाव की स्थिति के लिए वर्तमान में बने गाइडलाइन को भी बदलते हुए सड़क मरम्मत करायें ताकि कोई शिकायत फिर से न आये. सचिव ने कहा कि, समस्याओं को कम करने के लिए प्रोपर ट्रैफिक प्लान तैयार करके काम करना होगा. डाईवर्सन को अच्छी तरह से बनाना होगा. साइनेज इत्यादि का प्रयोग हर हाल में करने से सड़कों पर जाम की भी समस्या होगी. सचिव ने कहा है कि सही तरीके से सड़क निर्माण-रखरखाव कार्य करने से शिकायतें भी कम होंगी. त्योहार को देखते हुए एनएचएआई ने रातू रोड में बन रहे एलिवेटेड कॉरिडोर की वजह से हर जगह उभरे गढ़ढों को कुछ जगह भरने का काम शुरू किया है. कब्रिस्तान के समीप सड़क में चिप्पी लगाकर जैसे-तैसे छोड़ दिया गया है, जो उखड़ने भी शुरू हो गये हैं। तीन किमी इस सड़क में कई सड़क खराब है. धूल भी उड़ता है. नालियों का पानी भी सड़क इन दिनों काफी रहता है. हालांकि, एनएचएआई नालियों को दुरूस्त करने में लगा है पर इसमें अभी काफी वक्त लगेगा. ऐसे में दुर्गापूजा के समय श्रद्धालुओं को इस सड़क में चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा.

## धुर्वा में बने पूजा पंडाल का राज्यपाल ने किया उद्घाटन, अयोध्या के श्रीराम मंदिर का बनाया गया है प्रारूप



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को रांची के पुराना विधानसभा मैदान, धुर्वा में श्रीराम लला पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन किया. इस वर्ष पंडाल को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के अद्वितीय स्वरूप में सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है. मौके पर राज्यपाल ने सभी राज्यवासियों को नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे. उन्होंने सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए राज्य की तीव्र गति से प्रगति के लिए प्रार्थना की. इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा सदस्य सीपी सिंह तथा विधानसभा सदस्य नवीन जायसवाल समेत कई गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालुगण उपस्थित थे.

#### 12 अक्टूबर तक उठा सकेंगे मेला का लुफ्त

अध्यक्ष अशोक चौधरी और महासचिव कुणाल आजमानी ने बताया कि 12 अक्तूबर तक पंडाल का पट खुला रहेगा. भक्तों को हरसंभव सहयोग और सुरक्षा देने की समुचित व्यवस्था की गयी है. सुरक्षा गार्ड के साथ 60 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं. फायर और एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है. पार्किंग की भी सुविधा रहेगी. पार्किंग जोन में करीब चार सौ गाड़ी आ सकेगी. पंडाल के दो ओर से प्रवेश और निकास द्वार रहेगा, तांकि किसी तरह की असुविधा न हो. पंडाल परिसर के अंदर कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टॉल भी लगाये गये हैं. दर्शनार्थी 12 अक्तूबर तक इसका लुत्फ उठा सकते हैं.

### दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में दस हजार से अधिक जवान तैनात

दुर्गा पूजा के दौरान राज्य में शांति व विधि-व्यवस्था बनी रही, इसको लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट है. पुलिस के निर्देश के बाद सभी जिलों में दस हजार से अधिक सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गयी है. ताकि असामाजिक तत्व पूजा के उत्साह में किसी तरह का खलल न डाल सकें. सुरक्षा व्यवस्था में 5030 लाठी बल और 4975 होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है. इसके अलावा रैप की पांच, बीडीएस की टीम और अश्रु गैस की चार कंपनियों की भी तैनाती की गयी है. साथ ही रेंज के डीआईजी के नियंत्रण में 570 जवानों को रिजर्व रखा गया है. राज्य के अलग-अलग जिले में विशेष शाखा के जवान और अधिकारी भी सादे लिबाज में तैनात किये गये हैं, जो हर संदिग्धों पर नजर रखेंगे.

## 5 राज्यों की 22 जगहों पर एनआईए का छापा: आतंकी साजिश

**नई दिल्ली:** नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) ने महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में 22 जगहों पर एक साथ छापा मारा है। एनआईए ने एक आतंकी साजिश मामले को लेकर एक्शन लिया है। इसमें कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एनआईए को आशंका है कि हिरासत में लिए गए लोगों का कनेक्शन आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से है।

महाराष्ट्र के मालेगांव, जालना और संभाजीनगर में एनआईए की छापेमारी के दौरान एटीएस की टीम भी मौके पर पहुंची है। मालेगांव में एक होम्योपैथी क्लिनिक से एनआईए ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है। जालना से भी 1 शख्स को हिरासत में लिया गया है। इनसे आतंकी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के बारामूला में जिस शख्स के यहां छापा मारा गया है, उसका नाम इकबाल भट है। उस पर टेरर फंडिंग के आरोप हैं। इसके अलावा कश्मीर में कुछ लोकेशन पर भी छापेमारी चल रही है।

#### दिल्ली से 2 लोग हिरासत में

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के मुस्तफाबाद में एनआईए की छापेमारी कार्रवाई में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

## लाल किशोर नाथ शाहदेव और संजय पांडेय को कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेवारी





रांची : प्रदेश कांग्रेस ने लाल किशोर नाथ शाहदेव और संजय पांडेय को मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेवारी सौंपी है. प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दी है. जारी आदेश में संजय पांडेय और लाल किशोर नाथ शाहदेव को नये पद की जिम्मेवारी तत्काल संभालने को कहा है. साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों नवनियुक्त प्रवक्ताओं को शुभकामनाएं भी दी है.

## शॉर्ट सर्किट की वजह से बीजेपी ऑफिस में लगी आग

रांची : अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित बीजेपी ऑफिस में शनिवार की दोपहर आग लग गयी. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से लक्ष्मीकांत वाजपेई के कमरे में आग लगी है. अगलगी के बाद तुरंत लोगों ने आग को बुझाया. इस घटना में किसी भी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई है. बता दें कि इससे पहले बीते चार जून को भी बीजेपी ऑफिस में आग लगी थी.

## दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था में दस हजार से अधिक जवान तैनात

रांची : दुर्गा पूजा के दौरान राज्य में शांति व विधि-व्यवस्था बनी रही, इसको लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट है. पुलिस के निर्देश के बाद सभी जिलों में दस हजार से अधिक सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गयी है. ताकि असामाजिक तत्व पूजा के उत्साह में किसी तरह का खलल न डाल सकें. सुरक्षा व्यवस्था में 5030 लाठी बल और 4975 होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है. इसके अलावा रैप की पांच, बीडीएस की टीम और अश्रु गैस की चार कंपनियों की भी तैनाती की गयी है. साथ ही रेंज के डीआईजी के नियंत्रण में 570 जवानों को रिजर्व रखा गया है. राज्य के अलग-अलग जिले में विशेष शाखा के जवान और अधिकारी भी सादे लिबाज में तैनात किये गये हैं, जो हर संदिग्धों पर नजर रखेंगे. अगर कहीं भी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखी, तो वो उस पर तुरंत कार्रवाई के लिए पहल करेंगे.

## बिना वरीयता सूची जारी किये झाप्रसे के अधिकारियों के प्रमोशन पर सवाल

रांची : बिना वरीयता सूची जारी किये झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के प्रमोशन पर सवाल खड़ा होना शुरू हो गया है. सचिवालय सेवा सहित कई सेवाओं के बीच अधिकारियों में इसको लेकर बहस छिड़ी हुई है. सचिवालय में पदस्थापित दूसरे सेवा के अधिकारी-कर्मचारी भी झाप्रसे सेवा के अधिकारियों के प्रमोशन पर लगातार चर्चा कर रहे हैं. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग ने म्यूचुअल ट्रांसफर कराके बिहार से झारखंड आये पदाधिकारियों व कर्मचारियों पर एक दिशा निर्देश जारी किया और कहा कि अब नये सिरे से सेवा में वरीयता सूची का निर्धारण किया जायेगा. विभाग ने अपने पूर्व के आदेश को विलोपित भी किया था जिसमें म्यूचुअल ट्रांसफर कराके झारखंड आये अधिकारी-कर्मियों की वरीयता सूची बराबर रखी गयी थी, यानी पहले से जो राज्य में थे उनके साथ ही उनकी वरीयता कायम रखी गयी. लेकिन, इस पर वाद दायर हुआ है और कोर्ट से आदेश जारी जिस वजह से अब पूर्व के आदेश को विलोपित किया गया और नये सिरे से सभी सेवा में वरीयता सूची जारी करने का निर्देश सभी विभागों को दिया. लेकिन, विभाग खुद अपने ही आदेश को भूल गया और 29 सितंबर को हुई विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक की अनुशंसा का हवाला देते हुए 100 से अधिक अधिकारियों को प्रमोशन दे दिया. दूसरी सेवा के अधिकारियों का कहना है कि झाप्रसे सेवा के अधिकारियों का भी पहले वरीयता सूची जारी होनी चाहिए थी, इसके बाद ही प्रमोशन किया जाना उचित था.

## आशा लकड़ा ने ओरमांझी के ग्रामीणों से पूछा- सरकारी योजनाओं का मिल रहा है लाभ?



रांचीः राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने शनिवार को ओरमांझी प्रखंड में आम लोगों के साथ संवाद किया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यों की जानकारी दी . ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी पूछा कि अनुसूचित जनजाति के लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं. डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि संवाद के दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या बताई. जमीन से संबंधित कई मामले भी सामने आए. मसना व सरना स्थल की घेराबंदी नहीं कराई गई है. इसके अलावा पेंशन, पीएम आवास से संबंधित कई मामले भी सामने आए. सूची में संबंधित लाभुकों का नाम दर्ज नहीं किया गया है.

## सज-संवर कर आभा बिखेरने लगा अयोध्या का श्रीराम मंदिर



रांची : पुरानी विधानसभा मैदान में अयोध्या का श्रीराम मंदिर आभा बिखेरने लगा है. डेढ़ माह के कठिन परिश्रम के बाद आखिरकार कुशल कारीगरों ने राजधानी की धरा पर मंदिर का हूबहू स्वरूप उतार दिया. डिजाइन और लुक का क्या कहना. दूर से ही मंदिर स्वयं के साक्षात होने का प्रमाण देता प्रतीत हो रहा है. साज-सज्जा के सारे काम पूरे कर लिये गये हैं. मां की मनोहारी प्रतिमा भी सज-संवर कर तैयार है. अयोध्या धाम में विराजे श्रीराम जी भी दर्शन देंगे. 30 फीट ऊंची हनुमान जी की 4डी प्रतिमा लुभायेगी. कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टॉलों का अलग आकर्षण रहेगा. दर्शनार्थी 12 अक्तूबर तक यहां भक्ति के मेले का लुत्फ उठा सकेंगे. अध्यक्ष अशोक चौधरी और महासचिव कुणाल आजमानी ने बताया कि 12 अक्तूबर तक सुबह से देर रात तक पंडाल का पट खुला रहेगा. भक्तों को हरसंभव सहयोग और सुरक्षा देने की समुचित व्यवस्था की गयी है. सुरक्षा गार्ड के साथ 60 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं. फायर और एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है. पार्किंग की भी सुविधा रहेगी. पार्किंग जोन में करीब चार सौ गाड़ी आ सकेगी. पंडाल के दो ओर से प्रवेश और निकास द्वार रहेगा, तांकि किसी तरह की असुविधा न हो. प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रकाश धेलिया, रोहित अग्रवाल, रोहित पांडेय ,धीरज तनेजा,विकास सिंह,निर्मल जालान ,प्रमोद सारस्वत ,दीपक चौधरी, उमेश यादव, सुजीत वर्मा, शुभम शर्मा, कृष्ण अग्रवाल,प्रवीण कुमार, डॉ दिलीप सोनी, मनीष लोधा, नीलम चौधरी ,रोहित शारदा, धर्मेंद्र तिवारी,विजय चौधरी, महेश सोनी इसमें मुख्य योगदान दे रहे हैं.

# मॉडल स्कूल और सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलना मुख्य लक्ष्य : अजय नाथ शाहदेव



रांची : कांग्रेस पार्टी के हटिया विधानसभा स्तरीय संवाद कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने अपनी ताकत दिखायी. संवाद कार्यक्रम में अजय शाहदेव ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए अपनी प्राथमिकताओं को लोगों के सामने रखा. उन्होंने कहा कि शिक्षा पर हर अमीर और गरीब का समान अधिकार है. अगर जनता उन्हें मौका देती है, तो हटिया विधानसभा में सभी सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल की तर्ज पर विकसित करना उनका लक्ष्य है. कांग्रेस महासचिव ने कहा कि वे सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संगीत, खेल जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायेंगे, ताकि यहां रहनेवाले गरीब परिवार के बच्चे भी राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें. युवाओं की बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्योग-धंधे स्थापित कराना भी उनकी प्राथमिकता सूची में है. हटिया क्षेत्र के लोगों के लिए हटिया में ही रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि वर्तमान में हटिया क्षेत्र की जनता इलाज के लिए रांची के सदर अस्पताल या रिम्स पर निर्भर है. क्षेत्र में एक भी अस्पताल नहीं है और यहां के जनप्रतिनिधि को इसकी कोई चिंता ही नहीं है. हटिया क्षेत्र में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलवाना उनका लक्ष्य है, ताकि लोगों को समय से बेहतर इलाज मिल सके.

### भाजपा को झारखंड में पैर पसारने नहीं देना हैः बलमुचू

हटिया विधानसभा स्तरीय संवाद कार्यक्रम में पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने राज्य की हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनवायी. उन्होंने मंईयां सम्मान योजना, कृषि ऋण माफी, अबुआ आवास योजना, बिजली बिल माफी का जिक्र करते हुए कहा कि हटिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है. केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले तो फ्री में गैस सिलेंडर दिया, फिर उसका दाम बढ़ा दिया. लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार बचपन से बुढ़ापा तक जनता की फिक्र कर रही है.

### हटिया विधायक व्यापारी हैं, भाजपा को झारखंड से खदेड़ना है : बंधु तिर्की

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि हटिया विधानसभा सीट से हर हाल में अजय नाथ शाहदेव को विजयी बनाना है. उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से अजय नाथ शाहदेव को समर्थन करने की अपील की. कहा कि हम सभी को अजय नाथ शाहदेव को समर्थन करना है. क्योंकि भाजपा के वर्तमान विधायक को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना ही नहीं है. भाजपा विधायक मुख्य रूप से व्यापारी हैं. भाजपा को अप्रासंगिक बताते हुए तिर्की ने कहा कि भाजपा को झारखंड से खदेड़ना सभी लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है. अपनी खुली आंखों से सभी घटनाक्रम देख रही झारखंड की आम जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसके नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देगी.

### हटिया से अजय को जिताएं : गीताश्री उरांव

संवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश की संपत्ति अडानी-अंबानी के हाथों में सौंप दी है. केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण ही देशभर में कोरोना फैला. कोराना में बाहर फंसे मजदूरों को हेमंत सोरेन की सरकार ने विमान से लाने का काम किया. उन्होंने केंद्र सरकार पर सरना धर्म कोड को लटकाने का आरोप लगाया. कहा कि हटिया में अजय नाथ शाहदेव को जिताएं. कहा कि हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है. संवाद कार्यक्रम का संचालन रातू प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहाबिर लोहरा और रातू मंडल अध्यक्ष अतुल राज ठाकुर ने किया.

### संवाद कार्यक्रम में इन नेताओं की भी रही भागीदारी

संवाद कार्यक्रम में अमर उरांव, मेरी तिर्की, नीतू देवी, उषा देवी, शकुंतला देवी, लाल पृथ्वीनाथ शाहदेव, लाल रमेश नाथ शाहदेव, कुमार अतुल राज, कमल ठाकुर, गौतम उपाध्याय, दीपक ओझा, मेरी भगत, हुसे उरांव, रेणु तिर्की, लक्ष्मी नारायण भगत, सुखदेव उरांव, सबिता कुजूर, निरंजन कुमार, सुरेश गोप, अजीत उरांव, निकोलस एक्का, सुष्मिता तिर्की, अख्तर अंसारी, जसीम अंसारी, संजय साहू, हेमंत गाड़ी, सुदामा गोप, राजेश कुजूर, सोमा उरांव, रायमुनी किस्पोट्टा, अर्चना देवी, अकबर अली, गुलाम गौस अरशद, आशीष लकड़ा, विजय कच्छप, अभिराज, सुनील, अरविंद बाखला, रोशन तिर्की, शकील अंसारी, संतोष कुमार, मंजूर अंसारी, हकीम अंसारी, कर्मा लिंडा, विनीता तिर्की, मेनका गाड़ी, शैली, सरवरी, सुषमा, जतरी देवी, अजमुल हक, मोनाजिर हसन, राशिद अली, एनामुल अंसारी, सद्दाम अंसारी, रवि मुंडा, मनोज नायक सहित हजारों की संख्या में हटिया विधानसभा वासी उपस्थित थे.

## रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने लिखी सरकार को चिट्ठी कहा- हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे, वहीं कार्मिक ने शुरू की अपनी कार्यवाही



रांचीः रांची डीसी बनाए जाने के बाद से आईएएस मंजूनाथ भजंत्री फिर से एक बार चर्चा में हैं. चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को चिट्ठी लिखकर मंजूनाथ भजंत्री को रांची का डीसी बनाए जाने पर आपत्ति जतायी है. दरअसल आयोग का कहना है कि ऐसा होना हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन है. देवघर जिले के मधुपुर उपचुनाव के दौरान चुनाव आयोग की तरफ से तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव संबंधी कार्यों से दूर रहने का निर्देश दिया था. अब रांची डीसी बनने के बाद फिर से इस मामले ने तुल पकड़ा है. चुनाव आयोग की सरकार को चिट्ठी के बाद मंजूनाथ भजंत्री सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं. उन्होंने इस बात की जानकारी सरकार को चिट्ठी लिखकर दी है. न्यूज विंग से बात करते हुए मंजूनाथ ने कहा कि किसी को भी हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में ले जाने का पूरा अधिकार है.

### कार्मिक ने शुरू की अपनी कार्यवाही

इधर सरकार की तरफ से कार्मिक विभाग ने अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है. कार्मिक विभाग की तरफ से मुख्य सचिव को मामले से संबंधी सभी कागजात भेज चुकी है. आने वाले दिनों में संभवतः मुख्य सचिव या कार्मिक की तरफ से चुनाव आयोग को मामले से जुड़ी कार्यवाही के बारे में जानकारी दी जाए. कार्मिक की तरफ से मुख्य सचिव को भेजे गए फाइल में यह भी कहा गया है कि मामले पर सरकार अपनी तरफ से निर्णय ले.

### क्या था पूरा मामला

चुनाव आयोग की तरफ से मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन देवघर डीसी द्वारा आयोग के वोटर टर्न आउट अप और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश किए जाने की वजह से उन्हें 26 अप्रैल 2021 को उपायुक्त के पद से हटा दिया गया था. चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद सरकार ने उन्हें फिर से देवघर डीसी के पद पर स्थापित करने का आदेश दिया था. इसके करीब 6 महीने बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग को रिपोर्ट भेजकर यह जानकारी दी कि डीसी ने चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. आयोग ने इस पर उपायुक्त से स्पष्टीकरण पूछा. जवाब संतोषप्रद नहीं होने की वजह से 6 दिसंबर 2021 को आयोग ने उपायुक्त को हटाने और भविष्य में आयोग की अनुमति के बिना चुनाव से जुड़े काम में पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया. 23 दिसंबर 2021 को कार्मिक विभाग की ओर से आयोग के एक पत्र लिखकर कहा गया कि आयोग अपना आदेश वापस ले क्योंकि आचार संहिता समाप्त होने के बाद इस तरह का आदेश देने का अधिकार आयोग को नहीं है. इस तरह के आदेश से राज्य की संप्रभुता प्रभावित होती है.

## बाबूलाल मरांडी ने नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा के रिजल्ट पर उठाया सवाल, कहा- चुनाव में बेरोजगार युवा देंगे सरकार को जवाब



रांचीः नगरपालिका सेवा संवर्ग की परीक्षा के परिणाम पर पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सवाल किया है. 4 अक्टूबर को जारी इस एग्जाम के रिजल्ट को शेयर करते हुए एक्स पर उन्होंने लिखा है कि परीक्षा नई, लेकिन सीट बेचने की स्क्रिप्ट वही पुरानी. बाबूलाल के अनुसार, नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा की मेधा सूची में क्रम से अभ्यर्थियों के सफल होने के बाद इसकी भी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिह्न खड़े हो गए हैं. संभावना है कि हेमंत सोरेन ने नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा में सीट बेचने के लिए JPSC और PGT परीक्षा वाली पुरानी स्क्रिप्ट ही चुनी हो और लगातार क्रम से अभ्यर्थियों को पास कर दिया हो. ऐसा ही कारनामा हेमंत ने JPSC और PGT की परीक्षा में भी किया था, जब एक ही सेंटर और लगातार क्रम से सैकड़ों अभ्यर्थी परीक्षा में पास हुए थे.

बाबूलाल के अनुसार हेमंत सोरेन झारखंड के युवाओं को ठेंगा दिखाकर करोड़ों रुपये की लालच के लिए राज्य के युवाओं की नौकरी का सौदा कर रहे हैं. अकूत संपत्ति इकट्ठा करने की चाहत में उन्होंने गरीब बेरोजगारों के हक़ की नौकरियों को बेचने का धंधा खोल रखा है. बाबूलाल ने भरोसा जताते यह भी कहा है कि आगामी चुनाव में झारखंड के युवा/बेरोजगार एकजुट होकर भ्रष्ट और लालची हेमंत सोरेन को करारा जवाब देंगे.

## दुर्गोत्सवः मूर्तिकारों, शिल्पकारों से प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने पीओपी, थर्मोकोल से मूर्तियां बनाने से किया मना



रांचीः झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, रांची ने दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्तिकारों, शिल्पकारों, कारीगरों के लिए चेतावनी जारी की है. उनसे अपील भी करते कहा है कि वे माता दुर्गा और अन्य की मूर्तियां पारंपरिक तरीके से पवित्र मिट्टी और चिकनी मिट्टी से ही बनाएं. पर्षद ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा प्रकाशित 'मूर्ति विसर्जन हेतु संशोधित दिशा-निर्देश 2020' के अनुपालन की बात करते मूर्ति निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस, प्लास्टिक और थर्मोकोल के इस्तेमाल से बचने को कहा है. सदस्य सचिव (प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, झारखंड) राजीव लोचन बख्शी की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि विशाक्तहीन, अकार्बनिक कच्चे माल जैसे पीओपी, प्लास्टिक, थर्मोकोल से मुक्त पारंपरिक तरीके से मिट्टियों से ही मूर्ति बनाएं.

### यह भी हैं निर्देश

प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के मुताबिक, मूर्तियों के आभूषण बनाने के लिए केवल सूखे फूल, पुआल इत्यादि और मूर्तियों के प्राकृतिक रेजिन को मूर्तियों को आकर्षक बनाने के लिए एक चमकदार सामग्री के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है. एकल प्लास्टिक और थर्मोकोल सामग्री के प्रयोग की सख्त मनाही रहेगी। केवल पर्यावरणीय अनुकूल सामग्री के रूप में पुआल से बनी मूर्तियों, उसकी सजावट, पंडालों की सजावट के लिए पुआल का प्रयोग होगा ताकि जल स्रोतों में जल प्रदूषण को रोका जा सके. मूर्तियों को पेंट करने के लिए विषाक्त और अजैव-अपघटनीय रासायनिक डाई/ऑयल पेंटों का उपयोग ना हो. मूर्तियों के सौंदर्यीकरण के लिए केवल नेचुरल सामग्रियों और रंगों से बने एवं हटाए तथा धोने जा सकने योग्य सजावटी कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए. मूर्तियों को बनाने वाले शिल्पकारों या कारीगरों को नागरिक निकायों में रजिस्टर्ड होना चाहिए. ऐसा नहीं किए जाने पर मूर्ति निर्माण कार्य से दो सालों तक प्रतिबंधित किए जाने की बात कही गयी है. पर्षद ने विस्तृत जानकारी के लिए पर्षद की वेबसाइट से मदद लेने को कहा है.

## अब स्कोडा की सवारी करेंगे मुख्य सचिव, बीडीओ-सीओ को मिलेगी महिंद्रा बोलेरो



रांची : झारखंड में मुख्य सचिव रैंक के अफसर अब स्कोडा की सवारी करेंगे. इस रैंक के अफसरों को स्कोडा ऑक्टेविया और स्कोडा सुप्रव कार मिलेगी. ये सभी वाहन बाह्य स्रोत से लिए जायेंगे. इसके लिए टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्तूबर तक है. 25 अक्तूबर को शाम चार बजे टेंडर खोला जायेगा. वहीं प्रधान सचिव रैंक से लेकर सचिव रैंक तक के अफसर टोयटा इनोवा क्रिस्टा, हुंडई वरना, होंडा सिटी और वोक्सवैगन वर्चस की सवारी करेंगे.

### डीसी, डीडीसी और डीएफओ करेंगे महिंद्रा स्कॉर्पियो व टाटा सफारी की सवारी

वहीं डीसी, डीडीसी और डीएफओ (भारतीय वन सेवा) के अफसरों को महिंद्रा स्कॉर्पियो और टाटा सफारी उपलब्ध करायी जायेगी. वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित परियोजना निदेशक, अपर जिला दंडाधिकारी, एसडीओ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और डीएसपी को महिंद्रा बोलेरो मिलेगी.

### प्रधान जिला न्यायाधीश को मिलेगी हुंडई वरना

प्रधान जिला न्यायाधीश, ज्यूडिशियल अकादमी के डायरेक्टर और कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को हुंडई वरना, होंडा सिटी, और मारुति सियाज उपलब्ध करायी जायेगी. वहीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सेक्रेटरी को डिजायर, हुंडई ओरा और होंडा अमेज उपलब्ध करायी जायेगी.

### पुराने नियमों में संशोधन

वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार के अफसरों को नये मॉडल के वाहन उपलब्ध कराने के लिए नियमों में संशोधन किया गया है. सभी वाहन बाह्य स्रोत से लिए जायेंगे. विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, सहित अन्य प्रशासनिक कामों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नये वाहनों की आवश्यकता है.

# आंगनबाड़ी सेविका सहायिका धरने पर बैठीं, सरकार कैबिनेट में पारित करे आठ सूत्री मांगें, नहीं तो वोट बहिष्कार



रांची : आंगनबाडी सेविका सहायिका अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गयी. धरने में शामिल महिलाओं ने कहा कि पूरे राज्य में आंगनबाडी सेविका 38 हजार और सहायिका लगभग 35 हजार हैं. हम 2016 से सरकार से अपना हक मांग रहे हैं. इसके लिए कई बार हड़ताल-प्रदर्शन कर चुके है. सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है, लेकिन इस बार अपने हक के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है. कहा कि आठ अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक होने वाली है. इसमें हमारी नियमावली की सभी मांगों को पूरा करना होगा.

### 23 सितंबर को मोरहाबादी मे रैली बुलाई गयी थी

रांची जिला अध्यक्ष सुमन कुमारी ने कहा कि आठ अक्टूबर 2024 को कैबिनेट की बैठक होगी. इसमें यदि आंगनबाडी सेविका सहायिका का मांग पूरी नहीं हुई तो घर घर जाकर वोट बहिष्कार करने को कहा जायेगा. कहा कि 23 सितंबर को मोरहाबादी मे रैली बुलाई गयी थी.इसमें गिरीडीह विधायक पहुंचे थे. 27 सितंबर की कैबिनेट में इसे पारित करने का आश्वासन दिया था ,तब रैली को खत्म किया गया था, लेकिन इस बार आश्वासन नहीं चाहिए.

### रियाटरमेंट में एक मुश्त दस लाख रुपया दिया जाये

कांके प्रखंड की सुधा लिंडा ने कहा कि 60 साल बाद सभी रिटायर हो जायेंगी. इसके बाद बेरोजगार हो जायेंगी. रियाटरमेंट में एक मुश्त दस लाख रुपया दिया जाये, ताकि हम अपना घर परिवार का भरण पोषण कर सकें. इसके साथ ही काम का पैसा समय मिलना चाहिए. आरोप लगाया कि प्रोत्साहन राशि और जलावन की राशि निश्चित समय पर नहीं मिलती है.

### आंगनबाड़ी सेविका को हर माह 25 हजार मिले

रांची जिला कोषाध्यक्ष सीता तिग्गा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने 2019 में मांग पूरा करने का आश्वासन दिया था. लेकिन सरकार मांग पूरा करने से मुकर रही हैं. सरकार धोखा दे रही है. समान काम का समान वेतन में आंगनबाड़ी सेविका को हर माह 25 हजार और सहायिका को 15 हजार रूपया मिलना चाहिए. बोकारो जिले के रेवती देवी ने कहा कि राज्य में सभी आगंनबाडी अनिश्चितकालीन धरना दे रही है. इससे आंगनबाडी केंद्र बंद होने शुरू हो जायेंगे. इसमे तीन साल से पांच साल तक के बच्चो को पोषण आहार से वंचित होना पड़ेगा .

### आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की मांगें

नियमावली पूरी की जाये, आंगनबाडी केंद्रों की पोषाहार की राशि बाजार दर पर उपलब्ध कराई जाये, मानदेय का भुगतान ससमय पर पूरा किया जाये,-महिला पर्यवेक्षिका के पद पर शत प्रतिशत वरीयता के आधार पर प्रोन्नति दी जाये, – सर्वोच्च न्यायालय के आदेशनुसार सभी समाज कल्याण के संविदाकर्मियों के बीच व्याप्त मानदेय विसंगति को दूर कर आंगनबाडी कर्मियो को भी महंगाई एवं यात्रा भत्ता भुगतान किया जाये, ब्रांडेड कंपनी का एंड्राइड मोबाईल टैब रिचार्ज सहित आपूर्ति की जाये, पेशन लागू की जाये.

## विदेशी बिकवाली, घरेलू खरीदारी से बैंक, म्युचुअल फंड और एलआईसी संकट में

भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक अपना निवेश निकालकर मुनाफा वसूली करने में लग गए हैं। पिछले 5 दिनों में विदेशी निवेशकों ने लगभग 40000 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार से निकाल लिए हैं। इसके पहले भी विदेशी निवेशकों ने मुनाफा वसूली की है। विदेशी निवेशकों द्वारा चीन के शेयर बाजार में निवेश किया जा रहा है। भारत के शेयर बाजार से निवेशकों को पिछले 5 दिनों में लगभग 16.5 लाख करोड रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। इसमें भारत के घरेलू छोटे निवेशक और भारतीय वित्तीय संस्थानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। भारतीय शेयर बाजार की गिरावट को रोकने के लिए सरकार ने पूरी ताकत लगा दी है। बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों को शेयर बाजार में निवेश करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। म्युचुअल फंड 2 लाख करोड रुपए शेयर बाजार में निवेश कर के वर्तमान गिरावट को रोकने की तैयारी मे हैं। जिस तरह की वैश्विक स्थितियां बन गई हैं। भारतीय शेयर बाजार, अडानी समूह की कंपनियों के निवेश को लेकर हिडनबर्ग की रिपोर्ट, सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के ऊपर लगे आरोप, संसदीय समिति द्वारा जांच शुरू किए जाने, विपक्ष की जेपीसी की मांग को लेकर संसद सत्र के दौरान जो स्थिति बनी वह आगामी कुछ दिनों के बाद बन सकती है। ईरान, इजरायल, लेबनान, रूस और यूक्रेन के युद्ध को देखते हुए विदेशी बड़े निवेशक, भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालकर अन्य शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में सोने और चांदी में निवेश किए जाने के कारण सोने के दाम भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में भारतीय बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम और म्युचुअल फंड का निवेश बड़ी मात्रा में शेयर बाजार में किया गया है। यह निवेश शेयर बाजार की आग में घी डालने जैसा है। यह सारा निवेश, मुनाफा वसूली के कारण शेयर बाजार में रुकने के स्थान पर और ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। पिछले दो सालों से विदेशी निवेशक भारत में खरीदी करते थे, और उस निवेश को चीन के शेयर बाजार में जाकर बेच देते थे। इस रणनीति के तहत विदेशी निवेशकों ने चीन के शेयर बाजार के जरिए भारी मुनाफा कमाया है। इसमें भारत के बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने भी इस रास्ते का इस्तेमाल किया है। जिसके कारण शेयर बाजार की गिरावट को रोक पाना अब संभव नहीं हो पा रहा है। कुछ आर्थिक विशेषज्ञों का यह भी कहना है, कि जिस तरह से अमेरिका में 2008 की मंदी आई थी। ऊसने सारी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था। 2008 की अमेरिकी मंदी को महामंदी का नाम दिया गया था। सितंबर 2008 में अमेरिका के लेहमन ब्रदर्स द्वारा की गई वित्तीय अनिमियतता के बाद दिवालिया होने का आवेदन देने से अमेरिका की सारी अर्थव्यवस्था एक ही झटके में ढह गई थी। अमेरिका के सैकड़ों बैंक एक-एक करके कुछ ही महीनो में दिवालियापन के शिकार हो गए थे। इसका असर सारी दुनिया के देशों में हुआ था। विश्व बैंक ने दुनिया के सभी केंद्रीय बैंकों को निर्देश दिए थे। वह डॉलर के साथ-साथ सोने में भी निवेश करें। ताकि दुनिया की अर्थव्यवस्था को कोई खतरा न पहुंचे। उसके बाद सारी दुनिया के देशों ने बड़े पैमाने पर सोना खरीदकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने एवं आयात निर्यात व्यापार को नियंत्रित रखने का प्रयास किया था। भारतीय शेयर बाजार में जिस तरीके की गिरावट देखने को मिल रही है। इसका असर भारत की वित्तीय संस्थानों में पड़ना तय है। जिसके कारण आर्थिक विशेषज्ञ यह कहने से नहीं चूक रहे हैं। जिस तरह की हालत अमेरिका में 2008 में हुई थी, उसी तरह के हालात भारत में 2024 को देखने को मिल रहे हैं। 1992 में जिस तरह से हर्षद मेहता ने शेयर मार्केट के माध्यम से जो गड़बड़ घोटाले किए थे, उसी तरह के आरोप हिडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए हैं। जिसके कारण दुनिया भर के निवेश भारतीय शेयर बाजार से अपनी दूरी बना रहे हैं। वहीं भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर बैंकों में शेयर गिरवी रखकर भारी कर्ज लिया है, जिसके कारण निवेशकों में भारी घबराहट देखने को मिल रही है।

## विनाश का कारण बन सकती है उन्नत तकनीक

लेबनान में हजारों पेजरों और उसके बाद वाकी टाकी रेडियो , लैपटॉप और और सोलर उपकरणों में में एक साथ हुए धमाकों ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। इन धमाकों में 30 से ज्यादा मौतें हुईं और 3000 से ज्यादा लोग गंभीर रुप से घायल हैं। इसे आतंकी संगठन हिजबुल्ला के खिलाफ इजरायली सुरक्षा एजेंसी मोसाद का आपरेशन माना जा रहा है। तकनीक पर निर्भर व्यवस्थाएं चिंतित हैं। अगर यह संभव है तो जाने और कितना कुछ भी संभव होगा जिसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। नई तकनीकों के समंदर में गोते लगा रही युवा पीढ़ी तो शायद जानती भी न हो कि पेजर है क्या ? 80 के दशक में आया यह संचार माध्यम मोबाइल के आने से जल्द विदा हो गया। भारत में तो इसके आगमन प्रस्थान की भनक भी नहीं लगी। जीपीएस मोबाइल की तुलना में पेजर की बेहद बेसिक तकनीक इसकी ट्रैकिंग मुश्किल बनाती है। संभवतः इसीलिए इजरायली एजेंसियों द्वारा ट्रेस किए जाने से बचने के हिजबुल्ला ने इस पुरानी तकनीक पर निर्भर होना ठीक समझा। बहरहाल यह आश्वस्ति झूठी ही साबित हुई है।

धमाकों के पीछे पहली थ्योरी यह है कि इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल की फ्रीक्वेंसी हैकिंग से पेजर में लगी लिथियम बैटरी का टैंपरेचर बढ़ाकर ये धमाके किए गए। दूसरी थ्योरी के अनुसार हिजबुल्ला ने यह पेजर ताईवानी कंपनी गोल्ड अपोलो से खरीदे थे जिनकी बैटरी के साथ मोसाद ने विस्फोटक प्लांट कर दिए। एक संदेश ने विस्फोटक एक्टिवेट किया और हजारों पेजर एक साथ फट गए। हिजबुल्ला इस त्रासदी से उबर भी नहीं पाया था कि सैकड़ों वाकी-टाकी उपकरणों, लैपटॉप और यहां तक कि सोलर उपकरणों में भी ऐसे ही धमाके हुए। ताजातरीन खबरें तो यह हैं कि एक बेहद खुफिया और सोचे समझे तरीके से इजराइल ने एक फर्जी कंपनी के माध्यम से यह पेजर खुद बनाकर गोल्ड अपोलो कंपनी को सप्लाई किए जो अंततः हिजबुल्ला के सदस्यों तक पहुंचे। हमास के सुप्रीम कमांडर इस्माइल हानियां की इजरायल के दुश्मन नंबर एक ईरान की राजधानी तेहरान में हुई हत्या भी तकनीक के दम पर ही संभव हुई थी।

इस घटना से उपजी चिंताएं भयावह हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स ( आई.ओ.टी. ) तकनीक ने साईबर पहुंच को उपयोग की लगभग हर वस्तु तक पहुंचा दिया है। इस तकनीक से बिजली, मोटर वाहन, सुरक्षा और निगरानी, स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि, स्मार्ट होम और स्मार्ट सिटी जैसे बुनियादी ढाँचे को उन्नत किया जा रहा है। उपभोक्ता भी चाहता है कि दैनिक उपयोग की हर वस्तु हर वक्त उसकी पहुंच हो। कंपनियां इस कमजोरी का फायदा उठाकर हर उपभोक्ता उपकरण में यह तकनीक अपना रही हैं। कंपनियों को छुपा फायदा यह भी है कि उन्हें मार्केटिंग के लिए महत्वपूर्ण डाटा फ्री मिल रहा है जिसका उपयोग वे न सिर्फ खुद करती हैं बल्कि उसे बेचकर पैसा भी कमाती हैं। अनुमान है कि 2025 तक वैश्विक स्तर पर लगभग 11.4 बिलियन उपभोक्ता और 13.3 बिलियन इंटरप्राइजेज़ आई.ओ.टी. डिवाइस से युक्त होंगे और साईबर हमलों की पहुंच में होंगे। इनमें मोबाइल, कार , स्मार्ट वॉच, हैल्थ मानीटर, फ्रिज, टीवी , एयर कंडीशनर समेत पेसमेकर जैसे बैटरी से चलने और शरीर के अंदर लगाए जाने वाले मेडिकल उपकरण भी शामिल हैं। पेजर धमाके बताते हैं कि ऐसे किसी भी उपकरण को बम में तब्दील करना संभव है। अधिसंख्य लोग मोबाईल से निकलने वाले घातक रेडिएशन के खतरे से अपरिचित होंगे। विभिन्न देशों में इस रेडिएशन लिए अलग-अलग सीमाएं तय हैं। क्या तकनीक के बल पर इस रेडिएशन को जानलेवा घातक स्तर तक बढ़ाया जा सकता है ? अगर हां तो यह खतरे की एक और घंटी है।

यूक्रेन युद्ध का प्रारंभिक अनुमान था कि ताकत के दम पर रूस इसे कुछ ही दिनों में खत्म कर देगा। सारे अनुमान गलत साबित हुए और लगभग दो साल का लंबा समय बीतने के बावजूद यह अब भी जारी है। पश्चिमी देशों द्वारा दिए गए उन्नत तकनीकी उपकरणों के दम पर यूक्रेन न सिर्फ युद्ध में बना हुआ है बल्कि उसने रुस जैसे ताकतवर देश को गहरा नुकसान भी पहुंचाया है। इजरायल की हमास तथा हिजबुल्ला जैसे आतंकवादी संगठनों के साथ चलने वाली लंबी लड़ाई भी तकनीक के प्रयोग से निर्णायक स्थिति में पहुंचती दिख रही है। जाहिर है, भविष्य के युद्ध सेनाओं और हथियारों नहीं बल्कि वातानुकूलित कक्षों में तकनीक के दम पर लड़े जाएंगे। साईबर हमलों की ऐसी श्रंखला युद्धों और आतंकवादी गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रहेगी। ऐसे एक हमले से किसी भी देश की पूरी आर्थिक और जनोपयोगी व्यवस्था छिन्न-भिन्न कर उसे पंगु बनाया जा सकता है।

## फ़ितरती मानव के रोम- रोम में अहंकार

> “आज भले ही तुम रिश्वत व तलवे चाटकर सफल हो चुके हो मगर एक दिन तुम्हे औकात दिखा देगें कि तुम्हारी असलियत क्या है। आज तुम उपदेश देते हो। अतीत भूल गए। अतीत की परछाईयां मरते दम तक नहीं छोडेगी क्योकि कर्मो की सजा जरुर मिलेगी। नैतिकता का पाठ पढाते हो और अनैतिक कर्म करते हो। समय बलवान है भगवान सजा जरुर देगा। आज अपनों को पहचानने से कतरातें हो। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं।”

नरेंद्र भारती

फितरती मानव के रोम - रोम में अहंकार भरा हुआ है मानव को करुणा की दरकार है। अहंकार किसी का नहीं रहा अहंकारी ओंधे मुँह गिरे हैं अहंकार का सिर नीचा होता है। इतिहास साक्षी है की अहंकार में डूब चुके मानव एक दिन गुमनाम हो जाते हैं। गुमनामी के अँधेरे में जीने वाले लोगों को उजाला क्या मिला अपनी औकात ही भूल गए। फ़ितरती लोग बहुत ही घातक होते हैं इनका कोई दिन मान नहीं होता स्वार्थ खत्म पहचान खत्म फ़ितरती लोगों की यही पहचान है। स्वार्थ के लिए कुछ भी कर सकते हैं।जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामथ्र्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोडना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। कहते अपने ही काम आते है मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है कुते बिस्किट खा रहे है मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब,मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है। इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते है मगर दुख में साथ छोड देते है ,आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इन्कार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। अतः प्रत्येक इन्सान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। ईमानदारी की हमेंशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यो के लिए समाज उसे युगों युगों तक याद रखता है। ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए पुनीत कार्यो से अमर हो जाता है। ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोडों रुपयों से भी हासिल नहीं किया जा सकता। ईमानदार आदमी पहले दुसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरुरतमंद है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन सर्मपित कर देता है। कहते है ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है। ईमानदारी एक अच्छी नीति है। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उडाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ पड़यंन्त्र रचे जाते है मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है मगर बेईमानी औधें मुह गिर जाती है। सांच को आंच नहीं आती। ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। कहते है कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए भले ही आदमी कितनी ही उंचाईयां छू लें। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए ,प्रत्येक मानव का आदर -सत्कार करना चाहिए। जीवन एक बार बार-बार नहीं मिलता है, समाज में बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अन्धेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए क्योकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। हमेंशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योकि सच्चाई की सदा जीत हुई है। यह अटल सत्य है। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेंशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए। क्योकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है। आधुनिक युग का गिरगिट इंसान दूसरों को अंधेरे में रखकर लोमड़ी की तरह चालाक बनने की कोशिश करता है। मगर कितनी भी चालाकियां कर लो गिरगिटो वक्त हिसाब जरुर मांगेंगा तब तुम पछताओगे दया की भीख मागोगें मगर तब तक पाप का धड़ा भर चुका होगा। दया, दुआ काम नहीं आएगी क्योकि आपने कर्म ही ऐसे किए है कि माफी के लायक नहीं है। निजि स्वार्थो की खतिर दूसरों की बलि दी है। खुदगर्जी के लिए सपनों को रौंदा है। जीवन को नरक व भविष्य को अंधकार बनाया है। किसी को अंधरें में रखेगें तो एक समय ऐसा आएगा कि अंधेरे में दिखना शुरु हो जाएगा। यह एक सच्चाई है। गिरगिटो चालाकियों की उम्र ज्यादा नहीं होती। कब तक चालाकियां करोगे। प्रतिभा को कोई नहीं दबा सकता। प्रतिभा को कोई नहीं दबा सकता। प्रतिभा किसी की मोहजात नहीं होती। कितने रास्ते बंद करोगे। हम तो दरिया है हमें अपना हुनर मालूम है जिस तरफ भी चल पड़ेगें रास्ता हो जाएगा। गिरगिटो दरिया को रोकने की कोशिश मत करना अगर दरिया ने अपना रौद्र रुप दिख दिया उस दिन तुम्हारा नामोनिशान मिट जाएगा। वजूद नेस्तनाबूद हो जाएगा धराशायी हो जाओगे। हम सच्चे व इरादों के पक्केइंसान है चंद कागज के टुकड़ों चमक व चांदी की सिक्कों की खनक के आगे अपना ईमान गिरवी नहीं रख सकते। गिरगिटों अपने नीच कर्मो को सुधारो ताकि समाज में एक नए युग का सूत्रपात हो सके। अगर कर्म नहीं सुधारे तो भगवान तुम्हे मिटटी में मिला देगा। स्वाभिमान हमारा श्रृंगांर है। कर्म ही पुजा है। हम ईमानदारी से अपना कर्म कर रहे है। ईमान की रोटी कमाते है। मेंहनत करके पसीना बहाते है। आज भले ही तुम रिश्वत व तलवे चाटकर सफल हो चुके हो मगर एक दिन तुम्हे औकात दिखा देगें कि तुम्हारी असलियत क्या है। आज तुम उपदेश देते हो। अतीत भूल गए। अतीत की परछाईयां मरते दम तक नहीं छोडेगी क्योकि कर्मो की सजा जरुर मिलेगी। नैतिकता का पाठ पढाते हो और अनैतिक कर्म करते हो। समय बलवान है भगवान सजा जरुर देगा। आज अपनों को पहचानने से कतरातें हो। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं।

## ये तो लड्डू जेहाद हो गया...?

> “दक्षिणी भारत में मौजूद भगवान तिरुपति बालाजी का चमत्कारिक मंदिर देश-दुनिया में मशहूर है। भगवान विष्णु को समर्पित इस मंदिर की वास्तुकला और शिल्पकला देखने लायक है। ये मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरूपति के पास तिरुमला पर्वत पर स्थित है। भगवान तिरुपति बालाजी का मूल नाम श्री वेंकटेश्वर स्वामी है, जो खुद भगवान विष्णु हैं। इस मंदिर की ख्याति तिरुपति बालाजी के रूप में है और यहां भगवान विष्णु की पूजा होती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान श्री वेंकटेश्वर अपनी पत्नी पद्मावती के साथ तिरुमला में रहते हैं। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर के कई नाम हैं।”

मुस्ताअली बोहरा

विश्व प्रसिद्ध तिरूपति बालाजी मंदिर में भोग लगाने और भक्तों को बांटे जाने वाले लड्डु में पशुओं की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल किए जाने के आरोप सामने आने से लाखों लोगों की आस्था पर आघात लगा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों और लैब रिपोर्ट को सही माना जाए तो इससे अधिक अनैतिक और अधार्मिक कुछ हो ही नहीं सकता। जिस लड्डु को भक्तों ने भगवान व्यंक्टेश्वर की कृपा और आशीर्वाद समझकर ग्रहण किया था उसमें सुअर और बीफ के मांस से निकाली गई चर्बी का इस्तेमाल हुआ है। इतना ही नहीं अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर तिरुपति मंदिर से एक लाख लड्डु अयोध्या पहुंचे थे। तिरूपति बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए हर रोज करीब 85 हजार से ज्यादा भक्त पहुंचते हैं। यानि लाखों लोगों ने मिलावट वाला लड्डू प्रसादम ग्रहण किया, एक तरह से लड्डू जेहाद हो गया। इस लड्डू में जानवरों की चर्बी की मिलावट की खबर ने देश भर के सनातनियों को सकते में डाल दिया है। इतना ही इस खबर के बाद देश के अन्य विख्यात मंदिरों में प्रसाद बनाने की प्रक्रिया, उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री से लेकर वितरण तक की निरीक्षण-परीक्षण किया गया। इधर, लड्डु प्रसादम में मिलावट से लेकर रिपोर्ट सार्वजनिक होने तक के मामले में भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ये मामला आस्था के साथ राजनीतिक मसला बन गया है। एसएमएस लैब सर्विस की रिपोर्ट इसी साल जून महीने की है। मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में जानवर की चर्बी के सबूत वाली लैब रिपोर्ट जुलाई में आ गई थी लेकिन सीएम चंद्रबाबू नायडू ने इसका खुलासा एक माह बाद किया। आखिर इस लेट-लतीफी की क्या वजह थी ये भी अहम सवाल है। सीएम नायडू के गंभीर आरोपों के बाद पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने भी मीडिया से कहा कि उनकी सरकार ने पिछले कई दशकों से मंदिर में होने वाली टेंडर की तय प्रक्रिया का पालन किया है। तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में मिलावट की बात सामने आने के बाद अभी तक महज राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों, जबानी जमा खर्च ही हुआ है और कोर्ट में अदालती कार्रवाई शुरू हुई है, इसके अलावा मंदिर के शुद्धिकरण हुआ है बाकी धर्म ध्वजा उठाने वालों का बड़ा तबका फिलहाल खामोश ही है।

दक्षिणी भारत में मौजूद भगवान तिरुपति बालाजी का चमत्कारिक मंदिर देश-दुनिया में मशहूर है। भगवान विष्णु को समर्पित इस मंदिर की वास्तुकला और शिल्पकला देखने लायक है। ये मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरूपति के पास तिरुमला पर्वत पर स्थित है। भगवान तिरुपति बालाजी का मूल नाम श्री वेंकटेश्वर स्वामी है, जो खुद भगवान विष्णु हैं। इस मंदिर की ख्याति तिरुपति बालाजी के रूप में है और यहां भगवान विष्णु की पूजा होती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान श्री वेंकटेश्वर अपनी पत्नी पद्मावती के साथ तिरुमला में रहते हैं। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर के कई नाम हैं। उन्हें भगवान कृष्ण का प्रतिरूप माना जाता है, इसलिए उन्हें गोविंद भी कहा जाता है। तिरुमाला पहाड़ी पर स्थित मंदिर के गर्भगृह के निर्माण और उसमें मूर्ति की स्थापना के समय को लेकर अलग अलग मत है। बुद्धिजीवी श्रद्धालु मंदिर के पांच हजार साल पुराना होने का दावा भी करते हैं, लेकिन 1100 साल पहले के पल्लव राजवंश के समय से मंदिर में पूजा-अर्चना होने का इतिहास में वर्णन है। माना जाता है कि जो भी भक्त सच्चे दिल से भगवान वेंकटेश्वर के सामने मनोकामना मानता है, उसकी हर इच्छा पूरी होती है। दुनिया भर में मशहूर और चमत्कारिक मंदिर के लड्डु में जो भगवान को भोग भी लगाया जाता था और फिर भक्तों को प्रसाद के तौर पर बांटा भी जाता था, ऐसे प्रसाद में जानवरों की चर्बी की मिलावट में न सिर्फ आस्था पर चोट की बल्कि कई संगीन सवाल खड़े कर दिए हैं। भले ही मिलावट की खबर फैलने के बाद मंदिर का शुद्धिकरण किया गया हो, शांति होमम और वास्तु पूजा की गई हो, पंचगव्य ( गोबर, गौ मूत्र, दूध, घी, दही ) से मंदिर को शुद्ध किया गया हो और महा शांति होमम किया गया हो लेकिन इससे अपराध कम नहीं हो जाता। आखिर जो लोग सात्विक जीवन जीते हुए मांसाहार से दूर रहते हैं, उन्हें अगर यह मालूम हो कि उन्होंने पशुओं और उसमें भी गाय-भैंस के मांस से बने घी के प्रयोग से बने प्रसाद का सेवन किया है, तो उनकी आस्था और विश्वास को कितनी ठेस पहुंची होगी। अब यह भी कहा जा रहा है कि जिन लड्डुओं को प्रसाद के रूप में बांटा जाता है, उनमें यह मिलावट नहीं थी बल्कि अन्य खाद्य पदार्थों में इसकी मिलावट की जाती थी। जानवरों के मांस से बने पदार्थों की चाहे किसी भी खाद्य सामग्री में की गई हो मामला तो संगीन है। आखिर तिरुपति बालाजी के मंदिर में मिलने वाले प्रसाद का सच क्या है। क्या हकीकत में मिलावट की जाती रही है या फिर इस सब के पीछे कोई राजनीतिक द्ववेश है। सच सामने आना चाहिए। मिलावट के आरोप भी किसी ऐरे गैरे नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने लगाए हैं। और लैब रिपोर्ट भी गुजरात स्थित नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की है। तिरुपति बालाजी मंदिर के मामले में सभी पक्षों से जांच होनी चाहिए और उन सभी लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जो इसके लिए दोषी हैं। यहां बात केवल तिरुपति मंदिर में मिलने वाले देसी घी से बने लड्डुओं की ही नहीं है, बल्कि ये मंदिर देश के सबसे ज्यादा धनवान मंदिरों में से हैं। यहां चढ़ावे के रूप में नगदी के अलावा सोने-चांदी के आभूषण, जमीन जायदाद के कागज तक आते हैं। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट के अंतर्गत श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का संचालन होता है, जो दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट भी है। लिहाजा, प्रसाद में मिलावट की बात सिर्फ यहीं तक सीमित नजर नहीं आती। तमाम पहलुओं की जांच और उनका सार्वजनिक होना निहायत जरूरी है।

## क्या है शुद्ध अहिंसा!

गांधी जी ने अपने जीवन में अहिंसा के विविध प्रयोग किए। वे एक वैज्ञानिक थे। उनका जीवन प्रयोगशाला था। उनका प्रारंभिक और अंतिम साहित्य देखने से यह तथ्य भलीभांति स्पष्ट हो जाता है। बड़े जीव की सुरक्षा के लिए छोटे जीव को मारने में वे पाप बताते थे। खती को हानि पहुंचाने वाले बंदर, हिरण तथा अन्य जहरीले जानवरों को मारने में भी वे पाप मानते थे। यद्यपि आवश्यकतावश उन्होंने जीवों को मारने की इजाजत भी दी, पर उसे शुद्ध अहिंसा कभी नहीं माना। मेरे सामने भी ऐसे प्रश्न आते हैं कि बिल्ली चूहे को मारती है तो उसे बचाना अहिंसा है या नहीं? मैं कहता हूं कि बचाना या बिल्ली को भगाना आपका काम है। मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं करता, किंतु इसे शुद्ध अहिंसा नहीं माना जा सकता। शुद्ध अहिंसा वही है जहां हिंसक का दिल बदले। बिल्ली से आप चूहे को बचा सकेंगे, किंतु उसे अहिंसक नहीं बना सकते।

बूचड़खाने में पैसा देकर आप जानवरों को बचा सकते हैं, किंतु ऐसा करके आप कसाई को अहिंसक नहीं बना सकते। मैं किसी को बचाने में अवरोधक नहीं बनता। किंतु मेरा वास यह है कि अहिंसा और धर्म को पैसों से खरीदा नहीं जा सकता। डंडे के बल से भी अहिंसा नहीं हो सकती। वह तो किसी के दिल को बदलने से ही हो सकती है। आज धार्मिकों की स्थिति बड़ी दयनीय है। उन्हें देखकर दिल में दर्द होता है। जैसे-तैसे शोषण से पैसे का अर्जन करते हैं, फिर उससे किसी मंदिर का फर्श और धर्मशाला बनाकर या सदाव्रत खोलकर मन से सोचते हैं कि हमने धर्म किया है। यह कैसी विडंबना है?

धर्म नहीं कहता कि आप पाप से पैसा कमाएं। ऐसे धार्मिक लोग हथियार नहीं रखते, किंतु कलम से न जाने कितनों के गले काट लेते हैं। कोई किसान सेठ के पास बैठा था। सेठ के कान से कलम गिर पड़ी। किसान बोला- आपकी छुरी गिर गई है। सेठ झुंझलाकर बोला- कैसी बात कर रहे हो, हम तो धार्मिक आदमी हैं, फिर छुरी कैसे रख सकते हैं? किसान ने कलम हाथ में लेकर पूछा- यह क्या है?

### इच्छाओं को समर्पित करते जाओ

सभी इच्छाएं खुशी के लिए होती हैं। इच्छाओं का लक्ष्य ही यही है। किंतु इच्छा आपको कितनी बार लक्ष्य तक पहुंचाती है? इच्छा तुम्हें आनंद की ओर ले जाने का आभास देती है, वास्तव में वह ऐसा कर ही नहीं सकती। इसीलिए इसे माया कहते हैं। इच्छा कैसे पैदा होती है? किसी सुखद अनुभव की स्मृति या भूत के प्रभाव से इच्छा पैदा होती है। कुछ सुनने से भी इच्छा जागृत हो सकती है या किसी विशेष स्थान या व्यक्ति के संपर्क से। किसी और व्यक्ति की जरूरत या इच्छा भी तुम्हारी अपनी इच्छा के रूप में पैदा हो सकती है। मान लो कोई भूखा है, तो तुम्हें उसे खिलाने की इच्छा हो सकती है, या कोई तुमसे बात करना चाहता हो तो तुम्हारी भी उससे बात करने की इच्छा हो सकती है। कभी-कभी नियति या कोई घटना जिसमें तुम्हें भाग लेना है, तुममें इच्छा जाग्रत करती है, पर तुम अपने कृत्यों का कारण नहीं जानते।

इच्छाएं अपने आप उत्पन्न होती हैं, वे तुमसे पूछकर नहीं आतीं। जब इच्छाएं उत्पन्न होती हैं, तुम उनका क्या करते हो? यदि तुम सोचते हो कि तुम इच्छाहीन हो जाओ, तो यह भी एक और इच्छा है। मैं एक उपाय बताता हूं- सिनेमा देखने के लिए टिकट खरीदनी पड़ती है और यह टिकट प्रवेश द्वार पर देनी पड़ती है। यदि तुम उस टिकट को पकड़े रखोगे तो अंदर कैसे जाओगे? उसी प्रकार, यदि तुम किसी कॉलेज में दाखिल होना चाहते हो तो आवेदन पत्र की जरूरत है। उसे भरकर जमा करना पड़ता है। उसे पकड़कर नहीं रख सकते। इसी प्रकार जीवन-यात्रा में भी अपनी इच्छाओं को पकड़कर मत रखो, उन्हें समर्पित करते जाओ। जैसे-जैसे समर्पण करते जाओगे, इच्छाएं भी कम उत्पन्न होंगी। सौभाग्यवान वे हैं जिनमें इच्छा उत्पन्न ही नहीं होती, क्योंकि इच्छा जागृत होने के पहले ही वे तृप्त हैं।

# ट्रंप ने इजरायल को दी सलाह कहा- पहले ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करो



वॉशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इजरायल को सलाह देते हुए कहा कि पहले ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करें इसके बाद दूसरी चिंता करें। पूर्व राष्ट्रपति ने उत्तरी कैरोलिना में एक रैली को संबोधित करते हुए इस सप्ताह राष्ट्रपति जो बाइडेन से पूछे गए एक सवाल का जिक्र किया, जिसमें इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाए जाने की संभावना के बारे में पूछा गया था। बता दें कि इससे पहले बाइडेन से पूछा गया कि क्या वह ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले का समर्थन करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा "मेरे पास इसका जवाब नहीं है।"बाइडेन ने ईरान की परमाणु शक्ति के खिलाफ इस तरह के हमलों का विरोध किया, जो कि इजरायल की ओर लगभग 200 ईरानी मिसाइलों के दागे जाने के जवाब में था। उन्होंने कहा, हम इजरायलियों के साथ चर्चा करेंगे कि वे क्या करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी जी 7 सदस्य इस बात पर सहमत हैं कि इजरायल को जवाब देने का अधिकार है, लेकिन उन्हें आनुपातिक रूप से जवाब देना चाहिए।

ट्रंप ने कहा, "उन्होंने उनसे पूछा कि आप ईरान के बारे में क्या सोचते हैं? क्या आप ईरान पर हमला करेंगे? उन्होंने कहा, 'जब तक वे परमाणु हथियारों पर हमला नहीं करते। यही वह चीज है जिसे आप खत्म करना चाहते हैं, है न?"ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, "मुझे लगता है कि वह गलत हैं। क्या आपको यही नहीं करना चाहिए? मेरा मतलब है कि हमारे लिए सबसे बड़ा जोखिम परमाणु हथियार है।" ट्रंप ने कहा, जब उन्होंने उनसे यह सवाल पूछा, तो जवाब यह होना चाहिए था कि पहले परमाणु बम गिराओ और बाकी की चिंता बाद में करो। अगर वे ऐसा करने जा रहे हैं, तो वे ऐसा करने जा रहे हैं। लेकिन हम पता लगा लेंगे कि उनकी क्या योजना है।डेमोक्रेटिक उम्मीदवार और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ राष्ट्रपति चुनाव की लड़ाई में उलझे ट्रंप ने हाल ही में मध्य पूर्व में तनाव में वृद्धि के बारे में बहुत कम बात की है। उन्होंने इस सप्ताह एक तीखा बयान जारी करते हुए इस संकट के लिए बाइडेन और हैरिस को जिम्मेदार ठहराया।

### ईरान के तेल संयंत्र नहीं, अन्य जगह पर हमले के बारे में सोचे इजराइल, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नेतन्याहू को दी सलाह

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल को सलाह दी कि वह ईरान के तेल उत्पादन संयंत्रों पर हमले के बजाय अन्य विकल्प तलाशे। बाइडेन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका इजराइल के साथ ईरान के मिसाइल हमलों का जवाब देने की रणनीति तैयार कर रहा है। बाइडेन ने कहा कि देखिए, इजराइलियों ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वे किस तरह से हमला करने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि अगर मैं उनकी जगह होता, तो तेल क्षेत्रों पर हमला करने के बजाए अन्य विकल्पों के बारे में सोचता। उन्होंने यह भी कहा कि उनके प्रशासन के अधिकारी इजराइली समकक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

बाइडेन ने कहा कि इजराइल फिलहाल हाई-हॉलिडे की छुट्टियों का आनंद ले रहा है और इसलिए उन्हें यह देखने के लिए इंतजार करना होगा कि इजराइल ईरान पर हमला करने का क्या फैसला लेता है।

बता दें ईरान ने विगत दिवस को इजराइल पर कम से कम 200 मिसाइलें दागी थीं। इस हमले का इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब देते हुए कहा था कि ईरान ने बड़ी गलती की है और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान के नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने भी इजराइल पर हमले की सराहना की और इसे पूरी तरह से कानूनी और वैध बताया है। उन्होंने इस्लामिक देशों से एकजुट होने का आह्वान किया यह कहते हुए कि दुश्मन एक है और सबको साथ आने की जरूरत है।

## श्रीलंका अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देगा, श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने चीन को दिखाया आईना, जयशंकर ने दिया आश्वासन



कोलंबो,(ईएमएस)। भारत को घेरने चीन हमेशा से अपने पड़ोसी मुल्कों का फायदा उठाता रहा है। कभी पाकिस्तान, नेपाल तो कभी श्रीलंका। इन देशों की जमीन का इस्तेमाल ड्रेगन भारत को घेरने के लिए करता है लेकिन इस बार उसे पड़ोसी देश से करारा जवाब मिला है।

दरअसल, श्रीलंका दौरे पर गए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात में श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने चीन को खरी खोटी सुनाई है। राष्ट्रपति दिसानायके ने जयशंकर से मुलाकात में कई मुद्दों पर बातचीत की। इसी दौरान उन्होंने कहा कि वह श्रीलंका की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ गतिविधियों के लिए नहीं होने देंगे। दोनों देशों ने इस बात पर जोर दिया कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। भारत ने श्रीलंका को उसकी अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया और बदले में श्रीलंका ने कहा कि उसके क्षेत्र का इस्तेमाल भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल तरीके से नहीं होने दिया जाएगा। जयशंकर के साथ एक बैठक में राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा कि समृद्ध श्रीलंका के उनके दृष्टिकोण को साकार करने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत का आर्थिक समर्थन अहम है। 23 सितंबर को दिसानायके के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार के सत्ता में आने के बाद श्रीलंका का दौरा करने वाले जयशंकर पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत द्विपक्षीय ऋण पुनर्गठन पर श्रीलंका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा और निजी बांड धारक ऋण पुनर्गठन समझौते का समर्थन करेगा। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे ऊर्जा उत्पादन और संचरण और ईंधन और एलएनजी आपूर्ति के क्षेत्र में चल रही पहल अन्य क्षेत्रों के अलावा द्वीप राष्ट्र के लिए आर्थिक स्थिरता में योगदान देगी और राजस्व के नए स्रोत प्रदान करेगी।

## नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 42



अबुजा (ईएमएस)। मध्य नाइजीरिया के नाइजर स्टेट में इस सप्ताह की शुरुआत में हुई नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, स्टेट मैनेजमेंट एजेंसी के चीफ अब्दुल्लाही बाबा-आराह ने बताया कि गुरुवार को करीब 17 और शव बरामद किए गए हैं, जिसमें से छह शुक्रवार की सुबह मिले।

इसके पहले नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू के प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक यात्रियों को ले जा रही नाव के पलटने के बाद कम से कम 25 शव बरामद होने की पुष्टि हुई है। प्रवक्ता ने कहा कि नाइजर नदी में एक नाव के पलट जाने के बाद 150 से अधिक लोगों को बचा लिया गया। यह घटना मोक्वा स्थानीय सरकारी क्षेत्र में जेब्बा बांध के पास हुई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया था कि पीड़ित एक धार्मिक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे जब यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि नाव पर ज्यादातर महिलाएं और बच्चे सवार थे। दुर्घटना का सही कारण अभी भी जांच के दायरे में है। बाबा-आराह ने बताया कि लापता लोगों को खोजने के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है। इस बीच, राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (एनआईडब्ल्यूए) को नाइजर और पूरे देश में नाव दुर्घटनाओं की जांच करने और इस तरह की घटनाओं रोकने के लिए तैयारी करने का आदेश दिया।

नाइजीरियाई राष्ट्रपति ने एनआईडब्ल्यूए को अंतर्देशीय जल की निगरानी के दायरे का विस्तार करने का भी निर्देश दिया ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और रात में नौकायन पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सके। नाइजीरिया में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर ओवरलोडिंग, प्रतिकूल मौसम की स्थिति और परिचालन संबंधी गलतियों के कारण होती हैं।



मास्को, रूस में मास्को फैशन वीक के दौरान एक मॉडल एक क्रिएशन पेश करती हुई। मास्को फैशन वीक शुक्रवार को शुरू हुआ और 9 अक्टूबर तक चलेगा।

## कांगो में क्लेड 2बी वायरस को लेकर टीकाकरण शुरु


किंशासा (ईएमएस)। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के स्वास्थ्य मंत्री रोजर कांबा ने देश में टीकाकरण अभियान के पहले चरण की शुरुआत की है। पहले यह अभियान बुधवार से शुरू होना था, लेकिन अब यह किवु प्रांत की राजधानी गोमा से आरंभ होगा, जहां क्लेड 2बी वायरस का सबसे अधिक प्रकोप है। यह वायरस यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। मंत्री कांबा ने बताया कि टीकाकरण अभियान किवु तक भी पहुंचेगा, जहां इस बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। वर्तमान में लगभग 265,000 वैक्सीन खुराक उपलब्ध हैं। हमने तय किया है कि हम सबसे पहले सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण करे, इसलिए अभियान पूर्व में शुरू किया जा रहा है। कांबा ने कहा कि उपलब्ध खुराकों की संख्या को देखकर, इस चरण में मुख्य रूप से वयस्कों को प्राथमिकता दी जाएगी। डीआरसी की योजना 3.5 मिलियन वैक्सीन की खुराक के साथ 2.5 मिलियन लोगों का टीकाकरण करने की है। हालांकि, शोध से पता चला है कि इसका इस्तेमाल 17 साल से कम उम्र के बच्चों में भी किया जा सकता है, लेकिन वर्तमान में हम वयस्कों से शुरुआत कर रहे है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, अफ्रीकी क्षेत्र में एमपॉक्स (जिसे पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था) के सभी मामलों का संक्रमण केंद्र डीआरसी है।

## चार दिनों में हिजबुल्ला के 250 आतंकियों को किया खत्मः इजरायल

तेल अवीव(ईएमएस)। इजरायली चार दिन पहले दक्षिणी लेबनान में शुरू किए गए जमीनी अभियान के तहत 2,000 से अधिक सैन्य ठिकानों को नष्ट किया और हिज्बुल्ला के 250 आतंकवादियों को मार गिराया। आईडीएफ के एक बयान में कहा गया है, इस दौरान पांच ब्रिगेड स्तर के कमांडर, 10 कंपनी कमांडर और छह प्लाटून कमांडर भी मारे गए। इजरायली वायु सेना (आईएएफ) भी इस अभियान में सक्रिय है और दक्षिणी लेबनान में हमलों को अंजाम दे रही है। आईडीएफ ने स्पष्ट किया कि डिवीजन 98 की सेनाएं जमीनी कार्रवाई शुरू करने वाली पहली यूनिट थीं। इस ऑपरेशन के दौरान, आईएएफ ने इमारतों में छिपे हिज़्बुल्ला आतंकवादियों को निशाना बनाया और उनके हथियारों के भंडार को भी नष्ट किया, जिसमें लॉन्च करने के लिए तैयार लांचर भी शामिल थे। आईडीएफ ने कहा, वायु सेना के जवान हमारे जमीनी अभियान को सफल बनाने में मदद कर रहे हैं। अब तक, जमीन और हवा से लगभग 250 आतंकवादियों को खत्म किया गया है, और 2,000 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमले कर आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे, सैन्य भवनों और गोला-बारूद के डिपो को नष्ट किया गया है।

## एक्स पृथ्वी के लिए ग्रुप चैट है: एलन मस्क

### मस्क ने 200 मिलियन फॉलोअर्स की उपलब्धि हासिल की



सैन फ्रांसिस्को (ईएमएस)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क ने 200 मिलियन फॉलोअर्स तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बनकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अक्टूबर 2022 में मस्क ने 44 बिलियन डॉलर में इस प्लेटफॉर्म का अधिग्रहण किया था।

मस्क के इस नए मुकाम ने उन्हें सोशल मीडिया की दुनिया में और भी मजबूत बना दिया है। वे अपने फॉलोअर्स के साथ नियमित रूप से संवाद करते हैं और प्लेटफॉर्म को एक तरह की वैश्विक चर्चा का केंद्र मानते हैं। उन्होंने हाल ही में कहा, एक्स पृथ्वी के लिए ग्रुप चैट है, यह संकेत देते हुए कि यह प्लेटफॉर्म दुनिया भर के लोगों के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। हालांकि, मस्क के फॉलोअर्स की संख्या को लेकर कुछ विवाद भी उठ रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, उनके अधिकांश फॉलोअर्स नकली हो सकते हैं और लाखों नए निष्क्रिय अकाउंट्स के कारण उनकी फॉलोइंग संख्या में वृद्धि हुई है। लेकिन इस दावे को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।मस्क ने हाल ही में यह भी घोषणा की कि एक्स पर मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 600 मिलियन से अधिक हो गई है, जबकि दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 300 मिलियन है। उनका लक्ष्य एक्स को एक एवरीथिंग ऐप में बदलना है, जहां उपयोगकर्ता न केवल संवाद कर सकें, बल्कि फिल्में और टीवी शो भी पोस्ट कर सकें और डिजिटल भुगतान कर सकें। हालांकि, इस सप्ताह की शुरुआत में, वैश्विक निवेश फर्म फिडेलिटी ने मस्क द्वारा संचालित एक्स में अपनी हिस्सेदारी के मूल्य में 78.7 प्रतिशत की कटौती की।

इसका मतलब है कि एक्स का मूल्य अब केवल 9.4 बिलियन डॉलर होने की संभावना है। इस मूल्य में कमी से मस्क के भविष्य के योजनाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं, लेकिन वे अपने विज़न को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ प्रतीत होते हैं। इस प्रकार, एलन मस्क ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि वे सोशल मीडिया की दुनिया में एक महत्वपूर्ण शक्ति हैं, जबकि उनके कार्यों और विचारों का प्रभाव वैश्विक स्तर पर देखा जा रहा है। मालूम हो कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा, जिनके 131.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं, और प्रसिद्ध फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो, जिनके 113.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

## अमेरिका-ब्रिटेन ने किया यमन एयरपोर्ट पर हमला, हूती विद्रोहियों ने दी चेतावनी



बैरूत,(ईएमएस)। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर हवाई हमला कर दिया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन की राजधानी सना और होदेइदाह एयरपोर्ट समेत यमन के कई हिस्सों पर हमले किए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि हमलों में धमार शहर के दक्षिण क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया है। अमेरिका ने यह कार्रवाई लाल सागर में एक अमेरिकी जहाज को निशाना बनाए जाने के बाद की है। बता दें कि यमन के हूती विद्रोहियों ने विगत दिवस लाल सागर में विस्फोटकों से लैस एक ड्रोन दागा, जो एक पोत से टकराया और एक मिसाइल भी दूसरे जहाज से टकराई। इजराइल-हमास युद्ध के क्षेत्रीय टकराव में तब्दील होने की संभावना के बीच, यह हमला विद्रोहियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर पिछले कुछ सप्ताहों में किया गया। हूती विद्रोहियों ने इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल को निशाना बनाकर सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी थी।

पोत पर हमला लाल सागर में बंदरगाह शहर होदेदा से करीब 110 किलोमीटर दूर हुआ। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजरने वाले पोत को निशाना बनाकर हमले हाल में तेज कर दिए हैं। ब्रिटिश सेना ने चेतावनी दी कि एक पोत के कैप्टन ने अपने जहाज के पास पानी में गतिविधियां देखीं जो संभवतः पोत पर दागी गई मिसाइल या ड्रोन थे। चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और पोत अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। मिसाइल से किया गया एक अन्य हमला एक अलग जहाज को निशाना बनाकर किया गया जो स्वेज नहर उत्तर की ओर जा रहा था और उस पर सशस्त्र सुरक्षाकर्मी सवार थे। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बाद में एक पूर्व में रिकॉर्ड किये गए संदेश में, दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है।

## बर्ड फ्लू का प्रकोप, वियतनाम के चिड़ियाघरों में 47 बाघों की मौत ने बढ़ाई चिंता



हनोई,(ईएमएस)। दक्षिणी वियतनाम के चिड़ियाघरों में बर्ड फ्लू के कारण एक तेंदुआ, तीन शेर और 47 बाघों की मौत हो गई है। इसने स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है कि यह वायरस मनुष्यों को भी संक्रमित कर सकता है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह घटनाए अगस्त और सितंबर में दो चिड़ियाघरों में हुई हैं। ये चिड़ियाघर लॉन्ग एन प्रांत के प्राइवेट माई क्विन सफारी पार्क और राजधानी हो ची मिन्ह सिटी के डोंग नाई में स्थित हैं। नेशनल सेंटर फॉर एनिमल हेल्थ डायग्नोसिस के परीक्षण परिणामों ने पुष्टि की है कि जानवरों की मौत एच5एन1 टाइप ए वायरस के कारण हुई है। चिड़ियाघरों के कर्मचारियों में अभी तक बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं मिले हैं। चिड़ियाघरों ने इस घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वाइल्ड लाइफ संरक्षण पर केंद्रित एक गैर सरकारी संगठन के मुताबिक 2023 के आखिर तक वियतनाम में कुल 385 बाघ चिड़ियाघरों में रह रहे थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि 2022 के बाद से एच5एन1 सहित इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण स्तनधारियों में घातक प्रकोप के मामले बढ़ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि एच5एन1 संक्रमण मनुष्यों में हल्के से गंभीर तक हो सकता है और कुछ मामलों में यह घातक भी हो सकता है। वियतनाम ने मार्च में डब्ल्यूएचओ को इस वायरस के कारण एक इंसानकी मौत की सूचना दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि चिड़ियाघरों में जानवरों को संक्रमित मुर्गी का मांस खाने से वायरस का संक्रमण फैला होगा। बाघों में पहले भी एवियन इन्फ्लूएंजा का प्रकोप देखा गया है। 2003 और 2004 में जब यह बीमारी दक्षिण-पूर्व एशिया में फैली थी, तब 24 लोग इससे संक्रमित हो गए थे। 2004 में, थाईलैंड में दुनिया के सबसे बड़े प्रजनन फार्म में दर्जनों बाघ की बर्ड फ्लू से मौत् हो गई थी या उन्हें मार दिया गया था। इस स्थिति ने वियतनाम में स्वास्थ्य अधिकारियों को सतर्क कर दिया है, और भविष्य में इस वायरस के संभावित खतरे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

## हैती में 70 लोगों की मौत...... 10 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल

जिनेवा (ईएमएस)। हैती में एक घातक गैंग हमले में करीब 70 लोगों की मौत हुई, इसमें 10 महिलाएं और 3 बच्चे भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय द्वारा जारी बयान में इन हमलों पर गहरी चिंता जाहिर की है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता थामीन अल-खेतन ने कहा कि ग्रैन ग्रिफ गैंग के सदस्यों ने ऑटोमैटिक राइफलों का इस्तेमाल करके लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, इसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए और कई निवासियों को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। हैती के आर्टिबोनाइट विभाग के पोंट सोंडे शहर में हुए इस हमले में करीब 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिसमें हैती पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हुए दो गैंग सदस्य भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, गिरोह के सदस्यों ने केवल लोगों को ही नहीं, बल्कि 45 से अधिक घरों और 34 वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया, जिससे कई निवासियों को अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा।

हैती में हिंसा और आपराधिक घटनाओं में बढ़ोत्तरी ने चिंता को बढ़ा दिया है। यहां सशस्त्र गिरोह राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के अधिकांश हिस्सों को नियंत्रित कर रहे हैं और आसपास के क्षेत्रों में भी उनकी पहुंच बढ़ रही है। इस स्थिति ने भूख और बेरोजगारी में वृद्धि की है, जिससे सैकड़ों लोग बेघर हो चुके हैं।



तुलकारम में इजरायल के हमले के बाद घटनास्थल का निरीक्षण करते फिलिस्तीनी अधिकारी।

## ईरान और इजरायल : कभी तेल और हथियार होते थे सप्लाई, अब जंग के मुहाने पर दोनों देश



वाशिंगटन (ईएमएस)। ईरान और इजरायल एक दूसरे के कट्टर दुश्मन हैं जो कि अब जंग के मुहाने पर खड़े हैं। इसकी वजह है ईरान का इजरायल पर 180 से ज्यादा मिसाइल अटैक, ये हमला पिछले मंगलवार की रात को हुआ था, जब इजरायल के आसमान में ईरानी मिसाइलों की भारी बौछार देखी गई। हालांकि ये कोई रहस्य नहीं है कि ईरान-इजरायल का कट्टर दुश्मन है, लेकिन कई लोगों को यह जानकर हैरानी हो सकती है कि कभी ऐसा भी समय था जब दोनों देशों के बीच बहुत करीबी संबंध थे। लेकिन आज हालात पूरी तरह से अलहदा हैं।

ईरान से तेल इजरायल की इंडस्ट्री और सैन्य जरूरतों के लिए काफी जरूरी था, जबकि इजरायल के दुश्मन अरब देशों ने तेल पर प्रतिबंध लगा रखा था। 1968 में स्थापित ईलाट-अश्केलोन पाइपलाइन कंपनी एक महत्वपूर्ण संयुक्त परियोजना थी, जिसने मिस्त्र के अधीन स्वेज नहर को दरकिनार करते हुए ईरानी तेल को इजरायल तक पहुंचाया। इसके बदले में इजरायल ने 1980 के दशक में इराक के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए ईरान को आधुनिक सैन्य उपकरण और हथियार प्रदान किए। टाइम्स ऑफ इजरायल में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार ईरानियों ने इजरायल से हाईटेक मिसाइल सिस्टम, एम-40 एंटीटैंक गन, उजी सबमशीन गन और विमान इंजन भी इंपोर्ट किए। ईरान के शाह ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ सैन्य सफलता के कारण इजरायल की तारीफ भी की, फिर प्रोजेक्ट फ्लावर आया, जो हाईटेक मिसाइल सिस्टम को संयुक्त रूप से डवलप करने के लिए इजरायल-ईरानी वेंचर था।

1979 में ईरानी क्रांति ने ईरान-इजरायल संबंधों में एक बड़ा बदलाव किया। पहलवी राजवंश के पतन और अयातुल्ला खामेनेई के नेतृत्व में इस्लामिक गणराज्य की स्थापना ने ईरान की विदेश नीति और वर्ल्ड व्यू को पूरी तरह से उलट दिया। हालांकि शुरुआती साल में ईरान और इज़रायल ने अपने संबंधों को सामान्य बनाए रखने पर जोर दिया। इज़रायल और ईरान दोनों ने सद्दाम हुसैन की इराकी सरकार का मुकाबला करना अपने हित में देखा। ब्रिटिश अख़बार के अनुसार 1980-88 के ईरान-इराक युद्ध के दौरान इजराइल ने ईराना को सालाना 500 मिलियन डॉलर के हथियार बेचे थे। इन सौदों को सुविधाजनक बनाने के लिए इज़रायल ने स्विस बैंक में खाते भी खोले। येरुशलम में इज़रायली अधिकारियों को उम्मीद थी कि हथियारों की सप्लाई ईरानी सेना को खुश रखेगी और अयातुल्ला के शासन को उखाड़ फेंकेगी। ईरान-इराक युद्ध के बाद भी कुछ समय तक दोनों देशों के बीच सीक्रेट रिलेशन जारी रहे, लेकिन बाद में संबंधों में गिरावट आने वाली थी।

## हूती पर अमेरिका के हमले में ब्रिटेन शामिल नहीं

यमन,(ईएमएस)। अमेरिकी सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर हमला कर हथियार प्रणालियों, अड्डों और अन्य उपकरणों को निशाना बनाया। यमन के हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन मिला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर सैन्य विमानों और युद्धपोतों के जरिए बमबारी की गई।



# हील्स से पाएं ग्लैमरस लुक

सही फुटवेयर पहनना भी ग्लैमरस लुक के लिए जरुरी है। कई बार आप हील्स को लेकर असमंजस में रहती हैंक्योंकि हील्स में बहुत सारे विकल्प होते हैं जिसमे से किसी एक का चयन आसान नहीं होता। ऐसे में आपको वो नहीं मिल पाता है जो आप चाहते है। यहां अलग-अलग प्रकार की हील्स हैं जो हर स्टाइलिश लड़की के पास होते हैं।

### स्टिलेटो हील्स

स्टेलेटो सैंडल को पहन कर जब आप बाहर निकलते हो और जहाँ आप जाते हो आप एकदम ग्लैमरस महसूस करती हैं। स्टिलेटो हील्स सेंसुअल फुटवियर माने जाते है। फैशनेबल ऑर्नमेंटशन, डेलिकेट डिजाइन और पॉइंटेड हील्स स्टिलेटो हील्स को फैशन रडार में सबसे पहले रेंक पर लाती है।

### वैज हील्स

युवतियां कॉस्मोपॉलिटन लुक्स के लिए वैज हील्स को पसंद करती है बल्कि फैशनेबल महसूस करती हैं। यदि आप स्टिलेटो के साथ कम्फर्टेबल महसूस नहीं करती है तो वैजस के साथ करेगी। फ्लोइंग स्कर्ट के साथ मोटे वैज हील्स आपके एंकल्स को पतले भी दिखाएंगे और



फिटिंग वाले कपड़ो के साथ यह और भी खूबसूरत लगता है।

### किटन हील्स

किटन हील्स कम हील्स की श्रेणी में आते हैं। विश पूरी करने की उम्र नहीं होती है जैसे कि सुंदर और आकर्षक लगने के लिए। चाहे आप सोलह साल की हो या चालीस की हों, किटन हील्स आपकी समस्या को हल करेगी। वे युवा महिलाओं को लेबल किए बिना अच्छा लुक देते हैं।

### ग्लेडियेटर्स

जिनमे कई पट्टियां हैं और जो पट्टियों के साथ एक अलग डिज़ाइन का निर्माण करते हैं, उन्हें ग्लैडिएटर जूते के रूप में जाना जाता है। यद्यपि आज की पीढ़ी पिछले एक या दो वर्षों से ग्लेडिएटर जूते जानती है, ग्लेडिएटर जूते का इतिहास यूनानियों और रोमनों की प्राचीन संस्कृति से वापस आ गया है। ग्लेडियेटर्स जूते आपके व्यक्तित्व के लिए बहुत कुछ जोड़ सकते हैं हमारे पास विभिन्न तरह के ग्लेडियेटर्स हैं - फ्लैट्स हील्स नी लेंथ तक, ऐंकल लेंथ से काल्फ लेंथ तक इसके अलावा ज़िपरों, बकल्स, और स्टड के साथ, ग्लेडियेटर्स इन दिनों में बहुत चल रहे हैं।

### कोन हील्स

आप आसानी से कोन हील्स की आकार के साथ प्यार में पड़ सकते हैं। कोन हील्स एक कूल और सोफिस्टिकेटेड लुक देता है।

# घर में सौभाग्य के लिए लगाएं शमी का पेड़

शमी के कांटों का प्रयोग तंत्र, मंत्र बाधा और नकारात्मक शक्तियों के नाश के लिए होता है। शमी के फूल, पत्ते, जड़ें, टहनी और रस का प्रयोग शनि संबंधी दोषों को दूर करने के लिए भी किया जाता है। आयुर्वेद में शमी के वृक्ष का प्रयोग गुणकारी औषधि के रूप में भी किया जाता है। पुराणों में भी शमी के वृक्ष का वर्णन देखने को मिलता है। मान्यता है कि लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान राम ने भी शमी के पेड़ की पूजा की थी। हर शनिवार शमी के पत्ते शनिदेव को चढ़ाने से शनि के दोष कम होते हैं।

प्राचीन मान्यता है कि शमी का पेड़ घर में सौभाग्य लाता है। शमी का पेड़ लगाने से उसमें रहने वालों पर देवी-देवताओं की कृपा बनी रहती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा के साथ सुख-समृद्धि भी बनी रहती है। भगवान शिव को शमी के फूल अति प्रिय माने जाते हैं। रोजाना पूजा के वक्त उन्हें यह फूल अर्पित करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और सभी प्रकार के संकटों से दूर रहते हैं। शमी का पेड़ आपको शनि के प्रकोप से भी बचाता है।

### ईशान कोण में लगायें

शमी के पौधे को घर के ईशान कोण यानी पूर्वोत्तर कोने में लगाना सबसे लाभकारी माना जाता है। इनमें प्राकृतिक तौर पर अग्नि तत्व भी छिपा होता है। न्याय के देवता शनि को प्रसन्न करने के लिए भी शमी के पेड़ का प्रयोग किया जाता है। हर शनिवार को शमी के पेड़ की जड़ के पास सरसों के तेल का दीपक जलाना चाहिए। वैसे तो शनि के प्रभाव में पीपल का वृक्ष भी आता है। परंतु पीपल के वृक्ष की विशालता के कारण इसे घर के अंदर लगा पाना संभव नहीं हो पाता है। इस कारण आप घर में शमी का पेड़ लगा सकते हैं।



### नकारात्मक शक्तियों को समाप्त करता है

शमी के कांटों का प्रयोग तंत्र, मंत्र बाधा और नकारात्मक शक्तियों के नाश के लिए होता है। शमी के फूल, पत्ते, जड़ें, टहनी और रस का प्रयोग शनि संबंधी दोषों को दूर करने के लिए भी किया जाता है। आयुर्वेद में शमी के वृक्ष का प्रयोग गुणकारी औषधि के रूप में भी किया जाता है। पुराणों में भी शमी के वृक्ष का वर्णन देखने को मिलता है। मान्यता है कि लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान राम ने भी शमी के पेड़ की पूजा की थी। हर शनिवार शमी के पत्ते शनिदेव को चढ़ाने से शनि के दोष कम होते हैं।

### भगवान शिव और गणेश को हैं प्रिय

मान्यता है कि शमी भगवान शिव और गणेश को भी अति प्रिय है। सोमवार के दिन भगवान शिव का शनि के पत्ते को पुष्प चढ़ाने से लाभ होगा। गृहस्थ लोगों के जीवन में सुख-शांति आती है। वहीं गणेशजी को बुधवार के दिन दूर्वा के साथ आप शमी के पुष्प अर्पित करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा करने से आपके घर में कभी पैसों की तंगी नहीं आती और मां लक्ष्मी का वास सदैव बना रहता है। एक मान्यता में यह भी बताया गया है कि पांडवों ने अज्ञातवास के वक्त शमी के पेड़ की जड़ में ही अपने अस्त्र-शस्त्र छिपा दिए थे, इसलिए शमी के पेड़ को इतना महत्वपूर्ण माना जाता है।



# अविवाहितों को ज्यादा होता है हार्ट अटैक का खतरा

अविवाहित हार्ट पेशेंट को अधिकतर मौत का सामना करना पड़ता है एक शोध के मुताबिक अक्सर अकेले रहने वाले लोग उदास रहते हैं। रिसर्च में यह बात सामने आई है। जब इसकी तुलना शादीशुदा लोगों से की गई तो पता चला कि अविवाहित लोगों को मौत का खतरा हमेशा बना रहता है। शादी लोगों को सामाजिक बनने के साथ ही जिंदगी में खुशी देन में मददगार साबित होती है। यह दिल की बीमारी वाले लोगों के लिए बहुत मददगार और महत्वपूर्ण हो जाती है।

एक अध्ययन के अनुसार, यह प्रयोग उन लोगों पर किया गया जिनकी औसत उम्र 63 साल रही, ऐसे करीब 6,051 मरीज थे जिनपर ये प्रयोग हुआ। ये वो लोग थे जिनका या तो तलाक हो गया या फिर कभी शादी नहीं हुई इस वजह से उन्हें बाद में हृदय रोग से ग्रसित होना पड़ा। यह रिसर्च इन चार सालों में उन मरीज के ऊपर है जो हृदय रोग से पीड़ित थे। इसमें पाया गया है कि शादीशुदा की तुलना में अविवाहित लोग दिल की बीमारियों से 24 फीसदी ज्यादा मरते हैं। अध्ययन में ये भी बताया गया है कि जो दिल के मरीज



# वर्कप्लेस पर महत्व बढ़ाने में काम आएंगे ये तरीके



वर्कप्लेस पर आप अक्सर देखते हैं कि कुछ लोग बहुत से काम पहले से ही करके रखते हैं और उनकी गैर-मौजूदगी में बहुत-से काम शुरू नहीं किए जाते हैं। दूसरा, कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उनकी राय जरूर ली जाती है। हालांकि ऐसे लोगों से प्रभावित तो सभी होते हैं, लेकिन सभी उनकी क्वालिटीज को अपनाने के लिए प्रयास नहीं करते। यहां कुछ ऐसे ही तरीकों के बारे में बात की जा रही है जो आपके अंदर कुछ खास क्वालिटीज डेवलप करने में मदद करेंगी और अपने को-वर्कर्स के बीच आपके महत्व को बढ़ाएंगी।

### पूरी जानकारी रखें और रिसर्च वर्क करते रहें

अपने काम से जुड़ी रिसर्च और अपनी ऑर्गनाइजेशन की बेहतरी के लिए लगातार काम करते रहें। आपके रोल के लिए यह जरूरी न हो, तो भी ऐसा करते रहें। कोशिश करें कि आपकी ऑर्गनाइजेशन के प्रोग्राम्स, डिविजन्स और स्पेशल टास्क आदि से इंफॉर्म्ड रहें। अवसर मिलने पर अपने होमवर्क को फायदा उठाएं।

### प्रॉब्लम पता लगाकर ऑफर करें सॉल्यूशन

अक्सर लोग उतना ही काम करते हैं जितना उनको कहा जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप काम से संबंधित विभिन्न समस्याओं का पता लगाएं, साथ ही उनके समाधान भी सामने रखें। इससे आपके को-वर्कर्स और मैनेजमेंट में यह मैसेज जाता है कि आप सचेत होकर अपना काम कर रहे हैं और समर्पित हैं।

# अगर कंटेंट बेस्ड आंत्रप्रेन्योर हैं तो ये गलतियां करने से बचें

अगर आप ऐसे कारोबारी हैं जो किसी भी प्रकार का कंटेंट बनाकर उसे ग्राहकों को दे रहे हैं तो आप कंटेंट बेस्ड आंत्रप्रेन्योर हैं। यह कंटेंट किसी भी प्रकार का हो सकता है, जैसे लेख, सूचियां, वीडियोज, फोटोज आदि। साथ ही यह किसी भी प्लेटफॉर्म पर हो सकता है, उदाहरण के लिए इंस्टाग्राम, यूट्यूब, कोई ब्लॉग या फिर कोई ऐसी वेबसाइट जहां कंटेंट ही यूएसपी हो। यानी अगर आप यूट्यूब पर कोई कॉमेडी या फैशन से जुड़ा वीडियो डाल रहे हैं, तो आप एक कंटेंट बेस्ड आंत्रप्रेन्योर हैं। अगर आप इस फील्ड में हैं और अपनी स्थिति को मजबूत बनाना चाहते हैं तो कुछ बातों से बचना जरूरी होगा।

### पक्षपाती होना

बिना पूरी बात जाने किसी का पक्ष न लें। चाहे कोई आपके विरोध में ही क्यों न बोले, एक बार उनकी बात भी सुन और समझ लें। यह एक ऐसी चीज है जो कई कंटेंट क्रिएटर्स को ध्यान नहीं रहती। अगर आप पक्षपाती बने रहेंगे, तो लंबे समय में अपनी ऑडियंस का बड़ा हिस्सा खो भी सकते हैं।

### आस्था के विरुद्ध होना

अगर आप कॉमेडी करते हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि आपके मजाक से किसी के धार्मिक विश्वास को ठेस न पहुंचे। आपकी कही हुई कोई बात लोगों को बुरी लग सकती है। अगर आपकी ऑडियंस किसी संवेदनशील मुद्दे पर आपसे नाराज हुई तो आपका बिजनेस कठिनाई में पड़ सकता है।

### अधूरा कंटेंट परोसना

कहते हैं कि आधा सच पूरे झूठ से खतरनाक होता है। जब तक विषय की पूरी जानकारी न हो उसके बारे में कंटेंट क्रिएट न करें। अगर ऐसा करेंगे तो हो सकता है कि बाद में आपको अपनी बात से पलटना पड़ जाए। यह आपके बिजनेस के लिए घातक साबित हो



सकता है।

### नकल करना

कंटेंट की दुनिया में ओरिजनल कंटेंट को ही सम्मान मिला है। इंटरनेट ने दुनिया को समेट कर रख दिया है, ऐसे में नकल करके तैयार किया गया कंटेंट ज्यादा दिनों तक छिप नहीं सकता। एक बार कंटेंट चोरी करने का ठप्पा लग गया, तो वहलाख कोशिशें करने के बावजूद भी नहीं हटेगा।

# पेट का संक्रमण अपनायें ये घरेलू तरीके

अगर आप भी पेट की गड़बड़ी से परेशान हैं और दवाई खाने से बचना चाहते हैं तो तत्काल राहत पाने के लिए ये घरेलू तरीके अपनायें। पेट में गड़बड़ी संक्रमण की वजह से होती है। पेट में संक्रमण की बहुत सी वजह हो सकती हैं। खराब खाना, पानी या हाथों के माध्यम से शरीर में पहुंची गंदगी। जिसकी वजह से बार-बार दस्त होना, कमजोरी होना, उल्टी होना और कभी-कभी बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

अगर आप भी कुछ इस तरह की समस्या झेल रहे हैं तो राहत पाने के लिए ये घरेलू उपाय करें। पेट की गड़बड़ी में अक्सर अदरक का इस्तेमाल काफी कारगर होता है। इसमें एंटीफंगल और एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं, जो पेट दर्द में राहत देता है। एक चम्मच अदरक पाउडर को दूध में मिलाकर पीने से आराम मिलता है।

### दही

पेट दर्द में दही का इस्तेमाल काफी फायदेमंद रहता है। दही में मौजूद बैक्टीरिया संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिससे पेट जल्दी ठीक होता है। साथ ही ये पेट को ठंडा भी रखता है।

### सेब का सिरका

पेट दर्द में सेब के सिरके का घरेलू उपाय भी काफी कारगर साबित होता है। सेब के सिरके में पेक्टनि की पर्याप्त मात्रा होती है जिससे पेट दर्द और मरोड़ में राहत मिलती है। इसका अम्लीय गुण खराब पेट के संक्रमण को ठीक करने में भी कारगर है एक चम्मच सिरके को



एक गिलास पानी में मिलाकर पीने से जल्दी आराम होता है।

### केला


अगर आप बार-बार हो रहे मोशन से परेशान हो चुके हैं तो केले का इस्तेमाल आपको राहत देगा। इसमें मौजूद पेक्टिन पेट को बांधने का काम करता है। इसमें मौजूद पोटैशियम की उच्च मात्रा भी शरीर के लिए फायदेमंद होती है।

### पुदीना

पुदीना एक बेहद हेल्दी हर्ब है। सदियों से इसका इस्तेमाल पेट से जुड़ी समस्याओं के समाधान में किया जाता रहा है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाचन क्रिया को सुधारने में भी सहायक होता है।

# सफल बिजनेस के लिए इसीलिए जरूरी है मेंटेनेंस प्लान

एक बार बिजनेस वेबसाइट के बनकर तैयार हो जाने के बाद भी उसमें बहुत से काम जारी रहते हैं, जैसे उसके विभिन्न हिस्सों को डेवलप, कोडिंग व डिजाइन करना और नया कंटेंट तैयार करना आदि। सिर्फ वेब प्रेजेंस बनाकर ही आपका कोई फायदा नहीं होता है। छोटे बिजनेसेज के लिए जरूरी है कि वे वेबसाइट मेंटेनेंस के लिए कोई प्लान बनाकर रखें। मार्केटिंग की वजह से यूजर आपकी वेबसाइट पर एक बार तो आ जाएंगे, लेकिन आपके प्रॉडक्ट में उनकी रुचि तभी बढ़ेगी जब इस पर उन्हें अच्छा अनुभव मिलेगा। खराब लिंक्स, 404 एरर या स्लो लोडिंग टाइम की वजह से यूजर दोबारा आपकी वेबसाइट पर नहीं आना चाहेंगे। चूंकि आपके बिजनेस को शुरू में वेबसाइट से ही जान रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि आप कुछ समय और एनर्जी उसे अप-टु-डेट रखने में लगाएं। वेबसाइट मेंटेन करना इसलिए जरूरी है कि उसमें बिजनेस से जुड़ी और कस्टमर्स की बहुत-सी जरूरी सूचनाएं होती हैं।




# नौकरी में महिलाएं अब भी पीछे

समाज में आज महिलाओं को बराबरी के अधिकार और अवसर दिये जाने का दावा किया जा रहा है पर वास्तविकता इससे दूर है। अब भी नौकरियों के मामले में महिलाएं अपने पुरुष समकक्षों से काफी पीछे हैं। दुनियाभर में शीर्ष पदों पर महिलाओं की उपस्थिति अब भी कम है और उन्हें मातृत्व की वजह से भी नुकसान भी उठाना पड़ता है.

युक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इसमें कहा गया है कि भारत में प्रबंधक स्तर पर वैसी महिलाओं की संख्या केवल 10 प्रतिशत के करीब है, जिनके छह साल से कम उम्र के बच्चे हैं।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 1990 के दशक से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर में नाममात्र सुधार हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, शीर्ष पदों पर महिलाओं की उपस्थिति अब भी कम है। पिछले 30 साल से स्थित बहुत कम बदली है। इसमें कहा गया है, महिलाओं के पास अपने पुरुष समकक्षों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक डिग्री होने के बावजूद यह स्थिति है। महिलाओं के लिए रोजगार के कम अवसर और कम वेतन के लिए शिक्षा मुख्य कारण नहीं है। बल्कि महिलाओं को अपनी पढ़ाई-लिखाई का वैसा लाभ नहीं मिलता जितना कि पुरुषों को मिलता है।



# कप्तान हरमनप्रीत ने कहा- हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला

### महिला टी20 विश्व कप : पहले ही मैच में भारत को न्यूजीलैंड ने 58 रनों से हराया

दुबई,(ईएमएस)। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पहले ही मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड टीम ने भारत को 58 रनों से हराया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस हार पर निराशा जताई और स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 102 रन पर आउट हो गई, और एक भी खिलाड़ी 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका।



हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कि हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला लेकिन हमें भरोसा है कि टीम आगे बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने पिच या लक्ष्य को हार का कारण नहीं बताया और कहा कि 160-170 रनों का पीछा करने की क्षमता उनकी टीम में है, लेकिन लगातार विकेट गिरने से ऐसा संभव नहीं हो पाया। अब भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ़ अपना दूसरा मैच खेलेगी। हरमनप्रीत को उम्मीद है कि उनकी टीम इस मैच में वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि यह टीम और बेहतर करने में सक्षम है। यह शुरुआत उम्मीद के मुताबिक़ नहीं थी, लेकिन हमें अब आगे बढ़ना होगा। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपनी जीत और टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे अपनी टीम पर गर्व है। भारत जैसी विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ़ ऐसा प्रदर्शन करना शानदार है।

### एक हार से रुक नहीं सकते.....पूरा टूर्नामेंट बाकी, बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का बयान

भारतीय मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा है कि भारतीय टीम को महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड से मिली हार को पीछे छोड़कर आगे बढ़ाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को शुक्रवार को कीवी टीम के खिलाफ 58 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब, भारतीय टीम अपने अगले मैच में रविवार को पाकिस्तान का सामना करेगी। रोड्रिग्स ने कहा, हमें मैच को भूलकर आगे बढ़ना होगा क्योंकि यह विश्व कप है। हम एक मैच की हार पर अटके रह सकते हैं। उन्होंने कहा, हम एक प्रक्रिया का पालन कर एक बार में एक मैच पर पूरा ध्यान दे रहे ताकि अपना 100 प्रतिशत दे सके। हम जानते हैं कि अब हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा है। जेमिमा ने कहा कि अगर टीम अपनी प्रक्रिया पर कायम रहती है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है, तब वे मैच जीतने में सफल हो सकते हैं। रोड्रिग्स ने अफसोस व्यक्त किया कि उन्हें उम्मीद थी कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करेगी, लेकिन ऐसा नहीं कर सकी। वे (न्यूज़ीलैंड) दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरे थे। लेकिन दुर्भाग्यवश उनका फायदा नहीं उठा पाए। लेकिन यह टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ है, और हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ खेलना होगा।

उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने पर कहा कि इससे उन्हें कोई खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन उन्हें खेद है कि वह साझेदारी बनाने के लिए क्रीज पर ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। मैं किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार हूं। मुझे यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि कुछ विकेट गिरने के बाद हम अच्छी साझेदारियां निभाएं। जेमिमा का यह सकारात्मक दृष्टिकोण निश्चित रूप से टीम के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे आगे के मैचों में अपनी ताकत दिखाने का प्रयास करेंगी।

### कीवी बल्लेबाज अमेलिया हुई रन आउट, अंपायर ने वापस बुलाया

भारत और न्यूजीलैंड के बीच महिला टी20 विश्व कप 2024 के पहले ही मैच में एक विवादास्पद क्षण देखने को मिला, जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कीवी बल्लेबाज अमेलिया केर को रन आउट न देने के फैसले पर नाराजगी जाहिर की । हरमनप्रीत की दोनों अंपायरों से तीखी बहस हुई, जिससे खेल कुछ देर रुका रहा। भारतीय टीम के कोच अमोल मजूमदार भी थर्ड अंपायर के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करते नजर आए।

दीप्ति शर्मा की ओवर की अंतिम गेंद पर केर ने शॉट खेला और एक रन पूरा किया। दूसरे रन के लिए दौड़ते समय, हरमनप्रीत ने गेंद को विकेटकीपर रिचा घोष की ओर फेंका, जिससे रिचा ने गिल्लियां बिखेर दीं लेकिन उस समय केर क्रीज के अंदर नहीं पहुंची थीं। भारतीय कप्तान ने आउट की अपील की, और केर पवेलियन जाने लगीं लेकिन अंपायर ने केर को वापस बुला लिया, यह बताते हुए कि गेंद डेड थी क्योंकि दीप्ति अपना ओवर पूरा कर चुकी थीं। अंपायर का यह फैसला हरमनप्रीत को समझ नहीं आया, और उन्होंने मैदान पर अंपायरों से बहस की।

इस विवाद के बाद अमेलिया केर ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सकीं। अगले ही ओवर में, रेणुका ठाकुर ने केर को श्रेयांका पाटिल के हाथों कैच करा दिया। अमेलिया केर ने 22 गेंदों पर 13 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 160 रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, उन्होंने 33 गेंदों पर 50 रन पूरे किए। ओपनर सूज़ी बेट्स ने 27 रन बनाए, जबकि जॉर्जिया प्लीमर ने 34 रन की पारी खेली। ब्रूक हॉलीडे ने भी 16 रन बनाए। भारत की ओर से रेणुका ठाकुर ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए, लेकिन इस विवाद ने मैच की गति को प्रभावित किया।

## निशानेबाज़ मनु भाकर ने किया पहली बार मतदान



झज्जर (ईएमएस)। ओलंपिक 2024 में दो ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने वाली प्रसिद्ध निशानेबाज़ मनु भाकर ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान पहली बार मतदान किया। एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद मनु भाकर ने युवाओं से मतदान की अहमियत को समझने की अपील की।

मनु ने कहा, "मतदान करना एक बड़ी ज़िम्मेदारी है। इस देश के युवा होने के नाते, हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने मत का सही उपयोग करें और जिसे हम बेहतर नेता मानते हैं, उसे वोट दें। हमारे छोटे-छोटे क़दम ही हमें ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।" मनु भाकर ने पहली बार मतदान के अनुभव को साझा करते हुए कहा, "पहली बार वोट डालना मेरे लिए बहुत रोमांचक था। हमें सोचना चाहिए कि हमारा प्रतिनिधि कौन हो, और वही निर्णय हमें देश के बेहतर भविष्य की ओर ले जाएगा।" उनकी यह अपील विशेष रूप से उन युवाओं के लिए प्रेरणादायक है जो पहली बार वोट डाल रहे हैं। भाकर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके एक-एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार हो सकता है। उनका उत्साह और जिम्मेदारी का अहसास यह दर्शाता है कि युवा पीढ़ी अपने भविष्य के प्रति कितनी जागरूक है।

## टी20 लीग से बर्बाद हुआ पाकिस्तान क्रिकेट : जहीर



अजमान (ईएमएस)। पाकिस्तान के सबसे बेहतर बल्लेबाजों में शामिल रहे जहीर अब्बास ने कहा है कि उनकी टीम का प्रदर्शन बदतर होने का कारण देश में बढ़ता हुआ टी20 लीग क्रिकेटर है। जहीर के अनुसार लीग क्रिकेट से काफी पैसा मिल रहा है जिससे खिलाड़ियों का ध्यान खेल से ही हट गया है। इस वजह से खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट की मूल बातें भूल गए हैं। अब्बास ने कहा कि क्रिकेट में इतना पैसा आ गया है कि खिलाड़ी इन दिनों केवल पैसा कमाने में ही लगे हैं और उनका ध्यान खेल से पूरी तरह हट गया है। जहीर अब्बास ने यूएई के अजमान में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'पाक क्रिकेट का दुर्भाग्य यह है कि इसे चलाने वाले ही क्रिकेट को नहीं जानते हैं। वहीं हमने पाक क्रिकेट को बहुत ऊंचाई पर पहुंचाया था। तब दुनिया पाक टीम को मानती थी पर आज हालात बेहद खराब हैं। अभी जो लोग क्रिकेट प्रबंधन में हैं, उन्हें सिर्फ अपनी चिंता है और क्रिकेट या खिलाड़ियों की कोई चिंता नहीं है.'

इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान का दौरा करना चाहिए। साथ ही कहा कि इससे भारतीय उपमहाद्वीप, खासकर पाकिस्तान में क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, 'हम क्रिकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ चाहते हैं। ऐसे में अगर भारत पाकिस्तान में आकर खेलता है तो यह क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा होगा। भारतीय टीम का पाकिस्तान में आकर खेलना सकारात्मक कदम होगा और इससे पाकिस्तान में क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा। 'जहीर के अनुसर वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स दुनिया के महानतम क्रिकेटर मानते हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैं क्रिकेट खेलता था तो मेरा सपना गैरी सोबर्स जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलना था। जहीर खान ने 16 साल के अपने करियर में 78 टेस्ट और 62 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने कुल 19 शतक लगाए है।

## वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर जैदा ने फेंकी गेंद, शॉट सीधे आकर जबड़े पर लगा

दुबई,(ईएमएस)। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के तीसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को साउथ अफ्रीका के खिलाफ झटका लगा उसके ऑलराउंडर खिलाड़ी जैदा जेम्स मैच के दौरान वह घायल हो गईं। जैदा के चेहरे पर गंभीर चोट लगी, जिससे वह मैदान के बाहर चली गईं और वेस्टइंडीज को उनके बिना ही खेलना पड़ा। यह घटना वेस्टइंडीज की गेंदबाजी के दौरान हुई, जब साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने एक जोरदार शॉट मारा, जो सीधे जैदा के जबड़े पर जाकर लगा।

यह घटना मैच के दूसरे ओवर में घटी, जब बाएं हाथ की स्पिनर जैदा जेम्स ने साउथ अफ्रीका की कप्तान को एक टॉस-अप डिलीवरी दी। लॉरा वोल्वार्ड्ट ने ट्रैक पर आगे बढ़कर जोरदार शॉट मारा, लेकिन यह शॉट सीधे जैदा की ओर गया। जैदा शॉट को रोकने में नाकाम रहे और गेंद उनके हाथों से छूटकर सीधे जबड़े पर लगी। इस चोट के बाद जैदा तुरंत दर्द से कराहती दिखीं और मैदान पर गिर गईं। मैदान पर मौजूद फिजियो ने तुरंत जैदा की जांच की और उनका बायां जबड़ा सूज गया था। चोट की गंभीरता को देखते हुए फिजियो ने उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाने का फैसला किया। जैदा को मैच के लिए अनफिट घोषित किया गया है, जिसके बाद वह खेल में वापस नहीं लौट पाईं। इस हादसे के बाद वेस्टइंडीज टीम को एक गेंदबाज की कमी के साथ खेलना पड़ा, जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 118 रन बनाए, जो साउथ अफ्रीका की टीम ने बिना कोई विकेट खोए 17.5 ओवर में हासिल कर मैच जीत लिया। साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जैदा की चोट और टीम की हार ने वेस्टइंडीज की मुश्किलें और बढ़ा दीं हैं। यह मैच वेस्टइंडीज के लिए निराशाजनक साबित हुआ, क्योंकि उन्हें न केवल हार का सामना करना पड़ा, बल्कि उनकी एक आलराउंडर खिलाड़ी भी घायल हो गई।

## सीपीएल 2025 और 2026 फाइनल के लिए मेजबानों की घोषणा

त्रिनिदाद (ईएमएस)। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि 2026 में बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा। साथ ही, गुयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा। यह लगातार चौथा साल होगा, जब गुयाना फाइनल का आयोजन करेगा।

यह घोषणा तब की गई जब गुयाना अमेजन वारियर्स ने 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफ़ान अली ने उपलब्धि पर गर्व कर कहा कि उन्हें 2025 के फाइनल की मेज़बानी को लेकर बेहद खुशी है। उन्होंने कहा, गयाना अमेज़न वारियर्स को शुभकामनाएं, क्योंकि हम लगातार दो बार फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। अन्य सभी टीमों के लिए भी शुभकामनाएं। हमें यह खुशी हो रही है कि गयाना सीपीएल 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा।

सीपीएल क सीईओ पीट रसेल ने दोनों मेजबान देशों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने गयाना और बारबाडोस की सरकारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देकर कहा, गयाना और बारबाडोस पिछले 12 सालों से सीपीएल के लिए अद्भुत साझेदार रहे हैं। यह घोषणा वास्तव में रोमांचक है कि वे क्रमशः 2025 और 2026 में फाइनल के लिए मेजबान होगा।

बारबाडोस रॉयल्स, जिन्होंने 2019 में अपना आखिरी खिताब जीता था, के पास अब 2026 में अपने घरेलू धरती पर तीसरा खिताब जीतने का मौका होगा। मैदान पर, गयाना अमेज़न वारियर्स ने दूसरे क्वालीफायर में बारबाडोस रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। मोईन अली, रहमानुल्लाह गुरबाज और शाई होप के तेजतर्रार योगदान के चलते वारियर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 149 रनों के लक्ष्य को महज 15 ओवर में हासिल कर लिया। अब वॉरियर्स का सामना 6 अक्टूबर को सेंट लूसिया किंग्स से होगा।

# भारत-बांग्लादेश टी20 सीरीज का पहला मैच आज

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश टीमें 6 अक्टूबर यानी रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले टी20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें भारत ने बांग्लादेश को 50 रन से हराया था। अब तक, भारत और बांग्लादेश टी20 फॉर्मेट के 14 मैच खेल चुके हैं। भारत ने 13 जीते हैं, जबकि बांग्लादेश को सिर्फ एक जीत हासिल हुई है। यह एकमात्र जीत बांग्लादेश ने तीन नवंबर 2019 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हासिल की थी, जब उन्होंने भारत को 7 विकेट से हराया था।

इस श्रृंखला से पहले भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी खेली गई, जिसमें भारत ने बांग्लादेश का 2-0 से सीरीज जीत ली है। टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा ने की और कानपुर टेस्ट में भारत ने बारिश के कारण तीन दिन का खेल प्रभावित होने के बावजूद दो दिनों में ही मैच जीत लिया। टी20 सीरीज में भारत की कप्तानी सूर्यकुमार यादव संभालेंगे, जो कि इस प्रारूप में एक युवा और गतिशील बल्लेबाज हैं। इस सीरीज में मयंक यादव को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, जो तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। भारत को इस बार बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बांग्लादेश भारत के खिलाफ अपनी एकमात्र जीत को दोहरा सकेगा या नहीं। भारत की टी20 टीम इस प्रकार है- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव। बांग्लादेश की टी20 टीम- नजमुल हुसैन (कप्तान), तनजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, महमूदुल्लाह, लिटन दास, जाकिर अली, मेहदी हसन मिराज, मेहदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

### बांग्लादेश आक्रामक क्रिकेट खेलने के लिए तैयारः शंटो

ग्वालियर (ईएमएस)। बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में आक्रामक क्रिकेट खेलने के लिए तैयार है, जबकि उन्होंने पिछले टेस्ट श्रृंखला में मिली हार को भुला दिया है। यह कहना है बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो का। यह श्रृंखला रविवार को नए श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी। शंटो ने अपने इरादों को स्पष्ट करते हुए कहा, सच कहूं तो, हम इस श्रृंखला को जीतना चाहते हैं और आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं। पिछले विश्व कप में हमारे प्रदर्शन को देखते हुए, हमें सेमीफाइनल में पहुंचने का अच्छा मौका मिला था, लेकिन हम चूक गए। अब यह एक नई टीम है, और मुझे उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी यहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कप्तान ने यह भी कहा कि वह टेस्ट श्रृंखला में अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में नहीं सोचेंगे। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि हमने टेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिखाया। अब हम उस पर ध्यान नहीं देंगे। यह हमारे लिए एक अहम श्रृंखला है, और हम जानते हैं कि टी20 का खेल पूरी तरह से अलग होता है। जो टीम मैच के दिन अच्छा खेलेगी, वही जीत हासिल करेगी।भारत और बांग्लादेश दोनों ही टी20 में नए रूप में मैदान पर उतरेंगे। भारतीय टीम पूरी तरह से नई होगी और इसकी कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे, जबकि बांग्लादेश की टीम में केवल 5 खिलाड़ी ऐसे होंगे जो टेस्ट टीम का हिस्सा थे।



चीन के बीजिंग में 2024 चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट में चीन की झेंग किनवेन और रूस की मीरा एंड्रीवा के बीच महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान स्कोरिंग का जश्न मनाती झेंग किनवेन।

## भारत और श्रीलंका के बीच हो सकता है डब्यूटीसी फाइनल

मुम्बई (ईएमएस)। इस बार भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) के इस तीसरे संस्करण का फाइनल हो सकता है। भारतीय टीम पहले दो संस्करण में उपविजेता रही थी। पहली बार उसे न्यूजीलैंड जबकि दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। इस बार जहां भारतीय टीम बांग्लादेश पर जीत के साथ ही अंक तालिका में नंबर एक स्थान के साथ ही फाइनल की दावेदार है जबकति श्रीलंका भी ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देती दिख रही है। भारतीय टीम का अभी जीत प्रतिशत 74.24 है और उसे फाइनल में पहुंचने 8 में से 3 मैच ही जीतने होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 62.5 है और उसे 7 में से 4 मैच जीतने होंगे। श्रीलंका का जीत प्रतिशत 55.56 है और उसे 4 में से 3 मैच जीतने हैं। इंग्लैंड का जीत प्रतिशत 42.19 है और वह दौड़ से बाहर हो गयी है। वहीं द. अफ्रीका का जीत प्रतिशत 38.89 है और उसे 6 में से 5 मैच जीतने होंगे। न्यूजीलैंड का जीत प्रतिशत 37.50 है और उसे अपने 6 में से सभी 6 मैच जीतने होंगे। आंकड़े साफ हैं कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ही फाइनल में भारत से भिड़ने वाली दूसरी टीम होने की संभावनाएं हैं। भारत को अभी 8 में से 3 टेस्ट जीतने जरूरी है। ये लक्ष्य टीम न्यूजीलैंड को 3 टेस्ट मैच की घरेलू सीरीज में ही हराकर ही हासिल कर सकता है। जबकि श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका से 2 तो ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ एक ही टेस्ट जीतने की जरूरत है। श्रीलंका इसलिए भी पसंदीदा है क्योंकि घरेलू धरती पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज घरेलू मैदान पर खेलनी है। डब्लयूटीसी फाइनल की रेस से अभी , इंग्लैंड, बांग्लादेश, पाकिस्तान और विंडीज जैसी टीमें बाहर हो चुकी है हालांकि ये अन्य टीमों के लिए बाधा जरुर बन सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश दौरे पर जाना है। इस सीरीज में अगर वह हारती है तो पूरी तरह से बाहर हो जाएगी। वहीं इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड से 3 टेस्ट खेलने है। अगर न्यूजीलैंड एक टेस्ट हारा या ड्रा रहा तो वह फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा।

## ट्रिस्टन स्टब्स ने शतक जड़कर टीम को दिलाई शानदार जीत

नई दिल्ली (ईएमएस)। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़कर टीम को शानदार जीत दिलाई। अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में हुए मैच में स्टब्स ने 81 गेंदों में नाबाद 112 रन बनाकर प्रोटियाज को 50 ओवर में 343/4 के स्कोर तक पहुंचाया। आयरलैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 162 रन बना सकी और मैच 174 रनों से हार गई। स्टब्स ने मैच के दौरान आक्रामक खेल दिखाया, जिसमें उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के लगाए, और उनका स्ट्राइक रेट 138.27 रहा। उन्होंने वियान मुल्डर के साथ मिलकर 92 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस शतक के साथ, स्टब्स के अब 6 वनडे मैचों में 57 की औसत से 228 रन हो चुके हैं, जिसमें इस श्रृंखला में 2 मैचों में 191 रन शामिल हैं। पिछले मैच में भी उन्होंने अर्धशतक बनाया था। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी अच्छी रही। रिकल्टन ने 39 गेंदों पर 40 रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा फिर से रिटायर्ड हर्ट हो गए। बावुमा ने 39 गेंदों पर 35 रन बनाए। रासी वैन डेर डुसेन और काइल वेरिन ने पारी को आगे बढ़ाया, जहां रासी ने 39 गेंदों पर 35 रन बनाये। वेरिन ने 64 गेंदों पर 67 रनों की पारी खेली, जिससे टीम का स्कोर 343 तक पहुंचा।

# युवा खिलाड़ियों को आने वाले समय में सभी प्रारुपों के लिए टीम में अवसर देंगे : मार्श

मैनचेस्टर (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि युवा खिलाड़ियों जेवियर बार्टलेट, आरोन हार्डी, कूपर कोनोली और जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने जिस प्रकार इंग्लैंड के खिलाफ हुई टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उसे देखकर काफी खुशी हुई है। साथ ही कहा कि इस युवा खिलाड़ियों को आने वाले समय में सभी प्रारुपों के लिए टीम में अवसर मिलेगा। अनुभवी खिलाड़ियों के बाहर होने के कारण टी20 सीरीज में इन युवाओं को अवसर मिला था जिसमें इन्होंने अपने को साबित किया। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20आई सीरीज के दौरान एक नई अंतिम ग्यारह को उतरा था। ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। इमसें बार्टलेट, आरोन , कूपर और जेक फ्रेजर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने को साबित किया है। जेक फ्रेजर ने इससे पहले आईपीएल 2024 में भी शानदार प्रदर्शन किया था।




मार्श ने कहा कि हर खिलाड़ी के पास अपनी क्षमता दिखाने का अवसर था जो उन्होंने दिखायी। फ्रेजर को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बादपहले टी20आई से बाहर कर दिया गया था। वह दूसरे टी20आई के लिए तीसरे नंबर पर टीम में लौटे और अपनी बल्लेबाजी से सभी का दिल जीता। फ्रेजर-मैकगर्क ने इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करते हुए 30 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। इस प्रकार वह पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20आई अर्धशतक बनाने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। मार्श ने कहा, हम सभी जानते हैं कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क कितने शानदार खिलाड़ी हैं। हमने खिलाड़ियों को अलग-अलग भूमिकाएं दी हैं और यह रोमांचक रहा है। हमारे पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी न किसी स्तर पर वापस आएंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए युवा खिलाड़ियों को खेलते देखना आश्चर्यजनक है।




### ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खतरा बढ़ा : हैडिन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हैडिन ने कहा है कि भारतीय टीम पिछले कुछ समय में और भी बेहतर हो गयी है। ऐसे में वह बॉडर गावस्कर सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खतरा बढ़ गया है। हैडिन के अनुसार जिस प्रकार भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ वर्षा प्रभावित मैच में आक्रामक रुख अपनाकर जीत हासिल की थी वैसा ही वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी कर सकती है। हैडिन ने कहा कि भारतीय टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाज ने तीन दिन में केवल एक सत्र का खेल होने के बाद भी मैच में जीत की उम्मीद नहीं छोड़ी और अंतिम दिन मुकाबला जीत कर दी दम लिया। हैडिन ने कहा कि उन्हें भारतीय टीम के खेलने का ये अंदाज पसंद आया। ये खेल के साथ ही टेस्ट क्रिकेट के भविष्य के लिए भी अच्छा है।

हैडिन ने कहा कि उन्होंने मैच जीतने के लिए जोखिम उठाकर पूरे प्रयास किये। उनके बल्लेबाज बल्लेबाजी तेजी से अधिक से अधिक रन जुटाने का प्रयास कर रहे थे। उनका ध्यान बांग्लादेश को आउट करने के लिए जरूरी समय बचाने पर था। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने शानदार क्रिकेट खेला, यह टीम को जीत के लिए समय देने के बारे में था। मैं इस प्रदर्शन के लिए टीम का बधाई देता हूं। हैडिन ने कहा कि रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं। उनके लिए जीत पहले है और बाकी चीजें बाद में आती है और भारतीय टीम ने उसी जज्बे के साथ खेला और अपने लिए टेस्ट मैच जीतने का अवसर बनाया। मुझे उनके क्रिकेट खेलने का यह तरीका पसंद आया है।वहीं हैडिन से जब पूछा गया कि क्या भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी ऐसा कर सकता है तो उन्होंने कहा कि मेरा यही मानना है। भारतीय टीम को मैच हारने का डर नहीं है वह ड्रॉ नहीं बल्कि जीत चाहती है। यही टेस्ट जीतने का एक शानदार तरीका है।

# अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद के बीच लोक लेखा समिति ने 24 अक्टूबर को सेबी प्रमुख को तलब किया

**संसद** की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने देश के शीर्ष नियामक प्राधिकरणों के कामकाज की समीक्षा करने का निर्णय लिया है तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के प्रमुखों को 24 अक्टूबर को बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग और संचार मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों को भी पीएसी के समक्ष उपस्थित होने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी के प्रतिनिधि भी समिति के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। समिति ने अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद के बीच यह फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्यप्रणाली में परंपरा है कि संस्थाओं के प्रमुखों को जब भी बुलाया जाता है तो उन्हें संसदीय समिति की बैठक में उपस्थित होना पड़ता है।

## इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को बैटरी के दाम गिरने का भरोसा

इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को अगले 12 महीनों के दौरान लीथियम आयन बैटरी की कीमत में 5 से 10 फीसदी की गिरावट आने की उम्मीद है। उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। ये बैटरियां मुख्य तौर पर चीन से आती हैं और चीनी बैटरियों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए दंडात्मक टैरिफ के बाद इनके सस्ते होने की उम्मीद है। कुछ दिन पहले ही बाइडेन प्रशासन द्वारा तय की गई टैरिफ से इन बैटरियों के चीनी निर्यात पर गंभीर असर पड़ सकता है। अपने घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धा से बचाने ने अमेरिका ने इस साल से इलेक्ट्रिक वाहन के लिए जरूरी लीथियम आयन बैटरी पर आयात शुल्क 7.5 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया है।



चीन की अतिरिक्त बैटरी उत्पादन क्षमता से प्रेरित पिछली भारी गिरावट के कारण वाहन विनिर्माताओं की लागत में गिरावट आने की संभावना है। भारतीय विनिर्माताओं के लिए निकल मैंगनीज कोबाल्ट (एनएमसी) बैटरियों की कीमत सितंबर में कम होकर 90 डॉलर प्रति किलोवॉट हो गई है, जो छह महीने पहले 100 डॉलर थी यानी इसमें 10 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा, लीथियम आयरन फॉस्फेट (एलएफपी) बैटरियां भी पहले से कहीं ज्यादा किफायती हो गई हैं। भारत के लिए एलएफपी सेल की कीमत सितंबर में घटकर 65 से 70 डॉलर प्रति किलोवॉट हो गईं, जो छह महीने पहले 75 डॉलर थी।

**एलएफपी और सामान्यतः** उपयोग की जाने वाली एनएमसी बैटरियों की कीमत में इस अंतर के बाद कई कंपनियों को सस्ते विकल्पों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है। उदाहरण के लिए एथर एनर्जी ने अपने आईपीओ मसौदे में बताया है कि वह अपने कुछ इलेक्ट्रिक स्कूटरों में एलएफपी बैटरी के उपयोग पर विचार कर रही है और इसका परीक्षण पहले से ही चल रहा है। टाटा मोटर्स और एमजी मोटर्स जैसी कार विनिर्माता कंपनियां पहले से ही अपने कुछ मॉडलों में एलएफपी बैटरी का उपयोग कर रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'फिलहाल, सभी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियां ज्यादातर चीन से बैटरी आयात करती हैं। ऐसी चिंताएं हैं कि विभिन्न उत्पादों पर अमेरिका द्वारा तय किए गए टैरिफ के बाद चीन भारत में अपना माल भेज सकता है, लेकिन लीथियम आयन बैटरी के साथ ऐसी चिंता नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत में अभी तक इसका विनिर्माण कोई नहीं कर रहा है और किसी भी देसी उत्पादन को बढ़ने में कम से कम साल 2026 तक का वक्त लगेगा। हमें इस मौके का फायदा लेना चाहिए।'

ओला इलेक्ट्रिक अगले साल से लीथियम आयन बैटरी बनाना शुरू कर सकती है मगर शुरू में कंपनी सिर्फ अपने वाहनों के लिए इसे तैयार करेगी। कंपनी की फैक्टरी नवीनतम 4860 बैटरी टेक्नोलॉजी का उपयोग करेगी, जो फिलहाल उपयोग में आने वाली 2170 बैटरियों के मुकाबले अधिक रेंज प्रदान करती है। इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के अधिकारियों के मुताबिक, आने वाले महीनों में एनएमसी बैटरियों की कीमतें और कम होकर 80 डॉलर प्रति किलोवॉट हो सकती हैं।

# अंबानी अब भी दुनिया के अमीरों की सूची में 14वें और एशिया में पहले स्थान पर

## निवेशकों के 16 लाख करोड़ का हुआ नुकसान



नई दिल्ली (ईएमएस)। चालू सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 4,000 अंक से अधिक नीचे गिर गया। इस गिरावट के कारण निवेशकों को 16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सेसेंक्स में शुक्रवार को हुई गिरावट से रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 1.62 अरब डॉलर (लगभग 13,612 करोड़ रुपये) की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उनकी कुल संपत्ति घटकर 105 अरब डॉलर हो गई। इसके बावजूद, अंबानी दुनिया के अमीरों की सूची में 14वें और एशिया में पहले स्थान पर बने हुए हैं।

इस साल उनकी संपत्ति में 8.93 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली, जिससे वहां के अरबपतियों की संपत्ति में भी वृद्धि हुई। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की संपत्ति में सबसे अधिक 6.73 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिससे उनकी कुल संपत्ति 263 अरब डॉलर हो गई। मस्क पहले स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद मार्क जकरबर्ग 211 अरब डॉलर और जेफ बेजोस 209 अरब डॉलर के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

अन्य प्रमुख अरबपतियों में बर्नार्ड अरनॉल्ट (193 अरब डॉलर), लैरी एलिसन (183 अरब डॉलर), बिल गेट्स (161 अरब डॉलर), लैरी पेज (151 अरब डॉलर), वॉरेन बफे (146 अरब डॉलर), स्टीव बाल्मर (145 अरब डॉलर), और सर्गेई ब्रिन (142 अरब डॉलर) शामिल हैं। दूसरी ओर, अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी 100 अरब डॉलर के क्लब से बाहर हो गए हैं। शुक्रवार को उनकी संपत्ति में 94.2 करोड़ डॉलर की गिरावट आई, जिससे वह दुनिया के अमीरों की सूची में 18वें स्थान पर खिसक गए हैं और उनकी कुल संपत्ति अब 99.5 अरब डॉलर है। हालांकि, इस साल उनकी संपत्ति में 15.2 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है।

# जियो फाइनेंशियल-ब्लैकरॉक के म्यूचुअल फंड बिजनेस को सेबी की मंजूरी

**मुंबई:** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और ब्लैकरॉक के जॉइंट वेंचर को भारत में म्यूचुअल फंड सेक्टर में एंट्री के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने इन प्रिंसिपल अप्रूवल दे दिया है। जियो ने शुक्रवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी। म्यूचुअल फंड के लिए दोनों कंपनियां को-स्पॉन्सर्स के रूप में काम करेंगी। जियो ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि अभी रजिस्ट्रेशन के लिए सेबीसे फाइनल अप्रूवल मिलना बाकी है। सेबीअंतिम मंजूरी तब देगी जब जियो फाइनेंशियल और ब्लैकरॉक लेटर में बताई गई शर्तों को पूरा कर लेगें।

## 66 लाख करोड़ से ज्यादा की एमएफ इंडस्ट्री में बढ़ेगा कॉम्पिटिशन

जियो के म्यूचुअल फंड सेक्टर में एंट्री से 66 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट वाले म्यूचुअल फंड इंजस्ट्री में कॉम्पिटिशन और बढ़ने की संभावना है। दोनों कंपनियों ने जुलाई 2023 में म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए पार्टनरशिप की थी और अक्टूबर 2023 में सेबीके पास लाइसेंस के लिए अप्लाई किया था। दोनों कंपनियों ने भारत में एसेट मैनेजमेंट बिजनेस के लिए 15 करोड़ डॉलर का निवेश करने की घोषणा की थी।




## जियो फाइनेंशियल के शेयर ने एक साल में 50.38% का रिटर्न दिया

जियो फाइनेंशियल सर्विस का शेयर बीते दिन शुक्रवार को 1.92% की गिरावट के साथ 338.95 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं, पिछले 6 महीने में शेयर ने 9.18% का निगेटिव रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले एक साल में जियो फाइनेंशियल के शेयर ने 50.38% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है। रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस जुलाई 2023 में अपनी मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुआ था। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ था। इसके बाद 21 अगस्त को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर 265 रुपए पर लिस्ट हुआ था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर शेयर 262 रुपए पर लिस्ट हुआ था। लिस्टिंग के बाद उस दिन जेएफएसएल के शेयर में गिरावट देखने को मिली थी। बीएसई पर शेयर 5% की लोअर सर्किट के साथ 251.75 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं, एनएसई पर भी शेयर 5% का लोअर सर्किट के साथ 248.90 रुपए बंद हुआ था।

## लॉफिंग ज़ोन

मेहमान 'आपका घर तो अच्छा-खासा चिड़ियाघर लगता है।'

राहुल 'यह तो आपकी मेहरबानी हैं, सारी रौनक तो आपके आने से हुई है।'

□ □ □

जनगणना पार्टी गांव में गई। उन्होंने गांव के मुखिया से पूछा, 'आपके गांव में पुरूषों और स्त्रियों की मत्यु-दर क्या है?'

मुखिया बोला, 'हजूर शत-प्रतिशत।'

अफसर हैरान होकर बोला, 'वह कैसे?'

मुखिया, 'हजूर हमारे गांव में जो भी पैदा होता है एक न एक दिन मरता जरूर है।'

□ □ □

एक बादशाह का जनाजा बडी शान से उठा। हजारों लोगों की भीड़ साथ थी। बादशाह का एक चमचा चिल्ला उठा, 'हजूर आप जिंदा होते तो अपने जनाजे की शान देख कर कितना खुश होते।'

□ □ □

दो मूर्ख एक म्यूजियम देखने चले गए। वहां एक ममी रखी थी। उस पर बोर्ड लगा था, 'बी.सी.186।'

पहला मूर्ख बोला, 'लगता है बेचारा किसी ट्रक के नीचे आकर मरा है।


दूसरा बोला, 'ठीक कहते हो। तभी तो ट्रक का नम्बर भी लिख कर टांग दिया है।'

## आज का इतिहास

1471 इंग्लैंड नरेश हेनरी लंदन टॉवर से रिहा किए गए।
1567 पारमा के ड्यूक ने नीदरलैंड्स की कमान पूरी तरह संभाल ली।
1848 आस्ट्रिया ने हंगरी के खिलाफ जंग का ऐलान किया।
1860 भारतीय दंड संहिता को कानून का रूप दिया गया।
1918 प्रथम विश्व युद्ध में फ्रांस ने बेरूत पर कब्जा किया।
1949 राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खंडकवासला की आधारशिला रखी गयी।
1951 मलेशिया में ब्रिटिश उच्चायुक्त हेनरी गर्नी की हत्या हुई।
1953 ब्रिटेन ने ब्रिटिश गुयाना को कम्युनिस्ट क्रांति से बचाने के लिए अपने सैनिक भेजे ।
1976 थाईलैंड में सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया।
1981 मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की हत्या सैनिक परेड की सलामी लेते समय हुई।
1986 परमाणु चलित सोवियत जहाज बारमूडा में डूब गया।
1988 अल्जीरिया में आपातस्थिति लागू की गई।
1989 फिलीपींस में तूफान से 118 व्यक्ति मारे गए।
1999 लंदन के पेडिंगटन स्टेशन पर ट्रेन दुर्घटना में 100 लोगों की मृत्यु हो गई।
2005 रोहतास जिले में भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री रविशंकर गोली लगने से घायल हुए।

## दैनिक पंचांग

**6 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.45 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृश्चिक | 09.00 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.16 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.21 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.07 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.40 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.11 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.49 बजे से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | कर्क | 00.02 बजे से |
| | | सिंह | 02.19 बजे से |
| | | कन्या | 04.30 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 280 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 07.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 00.11 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** विष्कुम्भ 06.08 बजे को समाप्त।
**करण** गर 07.50 बजे तदनन्तर वणिज 20.52 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 13'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872124
**जूलियन दिन** 2460589.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उस्सानी
**तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8150



**बाएँ से दाएँ**

1.अधिकार-2
3.समुद्र,दरिया-3
6.आनंद,रस-2
8.दबाना,कुचलना-3
10.गुंडा,बदमाश-3
12.पासों से भविष्य जानना-3
14.नाप जोख करना-3
17.जलजला-3
19.असफल-3
21.मगन,रत-2
23.व्यक्ति,जीव-3
25.सम्राट,नरेश-2
26.कार्य करने वाला-3
28.उपनदी,कैनाल-3
30.मां का प्रेम-3
32.पढ़ना,अध्ययन-3
35.पक्षाघात,फालिज-3
37.सेनापति-3
39.दूल्हा,वरदान-2
40.पक्ष,एक ओर-3
41.भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**

1.सीमा,सरहद-2
2.कटि,मध्यांग-3
4.दुख,कष्ट-2
5.गमन,विदा होना-3
7.शराब का प्याला-2
9.एक नमकीन लवण-3
11.आलेप करना-3
13.बोलने का तरीका-3
15.अयोग्य,बेकार-3
16.तहजीब,तमीज-3
18.रत्न,बहुमूल्य नग-3
20.व्यंग,परिहास-3
22.मुलायम,नाजुक-3
24.कॉफी-3
27.पंकज,नीरज,जलज-3
29.निर्माण-3
31.बल,दम,जोर-3
33.नेत्र,आंख-3
34.नौका-2
36.घात,प्रहार-2
38.जरा,थोड़ा-2

**शब्द पहेली -8149 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | न | ■ | चा | त | क | ■ | त |
| ■ | र्श | ■ | क | ल | ह | ■ | र | वा |
| ता | न | ■ | ह | ■ | खा | लि | स | ■ |
| क | ■ | का | र | खा | ना | ■ | भ | ■ |
| त | री | का | ■ | विं | ■ | श | रा | रा |
| ■ | मी | ■ | अ | द | र | क | ■ | ज |
| ■ | से | ह | रा | ■ | ह | ■ | आ | न |
| जा | न | ■ | ज | ही | न | ■ | स | ■ |
| म | ■ | म | क | र | ■ | स | न | म |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7691

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 24 | 18 | 17 | ■ | 32 | 14 | 26 | 7 | ■ |
| 9 | 3 | | 2 | ■ | 6 | | 9 | | 25 |
| 14 | | 2 | | ■ | | 4 | | 2 | 20 |
| 20 | 7 | | 8 | ■ | 5 | | 8 | | 18 |
| 28 | | 7 | | 5 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 9 | | 3 | | 27 |
| 22 | | 7 | | 6 | ■ | 4 | | 2 | 11 |
| 18 | 5 | | 3 | | ■ | | 8 | | 23 |
| 23 | | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | 21 |
| ■ | 16 | 21 | 12 | 27 | ■ | 19 | 24 | 22 | ■ |

**अंकजाल 7690 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 22 | 14 | 18 | ■ | 36 | 19 | 15 | 14 | ■ |
| 15 | 7 | 5 | 3 | ■ | 8 | 2 | 7 | 3 | 20 |
| 12 | 4 | 2 | 6 | ■ | 7 | 9 | 5 | 4 | 25 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 3 | 7 | 23 |
| 21 | 2 | 5 | 2 | 5 | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | 2 | 3 | 8 | 30 |
| 21 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ | 6 | 4 | 5 | 15 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | ■ | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| ■ | 12 | 19 | 19 | 23 | ■ | 21 | 23 | 28 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6635

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | 7 | | 2 | |
| | 28 | | 35 | | 28 | |
| 7 | | 2 | | 3 | 1 | 5 |
| | 32 | | 32 | | 31 | |
| 6 | 3 | 1 | | 2 | | |
| 4 | 33 | | 30 | 5 | 35 | 7 |
| | 2 | 7 | 4 | | | 3 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6634 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 22 | 7 | 38 | 5 | 41 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 32 | 6 | 30 | 3 | 35 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 4 | 32 | 5 | 30 | 2 | 24 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5995

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | | 50 | | 75 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 24 | | 71 | | 12 | = | 73 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 1 | | 15 | | 62 | | 5 | = | 72 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 43 | | 13 | | 11 | | 20 | = | 16 / 39 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5994**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | + | 2 | - | 15 | x | 3 | = | 60 |
| - | ■ | + | ■ | x | ■ | x | ■ | + |
| 15 | - | 5 | ÷ | 2 | - | 5 | = | 5 |
| + | ■ | + | ■ | ÷ | ■ | - | ■ | - |
| 5 | x | 20 | ÷ | 2 | - | 12 | = | 38 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | x | ■ | - |
| 10 | ÷ | 5 | x | 10 | - | 5 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 33 | - | 22 | x | 5 | + | 15 | = | 12 / 70 |

## शब्दजाल- 7682

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख | न | र | कु | डु | प्ली | के | ट | ला | नी | क |
| ज | या | फु | ज | इं | डो | ने | ह | क | गु | प |
| फ | दौ | आ | ट | म | न | इ | दो | न | ना | म |
| च | र | रा | मा | पा | ल | स | रा | प | ह | ह |
| स | म | बा | ज | त | त | उ | हें | ख | री | म |
| डै | जे | ज | र | नी | द | ला | म | ल | ड़ | द |
| डी | मा | दे | ख्म | व | बा | स | म | पी | ख | स्त |
| र | दे | श | बा | र | प | र | थ | ड़ | भ | क |
| म | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | थ |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | प | ने | सा | थी | स | म |

**शब्दजाल में महेश भट्ट निर्देशित 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं**

फुटपात, राज, जख्म, डुप्लीकेट, दो राहें, दस्तक, गुनाह, साथी, डैडी, नया दौर,

**शब्दजाल - 7681 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | फ | रे | ब | हो | प | न | र | त |
| क्स | क्रि | पिं | ना | द | म | जा | जा | गो | घा | छ |
| न | के | ज | हे | नि | इं | ना | न | व | टि | दि |
| बी | ट | र | न | शा | वा | त | क | ले | ज | ल |
| च | दा | त | प | ने | तो | हो | का | गो | ब | प |
| ब | त | त | स | ग | स | ए | व | म | वॉ | र |
| द | प | शू | न | त्या | व | ह | अ | गो | प्ला | म |
| क | र | क | ल | र | ह | भा | र | चो | आ | त |
| र | व | त | म | ए | भी | क | क | अ | न | ले |
| जू | बे | दा | त | र | क | ता | ण | र | ह | या |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | म | क | प | स्त | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सीसीएल में बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची :** सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में नवनियुक्त कैटेगरी 1कर्मचारियों में कार्य कुशलता एवं क्षमता वृद्धि करने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा सिस्टम विभाग के सहयोग से पांच दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन 30 सितंबर 2024 से 5 अक्टूबर 2024 तक किया गया। यह प्रशिक्षण सिस्टम विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया और इससे मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए १८ कैटेगरी 1के कर्मचारी लाभांवित हुए। दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को मानव संसाधन विभाग के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित समाप्ति सत्र में सभी कर्मचारियों को श्री रमाकांत पांडे, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास द्वारा संबोधित किया गया और उन्हें अपने कार्यस्थल पर निरंतर आगे बढ़ते और प्रगतिशील रहने के लिए प्रेरित किया गया। सभी प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। समाप्ति सत्र का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री चन्द्र शेखर प्रसाद सिंह, प्रबंधक(खनन), मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा किया गया जिसमे विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपने निश्चय पत्र को पूरा करने में विफल रही राज्य सरकारः अभिषेक शुक्ला



रांची। युवा आजसू के रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा के विगत 5 वर्षों में इस राज्य सरकार ने सबसे ज्यादा युवा वर्ग को ठगा है। चाहे वह सरकार में आते ही 2 साल के अंदर 5 लाख रोजगार देने की बात हो या नौकरी नहीं मिलने तक सभी बेरोजगार स्नात को 5000 तथा स्नातकोत्तर को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने की बात हो या पीएचडी करने छात्र-छात्राओं को 22500 रुपए प्रति माह और शोधार्थी अभ्यर्थियों को 1500 से 2000 प्रति माह या महिलाओं को नौकरी में 50%आरक्षण देना यह सभी लोक लुभावने वादे धरे के धरे रह गए और वर्तमान स्थिति यह है के राज्य के विगत 5 सालों में राज्य सरकार द्वारा जितनी भी प्रतियोगी परीक्षाएं या अन्य परीक्षाएं कराई गई वह सभी संदेह के घेरे में है जिसे लेकर आए दिन राज्य का युवा वर्ग सड़क पर धरना प्रदर्शन आंदोलन करने को मजबूर है। राज्य की वर्तमान स्थिति यह है की जेपीएससी एवं जेएसएससी के अध्यक्ष पद खाली पड़े हुए हैं लेकिन सरकार राज्य सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है ।

## आदिम जनजाति की महिलाओं को आजीविका पर प्रशिक्षण



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : लक्षित अति निर्धन योजना अंतर्गत आदिम जनजाति की महिलाओं को जीविकोपार्जन में सहयोग के साथ गतिविधियों को सतत जारी रखने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी के जिला परियोजना प्रबंधक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने लाभुको से प्राप्त सामग्री से अधिक अधिक लाभ उठाने के लिए कहा. अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इकाई झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा रांची जिले के तीन प्रखंडों के 134 पीवीटीजी महिलाओं को आजीविका हेतु सहयोग किया गया है. जिसके तहत रस्सी व झाड़ू बनाने, किराना व सब्जी दुकान, मुर्गी व बत्तख पालन आदि के लिए परिसंपत्ति वितरित की गई है. तमाड़ प्रखंड के आराहंगा पंचायत अंतर्गत बुढ़ाडीह ग्राम में हुए कार्यक्रम में राज्य इकाई से रंजना टोपनो व अतनु सेन ने लाभार्थियों से चल रही गतिविधियों के बारे में चर्चा की. ज्ञातव्य हो कि जिले के तमाड़, बुन्डू व राहे प्रखंड अंतर्गत पांच पंचायतों के छह आदिम जनजाति बहुल गांवों में आय सृजन गतिविधि चल रही है. जिसके लिए लाभुकों का सर्वे कर कार्य का चयन करने के बाद संबंधित सामग्री का वितरण किया गया.प्रशिक्षण कार्य सहयोगी संस्था जन जागरण केंद्र के कुमार सौरभ व पुष्कर पातर मुंडा ने किया . इस क्रम में क्षमता एवं उद्यमिता विकास तथा क्रमिक वृद्धि प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

## ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित, उत्कृष्ट प्रतिभागी हुए सम्मानित



कांके(मोहसीन आलम)ः ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी में शनिवार को स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के 28 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया,और अपने अंदर छिपे प्रतिभा को निखारते हुए ड्राइंग पेपर में अपना कलाकृति को दिखाया,प्रतियोगिता में सभी छात्राओं ने प्रथम स्थान लाने के लिए कड़ी मेहनत की, प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम प्रथम स्थान पर वर्ग 2 के अकरम अंसारी, दूसरे स्थान पर वर्ग पांच के रजिया परवीन तथा तीसरे स्थान पर वर्ग 5 के साजिया परवीन रहे. विजेता प्रतिभागियों को स्कूल के निदेशक जीशान अख्तर ने मेडल पहनाकर तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, प्राइज मिलने से छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे, इस अवसर पर स्कूल के निदेशक जीशान अख्तर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिपेक्ष में हर क्षेत्र में बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकता है, बस जरूरत है उनकी कला को निकालने की, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल आज शिक्षा संस्कार तथा बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी प्रतिभा स्कूल में होती है उस बच्चे नए-नए तरीके के प्रतिभा विकसित होती है, वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से बच्चों के बीच आत्मविश्वास बढ़ता है, हम शिक्षकों को आपकी जीवन को सही राह देने में सहायता मिल सके, इसी का प्रयास हमेशा हम लोग करते हैं, मौके पर स्कूल के वाइस प्रिंसिपल संगीता तिरु, शिक्षक शाहिल साईं, रुखसाना परवीन, हेमंत कुमार, परवेज होवारी,रेखा मेम सहित अन्य शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद थे।

## एमजी विंडसर ईवी की बुकिंग ने तोड़ा रिकॉर्ड

जमशेदपुर। एमजी मोटर इंडिया ने अपनी पहली इंटेलिजेंट सीयूभी, एमजी विंडसर ईवी की बुकिंग शुरू कर दी हैं। बुकिंग शुरू होते ही इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और महज 24 घंटे में 15,176 यूनिट्स की बुकिंग हो गई। यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की पहली पैसेंजर ईवी बन गई। ग्राहक इसे 11,000 रुपये में एमजी डीलरशिप या कंपनी की वेबसाइट पर बुक कर सकते हैं। एमजी विंडसर ईवी सेडान के आराम और एसयूभी की मजबूती का बेहतरीन मेल है। इसकी शुरुआती कीमत 9.99 लाख रुपये है, और यह तीन वेरिएंट्स एक्साइट, एक्सक्लूसिव और एसेंस और चार रंग क्रमशः स्टारबर्स्ट ब्लैक, पर्ल व्हाइट, क्ले बेज और फ़िरोज़ा ग्रीन में उपलब्ध है।

# तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के तोड़ांग मैदान पर महिला सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया

तमाड़ - प्रखंड क्षेत्र के तोड़ांग मैदान पर महिला सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन महिला बाल विकास सह सामाजिक सुरक्षा विभाग के मंत्री बेबी देवी कृषि पशुपालन सहकारिता सह आपदा विभाग मामले के मंत्री दीपिका पांडे और स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कल्पना बीजेपी पर जम कर हमला बोलते हुए कहा की भाजपा सिर्फ जुमले बाजी करती आ रही है।भाजपा का कार्य सिर्फ कागजों पर ही सिमट जाता है कभी भी धरातल पर नहीं उतरता है। उन्होंने कहा की आने वाले विस चुनाव में झामुमो और इंडिया गठबंधन पूरी ताकत के साथ लड़ने के लिये तैयार है। क्योंकि जनता हमारे साथ है. 2019 में जैसे ही राज्य में झामुमो की सरकार बनी, उसी समय से ही बीजेपी वाले इस सरकार को गिराना चाहते थे। कल्पना ने कहा माताओं और बहनों का आशिर्वाद झामुमो को मिलेगा।




झारखंड शहीदों की भूमि है, शहीदों का आशीर्वाद हमारे साथ है।हमने शहीदों से सीखा है कि परिस्थिति कितनी भी विषम क्यों न हो, आपकों हमेशा लडते रहना है, झूकना नहीं है। झारखंड की जेएमएम सरकार झारखंडियों के सपनों को पूरा कर रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में माताओं और बहनों का आशीर्वाद फिर से झामुमो को प्राप्त होगा और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से सरकार बनेगी।कल्पना सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को क्रांतिकारी कदम बताया। झारखंड राज्य गठन के बाद कई मुख्यमंत्री बने, लेकिन किसी ने भी आधी आबादी के बारे नहीं सोचा. पहली बार हेमंत ने महिलाओं के सम्मान के लिये योजना बनाया। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले के सरकारों ने इस पर क्यों नहीं सोचा ? यह अपने आप में एक क्रांतिकारी कदम है।पर मंईयां सम्मान योजना क्रांतिकारी कदम पर कुछ लोगों को महिलाओं को मिलने वाली खुशियां बरदास्त नहीं होती ।हमें तो उनके सोच पर ही तरस आता है। आज वे दीदी गोगो योजना का फॉर्म भर रहे है ।।इतने दिनो तक कहा थे। सवाल पुछाना चाहुंगी कि जब ऐसे ही कार्यक्रम दूसरे राज्यों में बनते है, तो वह संवैधानिक हो जाते है, लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन कुछ भी करे तो वह असंवैधानिक कैसे हो सकता है। पूर्व की सरकारों ने महिलाओं के लिये कुछ नही किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी की अगुवाई में राज्य की तमाम माताओं और बहनों को सम्मान दिया है। मंईयां सम्मान यात्रा के माध्यम से हम महिलाओं की खुशी देखने आये है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पांडे सिंह और विधायक विकास कुमार मुंडा ने हेमंत सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना की उपलब्धियों को गिनाया। इस अवसर पर उपयुक्त मंजूनाथ भंजत्री ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल उप विकास आयुक्त सहित हजारों की संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे।

## मतदान प्रक्रिया में तेजी लाए जाने में निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों की भूमिका अहम– के. रवि कुमार

रांचीः मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को अधिक समय तक कतार में खड़ा न रहना पड़े इस उद्देश्य से मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास करना है। इस हेतु वोटिंग कंपार्टमेंट के अंदर चेन सिस्टम के आधार पर मतदाताओं के मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराना है। उन्होंने कहा कि इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखना है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न होने पाए। इसके लिए आवश्यक समयपुर्व तैयारियां होनी चाहिए ताकि अनावश्यक रूप से मतदाताओं को क्यू में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़े। श्री कुमार नव पदस्थापित आरओ एवं एआरओ के लिए निर्वाचन सदन में आयोजित पांच दिवसीय, 5 से 9 अक्टूबर तक चलने वाले प्रशिक्षण सह प्रमाणन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



श्री कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में आरओ एवं एआरओ की अहम भूमिका होती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके कर्तव्यों से संबंधित सभी बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। पदाधिकारी इन दिशा निर्देशों का गहन अध्यन करते हुए इनका अपने कर्तव्य क्षेत्र में अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों की तैयारियों, केंद्रों पर उपस्थित व्यवस्था का निरीक्षण, वोटर स्लिप के ससमय सम्यक वितरण, बी एल ओ के स्तर पर की जाने वाली चुनाव पूर्व की तैयारियों आदि निर्वाचन से जुड़े विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में निर्वाचन संबंधी अप्रत्याशित सामान्य गलतियों तथा उनके निराकरण के उपायों पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान राष्ट्रीय स्तर के मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न सत्रों में पदाधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित विषयों का क्रमवार प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसमें उन्हें निर्वाचन संबंधी विषयों यथा उम्मीदवारों की योग्यता एवं अयोग्यता, चुनाव चिन्ह आबंटन, नामांकन संबंधित निर्देश, आपराधिक पूर्ववृत्त, ई रोल, वल्नरेबलिटी मैपिंग, ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण, आदर्श आचार संहिता, व्यय प्रबंधन, स्वीप, पोलिंग पार्टी का व्यवस्थापन, पोस्टल बैलट, पेड न्यूज, एमसीएमसी, मतगणना आदि विषयों पर बिंदुवार प्रशिक्षण दिए जायेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक श्रीमती गीता चौबे, एस एन जमील, श्री सुनील कुमार ने अपने संबंधित विषयों पर निर्धारित सत्रानुसार श्रव्य–दृश्य मध्यम के जरिए रेखांकित किया।

## भाजपा झारखंड के जल,जंगल,जमीन को लूटना चाहती हैः विजय शंकर नायक



**रांची** :आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने भाजपा के (रोटी,बेटी,माटी) के चुनावी नारे पर अपनी प्रतिक्रिया मे कहा कि झारखंडी समाज के जल,जंगल,जमीन बचाओ के ऐतिहासिक नारो के जगह भाजपा चुनावी नया नारा ' रोटी, बेटी और माटी' चलाने की कोशिश में लगी है। देश के प्रधानमंत्री एंव भाजपा के स्टार चुनाव प्रचारक के रुप मे मोदी जी ने हजारीबाग में 'रोटी,बेटी और मार्टी' के चुनावी नारे के साथ झारखंड में विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया है जो आदिवासी मूलवासी समाज जो जल,जंगल, जमीन बचाने के लिए आन्दोलनरत लोगो के लिए शुभ संकेत नही है ।

श्री नायक ने आगे कहा की इस नारे के पिछे एक षडयंत्रपूर्ण कूटनीति है जिसके तहत 'जल, जंगल, जमीन' के नारों को 'रोटी, बेटी और माटी' के नारे में विलुप्त कर देने का षडयंत्र है । इस नारे ने यह भी पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि झारखंड में संघर्ष दो विचारधाराओं के बीच है एक जल,जंगल, जमीन बचाने वाले है तो दुसरी ओर इन सम्पदाओं को लुटने वाले है । इन्होने यह भी कहा कि जल, जंगल, जमीन आदिवासी- मूलवासी समाज का जीवन मरण का प्रश्न है और जिने का आधार भी है और उनकी स्पष्ट समझ है कि यदि यह बचा रहेगा तो उन्हें कभी भी किसी का मोहताज नहीं होना पड़ेगा. इसलिए सदियों से वे इसके लिए संघर्ष भी करते रहे हैं । सिदो,कान्हू,चांद,भैरव, फुलो,झानो,तिलका मांझी ,बिरसा मुंडा, बुदधु भगत और अन्य झारखंडी वीर शहीदों के नेतृत्व में चला आंदोलन' इसी संघर्ष को रेखांकित करता हैं ।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षकों के लिए विशेष कार्यशाला

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने दो दिनों के प्रशिक्षक प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 4 और 5 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यशाला को आईएफसीएल (डीओपीटी), भारत सरकार द्वारा तैयार किया गया था। कार्यक्रम में प्रमुख प्रशिक्षकों के रूप में श्री जितेंद्र भाटी, उप निदेशक, पेरिपेटेटिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट, श्री आशीष बोस, सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्याख्याता, चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, और श्री मुकेश शेलात, प्राचार्य, डीपीएस वाराणसी शामिल थे।



कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सीबीएसई के कई प्रमुख प्रतिनिधियों की उपस्थिति का लाभ उठाया, जिनमें श्री रवि प्रकाश, प्रमुख इंचार्ज सीओई पटना, श्री ज्योति प्रसाद, और श्री राघवेंद्र कुमार शामिल थे। झारखंड के विभिन्न स्कूलों से 77 से अधिक प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया, जिनमें प्राचार्य, उप-प्राचार्य एवं शिक्षक शामिल हुए।

सीबीएसई के निदेशक-प्रशिक्षण श्री मनोज श्रीवास्तव ने संदेश भेजा जिसमें उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को एक प्रभावशाली शिक्षण के लिए आवश्यक तकनीकों और प्रशिक्षण कौशल से सशक्त बनाना है जो उन्हें एनईपी 2020 में बताए गए 50 घंटे के सीपीडी के लिए दूसरों को सशक्त बनाने में मदद करेगा।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सीबीएसई के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को प्रभावी शिक्षण और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रशिक्षण कौशल को निखारने में मदद मिली।

## झारखण्ड युवा सदन द यूथ असेंबली 4.0 का सफलतापूर्वक समापन

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : झारखण्ड युवा सदन (नीती व अनुसंधान थिंक टैंक) नामक संस्थान के फ्लैगशिप इवेंट "झारखंड युवा सदन द यूथ असेंबली 4.0 , 2024" का समापन 29 सितंबर रविवार को सफलतापूर्वक किया गया।

यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 27- 29 सितंबर, रांची स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था।

27 सितंबर को कार्यक्रम का उद्घाटन श्री जितेन्द्र सिंह (आईएएस उद्योग सचिव) और श्री मुकेश कुमार (आईएएस श्रम सचिव) द्वारा किया गया।

28 सितंबर को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुखदेव भगत (लोहरदगा सांसद) उपस्थित रहे।

29 सितंबर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री सुबोधकांत सहाय जी (पूर्व रांची सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री) उपस्थित रहे।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में संविधान के कार्यशैली के प्रति पूरे झारखंड से चयनित होकर आए 130 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

यह कार्यक्रम झारखंड का सबसे बड़ा "युवा संसद कार्यक्रम हैं, जिसमे शीर्ष पांच विजेता रहे - आकाश कुमार, नेहा शर्मा, साक्षी शर्मा, आयिशा फातिमा एवं प्रणव राम तिवारी।

इसमें विजेताओं को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट के साथ नकद इनाम से भी सम्मानित किया गया। प्रथम को 25,000 ; द्वितीय को 15000; तृतिय को 10,000; चतुर्थ को 7,500 और पांचवे विजेयता को 5,000 रुपए दिए गए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सीएचओ अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे लोगो से मिलें धर्मेंद्र तिवारी

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने 14 दिनों से धरने पर नेपाल हाउस डोरंडा गेट के बाहर झारखंड के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सीएचओ अपनी मांगों और समस्याओं के समाधान हेतु बैठे हैं की विभाग/ सरकार उनके निम्न मांगों पर विचार करें. श्री तिवारी को देखकर युवा युवती सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी मैं खुशी की लहर दौडी की 14 दिनों में कोई भी सरकार का अधिकारी पदाधिकारी या विपक्ष के लोग या कोई राजनीतिक दल के लोग मिलने तक नहीं आए। हमारी समस्याओं को नहीं जाने। सीएचओ विगत 5 वर्षों से अधिक राज्य के गांव गांव में अपनी सेवा दे रहे हैं। तिवारी में कहां की ज्ञात हो इस राज्य के अधिकारी पदाधिकारी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं रोजगार का सृजन करते हैं लेकिन अंदर जाएंगे तो कुछ और देखने को मिलेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी संविदा पर कार्य करते हैं जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवा दे रहे हैं 25000 रुपए मासिक वेतन के तौर पर प्रति माह भुगतानहोता है। उनकी मांग है सीएचओ का कैडर बनाकर ग्रेड पे देकर के नियमित किया जाए । भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार सीएचओ को 25000 वेतन के अलावे 15000 प्रोत्साहन



राशि के रूप में मिलता है। पर इनको अलग कार्य में लगाने से यह राशि नहीं मिल पाती। 15 तरह के कार्य में यदि यह लगते हैं जो चिन्हित किया गया है। तभी यह 15000 राशि प्रोत्साहन के रूप में मिलती है। लेकिन विभाग में इतना भ्रष्टाचार है की 6 महीने बाद जब प्रोत्साहन राशि लेने जाते हैं तो विभाग के पदाधिकारी प्रति माह 5000 की दर से रिश्वत के तौर पर मांग करते हैं तभी बिल को पास करते हैं इस तरह के भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगेगा तो यह प्रोत्साहन की राशि का यही खेल होता रहेगा । ऐसे कारनामे से ही स्वास्थ्य विभाग अस्वस्थ हो गया है। इसलिए इस राशि को भी वेतन में मर्ज कर दिया जाए और वेतनमान निश्चित किया जाए। ऊपर युक्त इन्ही मांगों को लेकर 14 दिनों से धरने पर बैठे सरकार को इन पर विचार करके जल्द मांगों पर निर्णय करना चाहिए। समस्याओं का समाधान होना चाहिए ।ताकि यह गांव में लौटकर और गांव के लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान कर सके। इनको जिस कार्य के लिए नियुक्त किए गए हैं उसी कार्य में इनको लगाया जाए। अलग कार्यों में नहीं ना लगाया जाए ताकि जनता को प्रदेश में परेशानी ना हो क्योंकि गांव से ही हम शहर की ओर निकले हैं शहर में सब सुविधा है गांव में सुविधा इन्हीं के हाथों में है चाहे वह गांव में स्वच्छता की बात हो, टीवी मरीज की जांच हो, गर्भवती महिला की जांच हो, बच्चों का टीकाकरण हो ओपीडी हो या और भी जांच सब इन्हीं के अधीन है। उनकी सेवा नियमित हो इसलिए उनकी मांगों पर विचार सरकार को विभाग को जल्द निर्णय लेना चाहिए.

# स्वतंत्रता की शताब्दी आज के युवा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे – डॉ जितेंद्र सिंह

### आज के युवा कल के भारत के भविष्य हैं- डॉ अजीत कुमार सिन्हा

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : राँची विश्वविद्यालय, माई भारत एवं एन एस एस के संयुक्त तत्वावधान में " विकसित भारत- अम्बेसडर युवा कनेक्ट" का आयोजन आर यू के आर्यभट्ट सभागार में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ टी आर एल विभाग के छात्र - छात्राओं द्वारा झारखंडी संस्कृति के स्वागत, विकसित भारत निर्माण का गुब्बारा एवं एक पेड़ माँ के नाम कल्पतरु का पौधा मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह एवं कुलपति द्वारा करके किया गया।

### आर्यभट्ट सभागार में मंत्री महोदय का स्वागत कुलपति द्वारा किया गया



युवाओं को संबोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान ) डॉ जीतेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता शताब्दी में आज के युवा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे । उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल को निराशावाद से आशावाद तक कि यात्रा की शुरुआत बताते हुए सरकार द्वारा लिए गए जरूरी निर्णयों के विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भारत के नेतृत्व में अतीत की वर्जनाओं को तोड़ने की क्षमता के साथ ही साथ आज का भारत विश्व की पाँचवी अर्थव्यवस्था है जो कि 6.7% के वार्षिक से बढ़ते हुए 2047 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई के पिछले10वर्षों के कार्यकाल में खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए विकास का उल्लेख किया एवं 2014 से2024 में भारत के द्वारा अपनाए गए सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन और सूचना के दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कैशलेस अर्थव्यवस्था, खादी के निर्यात, उज्ज्वला योजना, स्टार्टअप में हुई वृद्धि , सांस्कृतिक पुनरुत्थान आदि का उल्लेख किया।

कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि आज के युवा कल के भारत के भविष्य के साथ देश जे नेतृत्व करने वाले हैं।उन्होंने विकसित भारत के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा भारत युवाओं का देश है एवं प्रत्येक युवा भविष्य के भारत के निर्माण में बहुमूल्य योगदान देंगे।

युवा संवाद के अंतर्गत आस्थादीप, रवि कुमार, नैन्सी कुमारी, कुमार शौर्य खलखो, स्मृति रानी, कनिष्क कुमार सहित कई युवाओं ने विकसित भारत के संबंध में मंत्री महोदय से प्रश्न किया जिनका मंत्री महोदय ने जवाब देकर संतुष्ट किया।

आज के कार्यक्रम को युवाकार्य मंत्रालय के अवर सचिव राजीव कुमार, एन वाई के एस के राज्य निदेशक श्रीमती ललिता कुमारी ने भी सम्बोधित किया।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह एवं कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार के उपलब्धियों को देखकर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन आरयू के आई क्वि ए सी के समन्वयक डॉ बी के सिन्हा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन एन वाई के एस के जिला युवा अधिकारी रौशन कुमार ने किया।

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश रजक, डॉ चंचल लकड़ा, डॉ किशोर सुरीन , डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ जयनारायण महतो सहित एन एस एस के टीम लीडर्स क्रमशः दिवाकर, पुरुषोत्तम, रवि, रिकेष, आकाश, कनिष्क, सुरभि, दीक्षा, अंगिता, रुक्मिणी,नवीन ,संकल्प आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।